सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:28
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 22.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-288 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 13 अप्रैल 2025
14 शव्वाल 1446 हिजरी

# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com



# मुर्शिदाबाद में हो केंद्रीय बलों की तैनाती : कोलकाता हाईकोर्ट

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के संकटग्रस्त मुर्शिदाबाद जिले में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने में राज्य प्रशासन की सहायता के लिए केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति राजा बसु चौधरी की अध्यक्षता वाली एक विशेष खंडपीठ ने दोनों वकीलों की दलीलें सुनने के बाद आम लोगों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती का आदेश दिया। विपक्ष के नेता व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक सुवेंदु अधिकारी ने मुर्शिदाबाद और अन्य जगहों पर भड़की हिंसा के मद्देनजर तत्काल सुनवाई के लिए मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगनम के समक्ष याचिका दायर की थी। मामले को न्यायमूर्ति सौमेन सेन की खंडपीठ को भेज दिया गया। अधिकारी की ओर से अधिवक्ता तरुणज्योति तिवारी और राज्य की ओर से तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी पेश हुए। संसद के दोनों सदनों में वक्फ (संशोधन) अधिनियम पारित होने के बाद आठ अप्रैल से चल रही हिंसा में शुक्रवार शाम से तीन लोगों की मौत हो गई।



### वक्फ को लेकर हुई हिंसा में पिता-पुत्र की मौत

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ जारी प्रदर्शन से कथित रूप से जुड़ी हिंसक झड़पों में दो लोगों की मौत हो गई। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बता दें कि हिंसा के बाद मुर्शिदाबाद बाद में धारा 163 लागू है, इंटररनेट बंद है।

## घुसपैठ करने वालों की खैर नहीं

### पाकिस्तान की सीमा पर शुरू हुई स्मार्ट फेंसिंग

**जयपुर।** भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे राजस्थान के 1070 किलोमीटर लंबे क्षेत्र में अब घुसपैठ आसान नहीं होगी। अंतरराष्ट्रीय सीमा को अब स्मार्ट फेंसिंग से सील करने का काम शुरू हो गया है। कंटीली तारबंदी के साथ स्मार्ट फेंसिंग लगाई जा रही है। फेंसिंग में सेंसर लगे हुए हैं, जिससे उसके करीब आते ही अलार्म बज जाएगा और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान सक्रिय हो जाएंगे। पाकिस्तान सीमा से सटे श्रीगंगानगर से तारबंदी के साथ स्मार्ट फेंसिंग का काम शुरू हुआ है। कैलाश और शेरपुर सीमा चौकियां के बीच 11 किलोमीटर लंबी स्मार्ट फेंसिंग लगाने का काम पूरा हो गया है। जीरो लाइन से करीब 150 मीटर दूरी पर रेत के बजाय पत्थर के फाउंडेशन पर प्लास्टिक कोटेड तारों की दीवार खड़ी की गई है। इसे कोबरा वायर, सेंसर और सीसीटीवी कैमरों से चाक चौबंद किया गया है।

# राष्ट्रपति को गवर्नरों के बिल पर तीन महीने में फैसला लेना होगा

- राज्यपाल के बाद राष्ट्रपति पर भी सुप्रीम कोर्ट सख्त
- देरी होने पर इसके उचित कारण रिकार्ड कर संबंधित राज्य को बताने होंगे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक फैसले में पहली बार राष्ट्रपति के विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए समय सीमा तय कर दी है। कहा है कि राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति को विचार के लिए भेजे गए विधेयकों पर राष्ट्रपति को तीन महीने में निर्णय लेना होगा। अगर इसमें कोई देरी होती है और राष्ट्रपति तय समय में निर्णय नहीं लेते तो इसका उचित कारण रिकार्ड किया जाएगा और संबंधित राज्य को बताया जाएगा। बिल को अनिश्चितकाल के लिए दबाकर बैठ जाने पर सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि अनुच्छेद 201 में राष्ट्रपति के पास कोई पाकेट वीटो या पूर्ण वीटो नहीं है। अनुच्छेद 201 में शैल डिक्लेयर शब्द का इस्तेमाल किया गया है, जिसका मतलब है कि दो में से एक विकल्प को उन्हें चुनना होगा। या तो वह विधेयक को मंजूरी दें या फिर उस पर मंजूरी रोक लें। यह ऐतिहासिक व्यवस्था न्यायमूर्ति जेबी पार्डीवाला और आर महादेवन की पीठ ने आठ अप्रैल को तमिलनाडु सरकार की याचिका पर दिए फैसले में दी है। तमिलनाडु सरकार ने राज्यपाल आरएन रवि द्वारा लंबे समय तक 10 विधेयकों को दबा कर बैठे रहने और विधानसभा द्वारा उन विधेयकों को दोबारा पारित कर भेजे जाने पर राष्ट्रपति के विचारार्थ भेजने का मुद्दा उठाया था। सुप्रीम कोर्ट ने 414 पृष्ठ के फैसले में राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए व्यवस्था तय की है। यह फैसला शुक्रवार की देर रात सुप्रीम कोर्ट वेबसाइट पर अपलोड हुआ है।

विधेयकों को राज्यपाल और राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बगैर कोर्ट के आदेश से कानून की हैसियत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने विधेयकों को सीधे मंजूरी का फैसला संविधान के अनुच्छेद 142 में प्राप्त विशेष शक्तियों के तहत किया है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में राज्य विधानसभा से पारित विधेयकों को राज्यपाल द्वारा विचार के लिए राष्ट्रपति को भेजे जाने और राष्ट्रपति को अनुच्छेद 201 में मंजूरी देने की प्राप्त शक्तियों की विस्तृत व्याख्या की है। कोर्ट ने कहा है कि वैसे तो संविधान के अनुच्छेद 201 में राष्ट्रपति के निर्णय लेने के लिए कोई समय सीमा तय नहीं है, लेकिन फिर भी उन्हें तर्कसंगत समय में निर्णय लेना चाहिए।



### राज्यपाल का कार्यालय लोकतांत्रिक परंपराओं के तहत करे काम



सवैधानिक योजना सवैधानिक अथारिटी को अपनी शक्तियों का मनमाने ढंग से इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं देती। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले में विधेयकों पर सहमति के बारे में राज्यपाल और राष्ट्रपति को समय सीमा के दायरे में बांध दिया है। यदि राष्ट्रपति सहमति देने में देरी करते हैं, तो संबंधित राज्य सुप्रीम कोर्ट आ सकता है। राज्यपाल के कार्यालय को लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुसार काम करना चाहिए। फैसले में कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा रोक कर रखे गए 10 विधेयकों को राज्यपाल के समक्ष दोबारा विचार के लिए भेजने की तिथि से मंजूर घोषित किया है। यह पहला मौका है जब सर्वोच्च अदालत ने सीधे विधेयकों को मंजूर घोषित किया है।

## यूपीआई सेवा ठप

**नई दिल्ली।** देशभर में लाखों डिजिटल लेनदेन करने वाले उपभोक्ताओं को शनिवार को उस समय परेशानी का सामना करना पड़ा जब एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) सेवाएं रुक-रुक कर बाधित रहीं। कई उपयोगकर्ताओं ने शिकायत की कि उनका लेनदेन फेल हो रहा है और उन्हें बैंक नेटवर्क डाउन जैसे त्रुटि संदेश दिखाई दे रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने इस समस्या की पुष्टि करते हुए कहा अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा, एनपीसीआई वर्तमान में तकनीकी दिक्कतों से जूझ रहा है, जिससे कुछ उपयोगकर्ताओं को यूपीआई लेनदेन में परेशानी हो रही है। हम इसे जल्द सुलझाने की दिशा में काम कर रहे हैं। हुई असुविधा के लिए हमें खेद है। वहीं देशभर में व्हाट्सएप यूज करने में समस्या का सामना करना पड़ा। तमाम यूजर्स को मैसेज भेजने और स्टेटस अपलोड करने में परेशानी आई।

# रुपयों के बंटवारे की लड़ाई में फंसे हैं आईएएस : अखिलेश

- यह कोई सेना नहीं, बल्कि भाजपा के लोग, करणी सेना की हिटलर की सेना से की तुलना

**इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महेवा में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के अनावरण के दौरान जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए एक आईएएस अधिकारी को पुलिस और सरकार तलाश नहीं पा रही, जबकि वह मुख्यमंत्री आवास पर ही मौजूद हैं। अखिलेश ने आरोप लगाया कि यह आईएएस रुपये के बंटवारे की लड़ाई में फंसा है। अखिलेश यादव ने करणी सेना की तुलना हिटलर की सेना से करते हुए कहा कि यह कोई सेना नहीं, बल्कि भाजपा के लोग हैं। उन्होंने दावा किया कि इनकी जांच की जाए तो सभी भाजपा से जुड़े निकलेंगे। सपा मुखिया ने कहा कि इतिहास में सबसे भ्रष्ट सरकार भाजपा की है और यूपी के मुख्यमंत्री अपने आप स्टांप लगाकर योगी बन गए हैं। सपा मुखिया ने कहा कि भाजपा पीडीए से डरी है। कहा कि बाबा साहब की प्रतिमा के बगल में स्थित पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया है। इससे भाजपा के लोगों को सीखने की जरूरत है। संविधान सबके लिए है। भाजपा के लोग जितना बाबा साहब की शरण में जाएंगे देश उतना ही मजबूत दिखाई देगा। पीडीए के डर से समाजवादियों के बाद भाजपा वाले कार्यक्रम कर रहे हैं, जो गलतियां भाजपा ने की हैं उसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए।






## पूर्व राज्यपाल स्व. लालजी टंडन की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज यहां बिहार एवं मध्य प्रदेश के पूर्व राज्यपाल तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री स्व. श्री लालजी टण्डन की 90वीं जयन्ती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि स्व0 श्री लालजी टण्डन जीवन भर राष्ट्रवाद के मूल्यों का अनुसरण करते हुए अपने कर्तव्यों का लगातार निष्ठापूर्वक निर्वहन करते रहे। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व हम सभी को आज भी प्रेरणा प्रदान कर रहा है। जब भी व्यक्ति मूल्यों, आदर्शों और मर्यादाओं का पालन करते हुए आगे बढ़ता है, तो उसे शिखर तक पहुंचने में अधिक देर नहीं लगती। स्व0 श्री टण्डन के व्यक्तित्व व कृतित्व में यह परिलक्षित होता है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि स्व0 श्री टण्डन ने प्रदेश व देश की राजनीति में लगभग 07 दशक तक अपनी एक मजबूत पहचान बनाए रखी। लखनऊ में एक सामान्य कार्यकर्ता, स्वयंसेवक, लखनऊ नगर पालिका परिषद व लखनऊ नगर निगम के पार्षद, विधान परिषद सदस्य, विधायक, प्रदेश सरकार के मंत्री तथा लखनऊ के लोकप्रिय सांसद के रूप में उनकी सार्वजनिक छवि, आम जनमानस के साथ उनके संवाद तथा हर एक व्यक्ति के सुख-दुःख में सहभागी बनने के उनके जज्बे को सभी ने देखा है।



# फोन और लैपटॉप को नए टैरिफ में छूट

### ट्रंप का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया भर के कई देशों पर पारस्परिक टैरिफ लगाने का एलान कर चुके हैं। उन्होंने नए टैरिफ व्यवस्था में को लागू भी किया था। हालांकि, बाद में इस फैसले पर 90 दिनों की रोक लगा दी। वर्तमान में केवल चीन पर नई टैरिफ व्यवस्था लागू है।

अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नया फैसला लिया है। जानकारी के अनुसार, ट्रंप प्रशासन ने स्मार्टफोन, कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स को पारस्परिक टैरिफ से बाहर रखने की योजना बनाई है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार देर रात इस फैसले की घोषणा की गई। बताया गया कि ये फैसला एपल और सैमसंग जैसी बड़ी टेक कंपनियों की चिंताओं के बाद लिया गया है। कंपनियों ने अमेरिका द्वारा लगाए जा रहे नए टैरिफ को लेकर चिंता जाहिर की थी। कंपनियों ने कहा था कि टैरिफ के कारण वैश्विक बाजार में उनके प्रोडक्ट की कीमतों अचानक बढ़ सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इन कंपनियों के कई प्रोडक्ट चीन में बनते हैं। अमेरिका की ओर से जारी नए आदेश के अनुसार, विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरण इस छूट में शामिल हैं।



# मणिपुर में कानून-व्यवस्था में हुआ सुधार, जल्द ही बनेगी नई सरकार

- भाजपा विधायक ने किया बड़ा दावा
- हमें अपना नेता चुनने में कोई मतभेद नहीं

**इंफाल।** मणिपुर के एक भाजपा विधायक ने शनिवार को दावा किया कि राज्य में कानून-व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है और उम्मीद जताई कि जल्द ही नई सरकार बनेगी।

भाजपा विधायक टी. रोबिन्द्रो ने कहा कि मैतेई और कुकी नागरिक समूहों के बीच शांति वार्ता भी शुरू हो गई है। काकचिंग जिले में पत्रकारों से बातचीत करते हुए टी. रोबिन्द्रो ने कहा कि, कानून-व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। हमें पूरा विश्वास है कि केंद्र जल्द से जल्द नई सरकार का गठन करेगा। मैतेई और कुकी समूहों के बीच शांति वार्ता शुरू हो गई है। हमारा मानना है कि शांति लाने में सहायता के लिए निकट भविष्य में मैतेई और कुकी विधायकों के बीच बातचीत होगी। मुझे विश्वास है कि जल्द ही नई सरकार बनेगी। थंगा निर्वाचन क्षेत्र के विधायक टी. रोबिन्द्रो ने कहा हमारे (भाजपा विधायकों) बीच नेता चुनने में कोई असमर्थता या मतभेद नहीं है। हम सभी एकजुट हैं। हम मणिपुर का विभाजन नहीं होने देंगे और सभी राज्य के लिए एकजुट रहेंगे। बता दें कि, मई 2023 में इंफाल घाटी में मौजूद मैतेई और पड़ोसी पहाड़ी आधारित कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 260 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने की मांग पर मणिपुर उच्च न्यायालय के आदेश के विरोध में पहाड़ी जिलों में आयोजित आदिवासी एकजुटता मार्च के बाद झड़पें शुरू हुई। वहीं इस विवाद के करीब एक साल बाद मणिपुर में तत्कालीन मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के 9 फरवरी 2025 को इस्तीफा देने के बाद 13 फरवरी 2025 को राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था। मणिपुर राज्य विधानसभा, जिसका कार्यकाल 2027 तक है, को निलंबित कर दिया गया है।



जय भीम    जय भारत    नमो बुद्धाय



-: डा. भीमराव अम्बेडकर जी के उद्गार :-



शिक्षा वह शेरनी का दूध है,
जो जितना पियेगा, वो उतना ही दहाड़गा।
तुम्हारे पैरों मे जूते भले ही ना हो,
पर तुम्हारे हाथों में किताब जरूर होनी चाहिए।।
ज्ञान धन से उत्तम है क्योंकि धन की तुमको रक्षा करनी पडती है,
पर ज्ञान तुम्हारी रक्षा करता है।
घृणा को घृणा से खत्म नही किया जा सकता है,
बल्कि इसे प्रेम से ही खत्म किया जा सकता है।

डा. भीमराव अम्बेडकर जी की 135 वीं जन्मोत्सव पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

सबका मंगल हो, सभी सुखी रहे।

(स्नेहलता) प्रधान    (रामवीर सिंह) सचिव

सौजन्य से:- ग्राम पंचायत-अडींग, विकास खण्ड-गोवर्धन जिला-मथुरा।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर उ.प्र. पुलिस अकादमी, मुरादाबाद में प्रशिक्षणरत ष्४स्क्९1 वॉ. बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों का आगरा भ्रमण कार्यक्रम

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर उत्तर प्रदेश पुलिस अकादमी, द्वारा प्रशिक्षु अधिकारियों को विश्व प्रसिद्ध ताजमहल का भ्रमण कराया गया तथा इसकी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक धरोहर एवं सुरक्षा नियंत्रण तंत्र, तकनीकी एवं नवाचार कार्यों और जन केंद्रित पुलिसिंग व्यवस्था की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।



मुरादाबाद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 91वें बैच के ष्४स्क्ष प्रशिक्षु अधिकारियों के आगरा भ्रमण कार्यक्रम के दौरान शनिवार को अपर पुलिस उपायुक्त, प्रोटोकॉल व्यवस्था की जानकारी प्रदान की गयी।

तदोपरान्त प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा थाना जगदीशपुरा का भ्रमण कर थाने की कार्यप्रणाली, अपराध

तत्पश्चात प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा पुलिस लाइन्स स्थित आदेश कक्ष, पुलिस मेस, परिवार परामर्श केंद्र एवं साइबर थाने का भ्रमण किया अपर पुलिस उपायुक्त, प्रोटोकॉल द्वारा संबंधित इकाइयों की कार्यप्रणाली एवं नवीनतम तकनीकों का प्रत्यक्ष अध्ययन किया गया।

तदोपरान्त पुलिस आयुक्त, आगरा द्वारा आयोजित गोष्ठी में प्रशिक्षु अधिकारियों को वीडियो प्रजेंटेशन के माध्यम से कमिश्नरेट आगरा की कार्यप्रणाली, नवाचारों एवं जनहित में संचालित अभियानों की जानकारी प्रदान की गई एवं कमिश्नरेट व्यवस्था लागू होने के बाद कमिश्नरेट आगरा में किये गये नवाचारी कार्यों, इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं अन्य जन केन्द्रित कार्यों की जानकारी प्रदान की गयी।

तत्पश्चात अपर पुलिस उपायुक्त, प्रोटोकॉल द्वारा प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ सभागार में संवाद सत्र आयोजित कमिश्नरेट आगरा की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी एवं विभिन्न अभियानों के बारें में प्रशिक्षु अधिकारियों को अवगत कराते हुए वीडियो प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी प्रदान की गयी।

# मुख्य सचिव के समक्ष रखी जायेगी उद्यमियों की विभिन्न समस्याएंः अग्रवाल

**सहारनपुर।** प्लाइवुड मैन्युफैक्चर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव कल (आज) सहारनपुर में समाधान दिवस में पहुंचेगे। जिनके समक्ष प्रदेश की प्लाईवुड व अन्य औद्योगिक इकाईयों की समस्याओं को रखकर उनका समाधान कराने का प्रयास किया जायेगा।

प्लाइवुड मैन्युफैक्चर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक अग्रवाल आज यहां पेपर मिल रोड स्थित आईआईटी रूड़की कैंपस में पत्रकारों के साथ वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सहारनपुर मंडल एवं निकटतम जिलों के उद्यमी किसानो की आय बढ़ाने में लकड़ी (पेड़ो) के लगाने व कृषि व काष्ठ आधारित उद्योग, कृषि उपज के अवशेष से ऊर्जा व गैस उत्पादन, क्षेत्र के उत्पादो के निर्यात प्रोत्साहन आदि व अन्य विकास की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की जायेगी, जिससे अन्य नई औद्योगिक इकाइयों के विकसित होने की संभावनाएं बढ़ेगी व अन्य प्रदेशों से आये उद्यमियों के लिए उप्र में अपनी इकाइयां स्थापित करने हेतु प्रोत्साहन मिलेगा व अन्य विकास की संभावनाएं बढ़ेगी। एक सवाल के जवाब में श्री अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में सहारनपुर जिले व आस-पास के जिलो जैसे मुजफ्फरनगर, शामली, हापुड, मेरठ, बिजनौर, बागपत, बडौत, आदि के अलावा अन्य राज्यों जैसे हरियाणा, उत्तराखण्ड, हिमाचल, पंजाब, दिल्ली के उद्यमी भी आयेंगे। वार्ता के दौरान आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सुनेजा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद मिगलानी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव अरोड़ा, राष्ट्रीय सचिव प्रमोद सड़ना, चैप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना, चैप्टर सचिव ऋषभ अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष स.हरजीत सिंह, कोषाध्यक्ष अनुज कुमार जैन, विशेष आमंत्रित सदस्य आरके धवन, राकेश गाँधी, एफएसएसएआई वर्किंग ग्रुप चेयरमैन संजय बंजाज, पिलखनी औद्योगिक क्षेत्र कंवीनर शिवम गोयल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# अज्ञात युवक का शव मिलने से फैली सनसनी



**सहारनपुर।** थाना चिलकाना क्षेत्रान्तर्गत बड़गांव के जंगल में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार बीती देर शाम चिलकाना क्षेत्र के गांव बडगांव निवासी कुछ महिलाए खेत पर पशुओं के लिए चारा काट रही थी। इस दौरान उनकी नजर गेहूं के खेत में पडे अज्ञात व्यक्ति के शव पर पडी। खेत स्वामी ने थाना चिलकाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर उसकी शिनाख्त करानी चाही, लेकिन मृतक के बारे में कोई जानकारी नही प्राप्त हो सकी। चिलकाना थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल देव ने बताया कि शव सड़ा गला हुआ है, जिससे लगता है कि युवक की मौत कई दिन पहले हुई है। फोरेंसिक जांच के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# स्पिक मैके कार्यशाला में बच्चों ने सीखी संगीत की बारीकियां



**सहारनपुर।** स्पिक मैके के तत्वावधान में आयोजित ध्रूपद गायन की प्रस्तुति मे सोमबाला कुमार ने राग विभास मे 'नर हर नारायण' और सूलताल मे 'शंभु महादेव शंभु' बंदिश प्रस्तुत की। जिन्हें कला प्रेमियों द्वारा सराहा गया। स्माल वंडर्स स्कूल में स्पीक मैके द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सोमबाला ने बच्चों को सरगम सिखाते हुए ध्रूपद संगीत की बारीकियों से अवगत कराया। प्रधानाचार्य सविता मखीजा ने कहा कि स्पिक मैके युवाओ मे भारतीय संस्कृति एवम कला के बीज बो रहा है। सोमबाला के साथ पृथ्वीराज कुमार ने पखावज पर संगत की। बच्चो ने पखावज के प्रति भी उत्सुकता दिखाई। पृथ्वीराज ने बच्चो को पखावज बजाना भी सिखाया। स्पिक मैके समव्यक शैफाली मलहोत्रा ने बताया कि सोमबाला कुमार एवं पृथ्वीराज सहारनपुर मे कुछ दिन रहकर युवाओ को ध्रूपद एवं पखावज की शिक्षा भी देंगे।

# बैंडबाजों के साथ निकाली बाला जी महाराजा की शोभा यात्रा



**सहारनपुर।** श्री सर्वगुण सम्पन्न कष्ट निवारण बालाजी धाम में बालाजी जयंती के अवसर पर बैंड बाजो के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गयी।

न्यू ब्रहमपुरी कालोनी स्थित बाला जी धाम से शोभा यात्रा का शुभारंभ नगर विधायक राजीव गुम्बर, मेयर डॉ.अजय कुमार सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, पार्षद मोहर सिंह, पार्षद सुलेख चन्द, कांग्रेस नेता अशोक सैनी ने किया। शोभा यात्रा में सबसे पहले राम दरबार, राधा कृष्णा की झांकी सजी थी, उसके बाद बालाजी महाराज का रथ भजनों का गुणगान करता हुआ चल रहा था। शोभयात्रा मंदिर से चलकर दिल्ली रोड, कोर्ट रोड होते हकीकत नगर, आवास विकास, पंत विहार से वापस मंदिर पर पहुंची। रास्ते में भाजपा के पूर्व सांसद राघव लखन पाल शर्मा ने भी शोभा यात्रा का स्वागत किया। शोभा यात्रा में पंडित केदार प्रसाद भारद्वाज, अर्चना भारद्वाज, कृष्णा भारद्वाज, सेवाराम शर्मा, अश्वनी गोयल, रवि प्रकाश, गुलशन चावला, डॉ.जगपाल, रोहित फुटेला, बिंदु अरोड़ा, सुशील पाहुजा, बबली पसरीचा, सत्यपाल रोहिल्ला, अजय मेहरा, सुरेंद्र सैनी, अनिल सैनी, भोपाल सैनी आदि सैकड़ो भक्त उपस्थित रहे।

# करणी सेना का रक्त स्वाभिमान सम्मेलनः हाईवे जाम किया, हजारों कार्यकर्ता बेकाबू

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा में शनिवार को राणा सांगा की जयंती के मौके पर करणी सेना और अन्य राजपूत संगठनों ने विशाल प्रदर्शन किया। गढ़ी रामी में आयोजित 'रक्त स्वाभिमान सम्मेलन' में एक लाख से अधिक लोग जुटे। प्रदर्शनकारियों के हाथों में तलवारें, लाठी और डंडे थे, और सड़कों पर जोरदार नारेबाजी गूंज रही थी। यह प्रदर्शन समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के राणा सांगा पर दिए गए विवादित बयान के विरोध में था। आगरा की सड़कों पर हजारों की संख्या में राजपूत समाज के लोग उतरे, जो न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि हरियाणा, राजस्थान और गुजरात से भी आए थे। 50 बीघे के पंडाल में आयोजित इस सम्मेलन में प्रदर्शनकारी राणा सांगा की जयंती मना रहे थे, लेकिन उनका मुख्य लक्ष्य सांसद सुमन से माफी मंगवाना था। करणी सेना ने दावा किया कि उनका प्रदर्शन शांतिपूर्ण है, लेकिन उन्होंने इस 'शांति' की समय-सीमा



शाम 5 बजे तक तय की थी।

नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया। कुबेरपुर से लेकर आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर 5 बजे बाद लंबी कतार में वाहन दिखाई दिए। पुलिस को पहले से इस विशाल भीड़ की जानकारी थी, इसलिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस मौके पर करीब 4000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए, जबकि 3000 जवान बैकअप में रखे गए। प्रदर्शन स्थल पर ड्रोन से निगरानी की जा रही थी, और 500 जगहों पर बैरिकेडिंग की गई थी। सपा सांसद रामजीलाल सुमन के घर को छावनी में बदल दिया गया, जहां 1000 पुलिसकर्मी तैनात थे और एक किलोमीटर का इलाका पूरी तरह सील कर दिया गया। जगह-जगह पुलिस का फ्लैग मार्च भी जारी रहा।

प्रदर्शन के दौरान माहौल तब तनावपूर्ण हो गया, जब पुलिसकर्मी सभा स्थल पर पहुंचे। इसे देखकर करणी सेना के कार्यकर्ता भड़क गए और उन्होंने पुलिस को घेर लिया। कुछ कार्यकर्ताओं ने तलवारें और डंडे लहराए, जिसके बाद हालात बिगड़ने की आशंका बढ़ गई। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस को आयोजन स्थल से पीछे हटना पड़ा। हालांकि, इसके बावजूद प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और न तो कहीं लाठी-डंडे चले, न ही कोई बड़ा हंगामा हुआ। एक तरफ जहां करणी सेना पीछे हटने को तैयार नहीं है, तो दूसरी तरफ सुमन भी माफी मांगने के मूड में नहीं दिख रहे। इस तनातनी के बीच सबसे बड़ा इम्तिहान उत्तर प्रदेश पुलिस का है, जो स्थिति को नियंत्रित करने की हरसंभव कोशिश कर रही है। आगरा में आज का यह प्रदर्शन भले ही शांतिपूर्ण रहा, लेकिन करणी सेना की चेतावनी और सुमन के अडिग रुख ने माहौल को गर्म रखा है। ख़बर लिखे जाने तक प्रर्दशन जारी रहा।

# उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या 16 अप्रैल को करेंगी जनसुनवाई

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीडन की रोकथाम एवं पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक-आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से 16 अप्रैल को सर्किट हाउस सभागार में आयोग की सदस्या श्रीमती संगीता जैन द्वारा महिला जनसुनवाई की जाएगी।

जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक कुमार पाण्डेय ने अवगत कराया कि जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से सम्बन्धित शिकायतें जो महिलाओं द्वारा की जाती है, जिसके निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों का होना आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अनुरोध करते हुए कहा कि अपने-अपने विभाग द्वारा महिलाओं हेतु संचालित योजनाओं की सूचनाओं के साथ समीक्षा बैठक में स्वयं प्रतिभाग करने का कष्ट करें ।

# शराब का ठेका हटाने की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों ने दिया धरना




*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** विकासखंड मुजफ्फराबाद क्षेत्र के ग्राम नौरंगपुर की महिलाओं ने अपने गांव में आबादी के समीप खुले देशी व अंग्रेजी शराब के ठेके के विरोध में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रही महिलाओं को आबकारी अधिकारी सहित पुलिस ने समझाने की बहुत कोशिश की, लेकिन उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कह दिया कि अगर यहां से ठेका नहीं हटा, तो इस आंदोलन को उग्र किया जाएगा।

धरने पर मौजूद महिलाओं का कहना था कि वह बीते कई दिनों से इस मुद्दे को लेकर प्रशासन से गुहार लगा कर थक चुकी है। विगत तीन अप्रैल को उन्होंने जिलाधिकारी एवं मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपा था। इसके अलावा एसडीएम बेहट और नायब तहसीलदार को भी ज्ञापन दे चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

महिलाओं का आरोप है कि शराब के ठेके की वजह से गांव का माहौल बिगड़ रहा है।

छोटे-छोटे बच्चे शराब की लत का शिकार हो रहे हैं। शरारती तत्वों द्वारा मंदिरों में शराब पीकर उपद्रव मचाया जा रहा है, मूर्तियों को क्षति पहुंचाई जा चुकी है और कई घरों की महिलाएं चूल्हा तक नहीं जला पा रही हैं।

# फौजी हत्याकांड का खुलासा, एक आरोपी भेजा जेल

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** कोतवाली रामपुर मनिहारान पुलिस ने फौजी की हत्या के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी की निशानदेही पर एक तमंचा व कारतूस बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

एसपी सिटी व्योम बिंदल ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि विगत् दस अप्रैल को वादी विनोद कुमार पुत्र कलीराम निवासी गांव मुण्डीखेड़ी कोतवाली रामपुर मनिहारान की तहरीर पर आरोपी देवेन्द्र पुत्र रकम सिंह निवासी मुण्डीखेड़ी थाना रामपुर मनिहारान के खिलाफ वादी के भतीजे विक्रान्त पंवार फौजी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में थाना रामपुर मनिहारान पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि विवेचना के दौरान नामजद आरोपी के साथी अंकुश पुत्र विजय पाल, सूरज उर्फ भूरा पुत्र स्व.राजपाल उर्फ राजू निवासीगण मुण्डीखेड़ी थाना रामपुर मनिहारान व



विशाल पुत्र ओम प्रकाश निवासी रांगड़ माजरा थाना छिछरौली जिला यमुनानगर के नाम प्रकाश में आये थे। एसपी सिटी श्री बिंदल ने बताया कि आज कोतवाली रामपुर मनिहारान पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार, निरीक्षक अमित सिंह व उपनिरीक्षक आशीष कुमार के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर बड़गांव रोड स्थित मुण्डीखेड़ी तिराहे से एक वांछित आरोपी अकुंश पुत्र विजयपाल को दबोचकर उसकी निशानदेही पर एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा व एक खोखा कारतूस बरामद कर लिये। एसपी सिटी श्री बिंदल ने बताया कि पूछताछ में दबोचे गये आरोपी अंकुश ने खुलासा किया कि वह 2020 में हमारे गांव के विक्रान्त फौजी व कपिल का झगड़ा हो गया था। उसी झगड़े के बारे में समझौते के लिए गांव में देवेंद्र के पास दोनों पक्ष इकट्ठा हुए थे। जिसमें विक्रान्त फौजी हमारे परिजन सूरज उर्फ भूरा फौजी के भाई रजत को भी अपने साथ फैसले में ले गया था। उसी दौरान सूरज फौजी के भाई रजत की हमारे गांव के देवेन्द्र व उसके साथियों ने चाकू मारकर घायल कर दिया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी थी, जिसमें देवेन्द्र व उसके साथी जेल चले गये थे। विक्रान्त फौजी उस मुकदमें का चश्मदीद गवाह था। कुछ समय पूर्व ही मुख्य आरोपी देवेन्द्र जेल से जमानत पर आया था तथा देवेन्द्र व विक्रान्त फौजी की नजदिकियां बढने लगी थी। जिसके चलते हमने विक्रान्त फौजी के छुट्टी से वापिस आने पर गोली मारकर हत्या कर दी थी तथा फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# केक काटकर मनाया श्री बालाजी महाराज का जन्मोत्सव

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** श्री बालाजी जन्मोत्सव महायज्ञ 2025 के उपलक्ष अधिष्ठाता प्रेरणा स्रोत स्वर्गीय पंडित वासुदेव शर्मा निर्मोही की प्रेरणा के साथ चल रहे श्री बालाजी जन्मोत्सव कार्यक्रम में आज प्रातःकाल श्री



में राष्ट्र कल्याण श्री विष्णु महायज्ञ को पूर्णाहुति के साथ विश्राम देते हुए राष्ट्र कल्याण मनोकामना पूर्ण अखंड श्री हनुमान चालीसा के 100 पाठ का अनुष्ठान को पूर्ण कर श्री बालाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर केक सेरेमनी का आयोजन भी किया गया और श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेक प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया।

मौहल्ला चौंतला स्थित सिद्धपीठ प्राचीन श्री बालाजी हनुमान मंदिर में श्री बालाजी आध्यात्मिक सत्संग मंडल साधक परिवार द्वारा मंदिर बालाजी महाराज को मंदिर अधिष्ठाता राकेश मोहन शर्मा, सुरेंद्र मोहन शर्मा, अजय शर्मा, विजय शर्मा ने संयुक्त रूप से श्री बालाजी महाराज को चोला अर्पण कर छप्पन भोग अर्पित किए और पंडित अजय किरण भागवताचार्य के सानिध्य में सभी देवी-देवताओं के वेदी पूजन के साथ श्री विष्णु महायज्ञ को पूर्णाहुति के साथ विश्राम दिया गया। श्री राम चरित्र मानस दैनिक सत्संग मंडल द्वारा राष्ट्र कल्याण मनोकामना पूर्ण अखंड श्री हनुमान चालीसा के 100 पाठों का अनुष्ठान संपन्न किए गए।

इस अवसर पर भजन उपदेशकों ने भजनों के माध्यम से श्री बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, पार्षद मुकेश गक्खड़, मयंक गोयल, मुकेश गोयल ने संयुक्त रूप से केक काटा और सभी श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन भी किया गया।

श्रद्धालुओं ने मत्था टेक श्री बालाजी महाराज का आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान पूर्व मंत्री संजय गर्ग, पवन गोयल, मुकेश चौरसिया, दिनेश गर्ग, राजेश मिगलानी, अजय वर्मा, विजय सिंगल, राकेश मित्तल, मुकेश मित्तल, विजय गर्ग, सतीश सिंगल, सुनील कुमार, आशू रोहिल्ला, प्रवीण अरोड़ा, राकेश सिंगल, संदीप सिंगल संजय भारद्वाज, दयाराम, बृजपाल, दिनेश गर्ग, विनय जिंदल, मानसिंह जैन, योगेश गोयल, नितिन शर्मा, अभिनव वशिष्ट, अक्षत वशिष्ठ, ललित अग्रवाल, दीपक अग्रवाल समेत आदि लोगों का विशेष योगदान रहा।

# अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक का किया आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** एसएएम इंटर कॉलेज सहारनपुर में आज अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कक्षाओं के लगभग 150 अभिभावकों ने भागीदारी की। कॉलेज में आयोजित बैठक का आयोजन सरकार की मंशा के अनुरूप प्रधानाचार्य डॉक्टर अजय कुमार गुप्ता और अभिभावक शिक्षक संघ प्रभारी मनोज कुमार काकरान के निर्देशन में आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के इस सत्र में कराए जाने वाले शैक्षिक उन्नयन कार्यक्रमों और विद्यालय में छात्र एवं छात्राओं की अधिक से अधिक उपस्थिति व अनुशासन के बारे में अभिभावकों को अवगत कराया गया। अभिभावकों के विचार भी इसकी प्रगति के लिए मांगे गए। प्रधानाचार्य डॉक्टर अजय कुमार गुप्ता ने छात्र हित व शिक्षण के विभिन्न आयोजन हेतु इस सत्र के विभिन्न कार्यक्रमों से अभिभावकों को अवगत कराते हुए कहा कि छात्रों के साथ शिक्षक और अभिभावक का एक संबंध है जो हम दोनों को साथ मिलकर अपने छात्रों की प्रगति के मार्ग को अग्रसर करने में मदद करता है। इस अवसर पर सुधीर कुमार शर्मा, एन सी सी अधिकारी ब्रिजेश पुंडीर, सत्येंद्र कुमार सिंह, नवीन गुलाटी, मुनीश कुमार गुप्ता, सुनील कुमार अरोड़ा, सुनील सिंह, अभिषेक तोमर व सभी शिक्षकों का योगदान रहा।

# तीन शातिर ठग दबोचे, लाखों की नगदी, आभूषण बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** कोतवाली नगर पुलिस ने तीन शातिर ठगो को दबोचकर कपड़ा व्यापारी के साथ हुयी ठगी की घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस ने दबोचे गये ठगो के कब्जे से लाखों रूपये की नगदी व लाखों रूपये कीमत के जेवरात, घटना में प्रयुक्त स्कूटी व थार गाड़ी बरामद उनका चालान काटकर जेल भेज दिया।

एसपी सिटी व्योम बिंदल ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया विगत् 11 अप्रैल को वादी मुकेश कुमार जैन पुत्र हरिचंद जैन निवासी मौ.संगियान थाना मण्डी की तहरीर पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धवल गारमेंटस की दुकान मौहल्ला शहीद गंज से वादी के साथ धोखाधड़ी करके असली गहने गिरवी रखने के बहाने 26 लाख 90 हजार रूपये ले जाने व असली गहने की पोटली के स्थान पर दूसरी नकली गहनो की पोटली रखकर ठगी कर ले जाने के संबंध में कोतवाली नगर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने



बताया कि आज कोतवाली नगर प्रभारी सुनील नागर, उपनिरीक्षक नरेश सिंह व रविन्द्र धामा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर जेल चुंगी के सामने ढमोला नदी के पुल से तीन शातिर ठगो अकरम पुत्र मुन्ना, कैफ पुत्र अकरम, शहजाद पुत्र तजम्मुल निवासीगण चिमन सराय शंकर चौराहा थाना कोतवाली नगर जनपद संभल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों के कब्जे से 26 लाख 90 हजार रूपये, लगभग 35 लाख रूपये के पीली धातु के असली आभूषण, 482 ग्राम पीली धातु के नकली आभूषण व घटना में प्रयुक्त एक स्कूटी व एक थार गाड़ी बरामद कर ली। पुलिस ने सभी आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

### समाजवादी पार्टी द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में समारोह आयोजित किया गया

# संविधान बचेगा तो हक़ बचेगा: सर्वेश

**अवधनामा संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** कायमगंज विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में स्वाभिमान-स्वमान समारोह का आयोजन सोमेंद्र यादव विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विधानसभा कायमगंज के पूर्व प्रत्याशी रहे, प्रदेश सचिव सर्वेश आंबेडकर पूर्व मंत्री के पितौरा स्थित कैंप कार्यालय लाल कोठी पर अयोजित हुआ। सभी ने बाबा साहब अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

इस अवसर पर सर्वेश आंबेडकर ने संविधान को संजीवनी और हमारी ढाल बताते हुए कहा कि संविधान बचेगा, तो हक़ बचेगा। उन्होंने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज के सदस्यों से एकजुट होकर बाबा साहब की धरोहर–संविधान और आरक्षण–की रक्षा के लिए आंदोलन को नई ताक़त देने का आह्वान किया, उन्होंने कहा भाजपा बाबा साहब अम्बेडकर के बनाए गए लोकतांत्रिक संविधान खत्म कर असमानता पर मनुस्मृति लागू करना चाहती है, जिसका परिणाम पीडीए वर्ग के लिए प्राण घातक होगा।

उन्होने कहा कि आज के दौर में पीडीए के नायक माननीय अखिलेश यादव जी हैं, उनके नेतृत्व में संविधान और आरक्षण बचाने की लड़ाई लड़ी जा रही है। कार्यक्रम में मिठाई वितरण के साथ जय भीम, जय अखिलेश के नारे लगाए गए। इस अवसर पर मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष इजहार खान ने कहा कि हमारे नेता अखिलेश सिंह यादव जी है और उनके नेतृत्व में संविधान और आरक्षण बचाने की लड़ाई लड़ी जा रही है। इस समारोह में मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष इजहार खान पूर्व विधायक प्रताप सिंह यादव रहे,और पार्टी के प्रदेश सचिव मंदीप यादव, वरिष्ठ सपा नेत्री मारिया आलम, डॉ हरिओम आर्य, बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अशोक आंबेडकर, राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी बंटी यादव, बाबा साहब वाहिनी ज़िला अध्यक्ष अमन सूर्यवंशी, राजपाल यादव एडवोकेट, अरविंद यादव नगर अध्यक्ष शमशाबाद, ब्लॉक अध्यक्ष अनिल यादव, विकास कुमार दीपू, योगेंद्र यादव, मनोज कोरी, नागेंद्र यादव, बाबा साहब वाहिनी के इंगलेश कुमार, मुन्नालाल कठेरिया, अनुज यादव, जोन प्रभारी प्रवेंद्र यादव, चंदन कोरी, रामपाल प्रधान चौरा, सेक्टर प्रभारी रवींद्र सिंह, जितेंद्र दिवाकर, बिमलेश भुर्जी, मानसिंह यादव, भानुप्रताप बबलू नगर अध्यक्ष कांपिल, साहब खां नगर अध्यक्ष कायमगंज, दुर्वेश जाटव, दुर्वेश राजपूत, नरेंद्र सिंह बच्चू यादव प्रधान नीबलपुर, अशोक जाटव, सनीराव जाटव, कई प्रमुख नेता और पदाधिकारी पीडीए समाज और दलित वर्ग ख़ासकर जाटव समाज, आदि शामिल थे।

# महात्मा ज्योतिवाराव फूले जयंती मनाई गई



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों को दूर करने के लिए सतत संघर्ष करने करने वाले महान समाज सुधारक एवं सत्य शोधक समाज के संस्थापक महात्मा ज्योतिबा राव फूले की जयंती महात्मा ज्योतिबा राव फूले जूनियर हाईस्कूल हीरापुर, जालौन में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबाराव फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया और उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया । विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि सामाजिक भेदभाव व कुरीतियों को खत्म करने के महात्मा ज्योतिबाराव फूले ने जो अभियान चलाया था उसे आज हम सब को आगे बढ़ाते रहना चाहिए। विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक श्रीकांत द्विवेदी ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा की अलख महात्मा ज्योतिबाराव फूले ने ही जलायी थी, जिससे महिलाएं कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। अध्यापक विनय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि देश के वंचित और पिछड़ों के सशक्तिकरण के लिए आजीवन कटिबद्ध महात्मा ज्योतिबाराव फूले आधुनिक भारत में महिला शिक्षा के अग्रदूत बने । महात्मा ज्योतिबाराव फूले की पंक्ति का भाव कि शिक्षा के बिना समझदारी खो गई, समझदारी के बिना नैतिकता खो गई, नैतिकता के बिना विकास खो गया,धन के बिना निम्न वर्ग बर्बाद हो गया । इसलिए शिक्षा महत्वपूर्ण है। इस मौके पर शिवम कुमार, प्रमोद कुमार शुक्ला, महेंद्र सिंह पाल, सुनील कुमार श्रीवास्तव, राजीव कुमार कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## 108 श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर श्री नन्देश्वर महादेव मंदिर नन्दा फार्म फैजुल्लागंज में 108 श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन पंडित कृष्णा शंकर शर्मा एवं प्रदीप कुमार वर्मा द्वारा कराया गया, जिसमें आचार्य राजेश शुक्ल (नगर अध्यक्ष धर्म रक्षा संघ) एवं पंकज गुप्त ने श्री हनुमान जी का पूजन अर्चन कर सभी भक्तों के साथ मिलकर 108 श्री हनुमान चालीसा के पाठ सम्पन्न किये। आयोजन में आसाराम गुप्ता, रिंकू गुप्ता, पंडित दिनेश अवस्थी, सोम मिश्र, कृष्णा कुमार श्रीवास्तव, अनुज कुमार श्रीवास्तव, हरिओम, आभाष, सिद्धी, रिद्धि, दिव्य, काजल, मीनू मिश्रा, विशाल, अंकित, प्रद्युम्न मिश्रा, कार्तिक, ओम, आयुष, अंकुर दीक्षित, पल्लवी, सलोनी, मन्नू, रिंकू मिश्रा, विमलेश मिश्रा, अन्जू अवस्थी आदि सभी भक्त उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में जिला समन्वयक द्वारा औचक निरीक्षण किया गया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में जिला समन्वयक ने औचक निरीक्षण किया- प्रातः नौ बजे स्कूल निरीक्षण के लिए पहुंचे डीसी जितेन्द्र सिंह ने विद्यालय परिसर के साथ शौचालय, किचन और कक्षाओं का निरीक्षण किया। विद्यालय व्यवस्था बेहतर मिली। समस्त स्टाफ कक्षाओं में बच्चों को पढ़ाते हुए मिला। बहुमुखी प्रतिभा की धनी शिक्षामित्र कमलेश राजपूत को मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित करने के लिए कहा। एमडीएम में मीनू के अनुसार दाल चावल बनाए जा रहे थे और सलाद में बच्चों को मूली, चुकंदर, खीरा दिया जाता है। व्यवस्थित कार्यालय पहुंचकर कम्पोजिट ग्रांट, खेलकूद, दिव्यांग किट, टीएलएम, आदि की जानकारी प्राप्त की। 47 के सापेक्ष 36 छात्र उपस्थित मिले। उन्होंने नामांकन बढ़ाने पर जोर दिया।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर पलटा गेंहू लदा ट्रक


**उरई (जालौन)।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर गेंहू से लदे ट्रक को ओवरटेक करते समय पीछे चल रहे वाहन ने कट मार दिया। बचने के चक्कर में गेंहू लदा ट्रक रेलिंग तोड़ते हुए खाई में गिर गया। हादसे में चालक और परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी से उच्च संस्थान रेफर किया गया।



बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर एक ट्रक गेंहू लादकर बांदा की ओर से औरैया की ओर जा रहा था। जब ट्रक सुबह करीब पांच बजे छिरिया सलेमपुर के पास पहुंचा तो पीछे चल रहे वाहन ने उसे ओवरटेक करते हुए कट मार दिया। चालक राजेश कुमार (50) पुत्र देवी निवासी ग्राम कुड़िया जिला हरदोई ने ट्रक को बचाने का प्रयास किया। लेकिन बचने के चक्कर में वह स्टियरिंग से संतुलन खो बैठे और बेकाबू ट्रक रेलिंग तोड़कर सड़क किनारे खाई में पलट गया। गेंहू से लदे बोरे भी बिखर गए। हादसे में चालक राजेश कुमार व परिचालक दीपू (31) पुत्र अमरलाल निवासी ग्राम कुड़िया जिला हरदोई गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी मदनपाल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और घायलों को बाहर निकलवाया। दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च संस्थान रेफर कर दिया गया।

## तहसील क्षेत्र के कई जगहों पर धूमधाम से मनी हनुमान जयंती

**गोरखपुर।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के मुंडा कोडरा,बेलहर, घघसरा,काली मंदिर सहजनवा, भरसाड अमटौरा हरपुर, सहित क्षेत्र के अनेक गांव में स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में



हनुमान जयंती के अवसर पर कीर्तन व भंडारे का आयोजन कर धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती। सर्वप्रथम सुबह से लेकर शाम तक हरिकिर्तन का कार्यक्रम रखा गया है तथा शाम को भंडारे का आयोजन कर कार्यक्रम कि समाप्ति की गई।

इस अवसर पर अनूप उपाध्याय उर्फ सैंकी, विजय प्रकाश सिंह, राम मनोहर सिंह, गंभीर सिंह, प्रमोद सिंह, निवर्तमान ग्राम प्रधान अशोक सम्राट, शिव शंकर सिंह, वर्तमान ग्राम प्रधान श्रीराम शर्मा उर्फ मोनू शर्मा, रवि प्रताप सिंह,धीरज निषाद, अखिलेश सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा के गांव एवं वार्ड चलो अभियान के अंतर्गत जिलाध्यक्ष एवं जिला संगठन प्रभारी ने जानकारी वाले पत्रक घर-घर वितरित किए

**अवधनामा संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** भाजपा के गांव एवं वार्ड चलो अभियान के अंतर्गत जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे एवं जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने सदर विधानसभा के नगर क्षेत्र में वार्ड संख्या 42 बलराम नगर के दिल्ली ख्याली शक्ति केंद्र पर केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी वाले पत्रक घर- घर वितरित किए। जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने अपने प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत दिल्ली ख्याली शक्ति केंद्र की बैठक ली जिसमें उन्होंने सभी बूथ अध्यक्षों को जनसंपर्क अभियान में जुटने के निर्देश दिए।

नगर पश्चिम मंडल के मोहल्ला दिल्ली ख्याली में बूथ अध्यक्ष अजय बाजपेई की आवास पर आयोजित बैठक में जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने कहा भाजपा सरकार ने हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की सरकार में जनकल्याण के अनेकों कार्य हुए प्रधानमंत्री सड़क व आवास योजना, चतुर्भुज योजना जैसी लोकप्रिय योजनाएं चलाई गई। लेकिन 2004 में केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व की सरकार बनने के बाद देश भ्रष्टाचार तुष्टिकरण और आतंकवाद जैसे गंभीर विषयों पर घिरा हुआ रहा। 2014 में केंद्र में बीजेपी सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए अनेकों योजना लाई गई। अब तुष्टीकरण जैसे मुद्दों पर भी किसी भी वर्ग के साथ अन्याय नहीं होता। पिछले 11 सालों से केंद्र सरकार पर किसी भी भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे हैं आतंकवाद जैसे गंभीर मुद्दों पर भी सरकार तुरंत कार्रवाई करती है। प्रदेश की योगी सरकार ने भी सुशासन और विकास की नींव रखी है। कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है सरकार की प्रत्येक योजनाओं की जानकारी आम जनमानस तक पहुंचे इसके लिए घर-घर जनसंपर्क अभियान के तहत पत्रक वितरित किया जाए। अधिक से अधिक जानकारी के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलेगी जिसके कारण जो सरकार की योजनाओं से वंचित रह गए हैं उनको भी इसका लाभ मिल जाएगा।

## पश्चिम तरफ़ हनुमानगढ़ी मंदिर के सौंदर्यकरण के पश्चात डीएम ने किया उद्घाटन



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** जलालपुर नगर स्थित शनिवार को प्राचीन संगत हनुमानगढ़ी मंदिर पश्चिम तरफ के सौन्दर्यीकरण कराए जाने के पश्चात जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने पहुंचकर फीता काटकर उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना करते हुए माथा टेका । नगर का यह प्राचीन मंदिर बहुत दिनों से दयनीय हालात से जूझ रहा था जिसका सौन्दर्यीकरण कराया गया। इस मौके पर उपजिला अधिकारी पवन कुमार जायसवाल तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव क्षेत्राधिकार अनूप कुमार सिंह कोतवाल संतोष कुमार सिंह समेत तमाम अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे । इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप गुप्ता ,संजीव मिश्रा, केशव प्रसाद श्रीवास्तव, आनंद मिश्रा, देवेंद्र खेतान दिलीप खेतान, मनोज पांडे, दीपक गोयल, शिवराम मिश्रा समू तमाम स्थानीय व भक्तगण मौजूद रहे।

## हीट वेव से बचाव हेतु आयोजित हुई विभागीय बैठक

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉक्टर सदानंद गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में हीट वेव के प्रभावों को न्यून करने करने के उद्देश्य से समस्त संबंधित विभागों के साथ बैठक की गई। उक्त बैठक में मुख्य रूप से समस्त संबंधित विभागाध्यक्षों के साथ हीट वेव प्रबंधन हेतु विभाग वार जिम्मेदारियों को चिंहित करते हुए अपेक्षित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में संबंधित विभागो को निर्देशित किया गया कि लू प्रकोप के प्रभाव को कम करने के लिए निःशुल्क प्याऊ कि व्यवस्था, आवश्यकतानुसार स्थान-स्थान पर वाटर कूलर का प्रबंधन, ओ आर एस कार्नर इत्यादि कि व्यवस्था कि जाये द्य स्वास्थ्य विभाग में आशा, ए0एन0एम0 की सहायता से ओ0आर0एस0 का पैकेट का घर घर अत्याधिक वितरण किया जाये तथा स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों तथा कर्मियों को उपयुक्त प्रशिक्षण दिया जाये जिससे कि हीट वेव संबंधित बीमारियों का तत्काल पहचान करते हुए प्रभावित को त्वरित इलाज किया जाये।

# संकल्प से सिद्धि : भूमिगत विजयगाथा

**शिमला।** हिमालय की ऊंचाइयों में जहां बादल धरती से मिलते हैं और घाटियां रहस्य बुनती हैं। वहीं भारतीय रेल का सपना हकीकत बना है। यह सपना है उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक का जो अब पूरे यथार्थ के साथ साकार हो गया है। इस परियोजना की असली शान इसकी सुरंगें हैं। जो सिर्फ पथ नहीं बनातीं बल्कि पहाड़ों के साथ भविष्य की दिशा तय करती हैं। 272 किलोमीटर लंबे इस रेल मार्ग में करीब 119 किलोमीटर का सफर सुरंगों से होकर गुजरता है। इनमें 36 प्रमुख सुरंगें हैं जिनमें कुछ इतनी लंबी और जटिल हैं कि वे इंजीनियरिंग की अद्भुत मिसाल बन चुकी हैं।

1. T-50 भारत की सबसे लंबी परिवहन सुरंग

लंबाईः 12.77 किमी 7 स्थानः सुंम्बड-खड़ी सेक्शन यह कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ने वाली देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग है। इसे न्यू टनलिंग मेथड से बनाया गया। जिसमें क्वार्ट्जाइट, ग्नीश और फिल्लाइट जैसी कठिन चट्टानों को पार किया गया। इसमें मुख्य सुरंग के साथ-साथ समानांतर बचाव सुरंग भी है। जिसे हर 375 मीटर पर क्रॉस-पैसेज से जोड़ा गया है। इसकी खुदाई को अस्थिर चट्टानें, तेज़ पानी का रिसाव, शीयर ज़ोन, और ज्वालामुखीय स्तर की जॉइंटेड रॉक ने अत्यंत जोखिम भरा बनाया था। इन कठिनाइयों से निपटने के लिए परियोजना टीम ने तीन ऐडिट बनाए, जिससे खुदाई के अलग-अलग हिस्सों में एक साथ काम हो सके और काम की गति बढ़ सके। इस सुरंग के निर्माण ने एक इंजीनियरिंग चमत्कार को जन्म दिया।

2. T-80 - पीर पंजाल में बनी कश्मीर की रीढ़

लंबाई÷ 11.2 किमी 7 स्थानः बनिहाल-काजीगुंड

पीर पंजाल के नीचे बनी यह सुरंग जम्मू और कश्मीर के बीच सालभर संपर्क बनाए रखती है। यह हिमपात और ऊंचाई की बाधाओं को पार कर यातायात और व्यापार को गति देती है। इसे SBRL की मेरुदंड कहा जा सकता है।

3. T-34 जुड़वां सुरंग का अद्भुत नमूना

लंबाईः 5.099 किमी 7 स्थानः पाई-खड़ से अंजी खड्ड

यह एक जुड़वां सुरंग है जिसमें ट्रेन संचालन और आपातकालीन निकासी के लिए दो अलग-अलग टनल हैं। इसे सिरबन डोलोमाइट चट्टानों में बनाया गया। यह सुरंग भारत के पहले केबल-स्टे ब्रिज से जुड़ती है और इसमें हर 375 मीटर पर क्रॉस-पैसेज बनाए गए हैं।

4. T-33 त्रिकुटा की छाया में बना दुर्गम मार्ग

लंबाईः 3.2 किमी 7 स्थानः कटरा-बनिहाल खंड

मेन बाउंड्री थ्रस्ट जैसे जटिल भूगर्भीय क्षेत्र से गुजरने के कारण यह सुरंग चुनौतीपूर्ण रही। भारी जल रिसाव और ढहती चट्टानों के चलते आई-सिस्टम टनलिंग अपनाया गया। यह सुरंग इंजीनियरिंग कौशल और धैर्य की मिसाल है।

5. T-23 - तकनीकी नवाचार की मिसाल

लंबाई : 3.15 किमी 7 स्थानः उधमपुर-चक रखवाल

यह इस खंड की सबसे लंबी सुरंग है और इसमें बैलेस्ट-लेस ट्रैक बिछाया गया है। वर्ष 2008 में इसमें भारी दवाब और उभार की समस्या आई। जिसके बाद सुरंग के लगभग 1.8 किमी हिस्से को फिर से डिज़ाइन कर रूट बदला गया। सुरंग में मेन बाउंड्री थ्रस्ट क्षेत्र के कारण यहां कीचड़ और पानी की समस्या थी। आई-सिस्टम टनलिंग की मदद से इसे सफलतापूर्वक पार किया गया।

# कला समीक्षा: 'मध्यमा - आत्मा की एक यात्रा' : आशीमा मेहरोत्रा



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली स्थित AIFACS की गैलरी 'बी' में इन दिनों कलाकार आशीमा मेहरोत्रा की एकल चित्रकला प्रदर्शनी मध्यमा आत्मा की एक यात्रा÷ दर्शकों को एक गहन आत्मीय और चिंतनशील यात्रा पर आमंत्रित कर रही है। यह प्रदर्शनी 12 अप्रैल 2025 से आमजन के लिए खुली है। 'मध्यमा' शब्द वैदिक दर्शन से लिया गया है, जो उस मौन और अंतर्निहित संवाद को दर्शाता है जो किसी भी रचनात्मक अभिव्यक्ति से पहले हमारे भीतर जन्म लेता है। यही सूक्ष्म और अनकहे क्षण आशीमा की कलाकृतियों की आत्मा हैं। यह प्रदर्शनी किसी एक विषय तक सीमित नहीं है, बल्कि विविध मनःस्थितियों और भावनात्मक रंगों का एक चित्रमय संगम है–प्रत्येक कृति एक नए अनुभव, एक नई आत्म-परत को उजागर करती है। प्रदर्शनी का उद्घाटन संस्कृति मंत्रालय के सचिव अरुणीश चावला और दक्षिण अफ्रीका के उच्चायुक्त श्री अनिल सूकलाल व उकी पत्नी द्वारा किया गया। इस अवसर पर AIFACS अध्यक्ष श्री बिमल बिहारी दास, सदस्य परिचालन और व्यवसाय विकास/रेलवे बोर्ड हितेंद्र मल्होत्रा, IRFC के सीएमडी श्री मनोज कुमार दुबे और सुश्री नीरजा सरीन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## थाना समाधान दिवस पर 2 का किया गया निस्तारण

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** शनिवार थाना दिवस पर सहजनवां थाने में



अध्यक्षता तहसीलदार सहजनवा राकेश कन्नौजिया ने किया। इस दौरान 7 मामले आए थे। जिसमें 5 राजस्व, 2 पुलिस के थे। किसी मामले का निस्तारण नहीं हुआ। हरपुर बुदहट थाने में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार राम सूरत ने किया यहां 5 मामले आए थे। जिसमें 4 राजस्व 1राजस्व के थे। 1 मामले का निस्तारण मौके पर किया गया। गीडा थाना दिवस पर थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार दुर्गेश कन्नौजिया ने किया। यहां 14 मामले आए थे। जिसमें 13 राजस्व,1 पुलिस का मामला था। 1 मामले का निस्तारण मौके पर किया गया। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित किया गया। जबकि पुलिस की मामले की जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह,एसओ महेश कुमार चौबे,एसओ विशाल उपाध्याय एसआई राकेश सिंह सहित अनेक राजस्व कर्मी मौजूद थे।

## गर्भ में राजा परिक्षित की भगवान श्री कृष्ण ने की रक्षा

**गोरखपुर।** सहजनवा क्षेत्र के कालेसर गांव में संचालित हो रहे श्रीमद् भागवत कथा



में पंडित नितिश तिवारी जी महराज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया गया । जिसमें उन्होंने कहा कि 18 दिनों तक चले महाभारत के युद्ध में जब कौरव पराजित हो गए और पांडव विजई हुए तो द्रोणाचार्य पुत्र अश्वत्थामा ने कसम खाया था कि अपने पिता की मौत का बदला वह पांडवों के वंश का नाश करके लेगा । इसलिए उसने पांडवों के ऊपर ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया । विरोध में अर्जुन ने भी ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया, पर ऋषि मुनियों ने सृष्टि को विनाश से बचाने के लिए दोनों पक्षों को ब्रह्मास्त्र वापस लेने का आदेश दिया । अर्जुन ने तो वापस ले लिया पर द्रोणाचार्य पुत्र अश्वत्थामा को वापस लेने कि कला आती ही नहीं थी, इसलिए उसने ब्रह्मास्त्र को उत्तरा के गर्भ की तरफ मोड़ दिया । पर भगवान श्री कृष्ण ने गर्भ में पल रहे बच्चे को बचा लिया । वहीं बालक आगे चलकर अभिमन्यु और उत्तरा का पुत्र परीक्षित होता है । इससे पांडवों का वंश नष्ट होने से बच जाता है । बाद में इसी राजा परीक्षित की संतान जन्मेजय होते हैं । 11 अप्रैल दिन शुक्रवार से प्रारंभ इस श्रीमद् भागवत कथा का 19 अप्रैल दिन शनिवार को भंडारे के साथ समापन होगा । प्रतिदिन श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जाता है । इस अवसर पर मुख्य यजमान सुमित्रा सिंह और ओमप्रकाश सिंह सहित पूर्व प्रमुख पिपरौली सुधीर सिंह, शैलेश सिंह (टप्पू), सतपाल सिंह, समरपाल सिंह, सुशील सिंह, प्रदीप सिंह, राजन सिंह, अनिल सिंह, राकेश सिंह, धर्मवीर सिंह, ऋषभ सिंह, आयुष सिंह सहित सैकड़ों कि संख्या में भक्त उपस्थित रहे

# योगी सरकार में मजबूत हुई सामाजिक सुरक्षा की डोर

**अवधनामा संवाददाता**

- 8 साल में वृद्धावस्था पेंशन पाने वालों की संख्या में ढाई गुने से अधिक की बढ़ोतरी
- 8 साल में 80 फीसद से अधिक बढ़ी निराश्रित महिला पेंशन पाने वाली लाभार्थियों की संख्या
- हर तीन माह पर लाभार्थियों को मिल रहा तीन हजार रुपये का महत्वपूर्ण आर्थिक संबल

**गोरखपुर।** विकास के पैमाने पर नाम चकमाने के साथ ही योगी सरकार सामाजिक सुरक्षा की डोर को भी मजबूत कर रही है। निराश्रित महिलाओं, वृद्धजन, दिव्यांगजन से जुड़ी सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं की प्रगति इसे प्रमाणित करती हैं। पूर्व की सरकार की तुलना में अकेले गोरखपुर में योगी सरकार में वृद्धावस्था पेंशन का लाभ पाने वालों की संख्या ढाई गुना बढ़ी है। निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों की संख्या में 80 फीसद से अधिक का इजाफा हुआ है जबकि दिव्यांगजन पेंशन योजना से लाभान्वितों की भी संख्या बढ़ी है।

सामाजिक सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानी जाने वाली वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत गोरखपुर में मार्च 2017 तक 61470 लाभार्थी वृद्धावस्था पेंशन का लाभ प्राप्त करते थे। जबकि अप्रैल 2017 से लेकर मार्च 2025 तक इस पेंशन योजना का लाभ पाने वाले वृद्धजन की संख्या ढाई गुना से अधिक बढ़कर 168201 हो गई है। सामाजिक सुरक्षा की एक अन्य महत्वपूर्ण योजना निराश्रित महिलाओं के पेंशन की है। मार्च 2017 तक जिले में 38910 निराश्रित महिलाओं को पेंशन मिलती थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अब तक के कार्यकाल में निराश्रित महिला पेंशन का लाभ पाने वाले लाभार्थियों की संख्या में 80 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। वर्तमान में 71594 निराश्रित महिलाओं को पेंशन मिल रही है। दिव्यांगजन को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए उन्हें समय समय पर ट्राइसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल और अन्य जरूरी उपकरण उपलब्ध कराने के साथ ही सरकार उन्हें मासिक पेंशन भी देती है। मार्च 2017 तक दिव्यांगजन पेंशन पाने वाले लाभार्थियों की संख्या 22472 थी जबकि वर्तमान में इनकी संख्या 24598 है। सामाजिक सुरक्षा की इन तीनों योजनाओं में पूर्व की सरकार में महज तीन सौ रुपये मासिक पेंशन की व्यवस्था थी। वर्तमान में सरकार इसे बढ़ाकर एक हजार रुपये प्रतिमाह कर चुकी है। जिला समाज कल्याण अधिकारी वशिष्ट नारायण सिंह बताते हैं कि वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा की पेंशन योजनाओं की धनराशि लाभार्थियों के बैंक खाते में सीधे अंतरित की जाती है। इस पारदर्शी व्यवस्था से किसी भी लाभार्थी को बिचौलियों का शिकार नहीं होना पड़ रहा है।

## सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण जरूरी : डॉ. शशिकांत



**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के फार्मेसी संकाय में उन्नति फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित 30 दिवसीय सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शनिवार को हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित फार्मेसी संकाय के अधिष्ठाता डॉ. शशिकांत सिंह ने कहा कि सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए सॉफ्ट स्किल को विकसित करना जरूरी है। डॉ. सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के संप्रेषण कौशल, आत्मविश्वास, नेतृत्व गुण और पेशेवर शिष्टाचार को निखारने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। पूरे प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और आज के समारोह में उन्होंने अपनी क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन अंग्रेजी भाषा में प्रस्तुत किया। केवल 30 दिनों में विद्यार्थियों में जो परिवर्तन देखा गया, वह अत्यंत प्रेरणादायक है। सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षक शिवानंद त्रिपाठी और कक्षा समन्वयक श्रेया मद्धेशिया ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कई विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण से जुड़े अपने अनुभव साझा किए जबकि कई विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन अनामिका पांडेय, अमन यादव, आदर्श कुमार, सुभाषचंद यादव ने तथा आभार ज्ञापन अजय यादव और अंकिता ने किया। इस अवसर पर फार्मेसी संकाय के शिक्षकगण जूही तिवारी, नंदिनी जायसवाल, श्रेया मद्धेशिया, प्रवीन कुमार सिंह, डॉ. अभिषेक कुमार सिंह, डॉ. अमित उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एएमयू समुदाय ने प्रो. सौरभ बसु के निधन पर शोक व्यक्त किया

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी संकायाध्यक्ष और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के सम्मानित शिक्षक, प्रो. सौरभ बसु के निधन पर एएमयू समुदाय ने गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रो. बसु एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद् थे जिन्होंने विश्वविद्यालय में प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता के साथ सेवा दी। उनके निधन से एएमयू के इंजीनियरिंग समुदाय में एक युग का अंत हो गया है। एएमयू की कुलपति, प्रो. नईमा खातून ने प्रो. बसु के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ÷प्रो. बसु की शैक्षणिक उत्कृष्टता, नेतृत्व क्षमता और मार्गदर्शन को सदैव याद रखा जाएगा। उनका निधन एएमयू और शिक्षाजगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। प्रो. बसु की स्मृति में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में एक शोकसभा आयोजित की गई जिसमें विभागीय शिक्षकों, अन्य संकायों के प्रोफेसरों और सेवानिवृत्त शिक्षकों ने भाग लिया। वक्ताओं ने उनके अनुकरणीय योगदान, सौम्य स्वभाव और उच्च शैक्षणिक मानकों को याद किया।

## डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से वाटर वर्ल्ड पार्क का किया फीता काटकर उद्घाटन

**अंबेडकरनगर।** हंगामा वॉटर वर्ल्ड का उद्घाटन जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने



फीता काट कर किया। अब महानगरों की तर्ज पर अकबरपुर में भी मिलेगी सुविधा ।अकबरपुर बसखारी मार्ग 17 किलोमीटर पर सैदपुर में हंगामा वॉटर पार्क का उद्घाटन जिलाधिकारी अविनाश सिंह व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा किया गया जिसमें अपर जिला अधिकारी सदानंद गुप्ता के अलावा उप जिलाधिकारी जलालपुर पवन जायसवाल, उप जिलाधिकारी टांडा शशि शेखर शुक्ल के अलावा अन्य अधिकारी तथा पत्रकार गण मौजूद रहे बरियावन बाजार से 2 किलोमीटर की दूरी पर आज हंगामा वॉटर पार्क की ओपनिंग हो गई है अब आप भी यहां पर आकर इन गर्मियों में वाटर पार्क का आनंद लेसकते हैं। विशेषताएं बेब पुल, हाइट राइड,फ्लोट राइड,किड्स प्ले जोन, फूड कार्ट, थेंडर लूप की मिलेंगी सुविधाएं।

अवधनामा



# जनप्रतिनिधियों तथा भाजपा पदाधिकारियों ने किया जनसम्पर्क, गिनाई सरकार की उपलब्धियां



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे स्थापना दिवस समारोह में गांव चलो अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों तथा पदाधिकारियों ने महानगर के कई स्थानों पर जनसम्पर्क किया। केन्द्र सरकार की 11 वर्ष तथा प्रदेश सरकार के 8 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों के बारे में बताया। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने पूराबाजार में, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने करियप्पा नगर के कर्पूरी ठाकुर वार्ड में, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने चित्रगुप्त वार्ड के ऊसरू में, भाजयुमो के महामंत्री हर्षवर्धन सिंह ने करियप्पा नगर के चांदपुर, जिपंअ प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने पूराबाजार के अजना में, ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह पूरा बाजार के रामपुर सर्धा, पूर्व महानगर अभिषेक मिश्र ने अभिरामदास वार्ड में जनसम्पर्क किया। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के किए गए विकास से समाज का हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में लाभान्वित हुआ है। गरीब, किसान, महिला, दलित, विद्यार्थी सहित समाज के सभी वर्गों के लिए डबल सरकार ने कल्याणकारी योजनाएं दी है। किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसान को आर्थिक सबलता प्रदान की गई है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया गया है। तीन तलाक से मुस्लिम महिलाओं को मुक्ति प्रदान की गई है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि हजारों करोड़ की योजनाओं से अयोध्या का विकास मोदी और योगी सरकार में कराया गया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि समाजवादी पार्टी केवल अपने परिवार के बारे में सोचती है उन्हीं का उत्थान करती है। जबकि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता देशप्रेम को आत्मसात करते हुए समाज के बीच कार्य कर रहा है। महानगर के कई स्थानों पदाधिकारियों ने जनसम्पर्क व लाभार्थियों से सम्पर्क कर पत्रक वितरित किया।


# सीएचसी सुनवा में स्वास्थ्य सेवाओं की खुली पोल



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने शुक्रवार को अयोध्या के सीएचसी सुनवा का औचक निरीक्षण किया, जहां अस्पताल की बदहाल व्यवस्था देख वह काफी नाराज़ नजर आए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की वास्तविक स्थिति से रूबरू होते हुए मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर यहां मज़ाक हो रहा है।30 बेड की क्षमता वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में जब डिप्टी सीएम पहुंचे, तो अस्पताल में केवल चार ही बेड मौजूद पाए गए। मरीजों की संख्या भी नाम मात्र रही, जबकि साफ-सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं की हालत बेहद चिंताजनक थी। निरीक्षण के दौरान अयोध्या के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. सुशील कुमार की गैरमौजूदगी ने मंत्री के गुस्से को और बढ़ा दिया। सीएमओ के बिना किसी सूचना के नदारद रहने को डिप्टी सीएम ने गंभीर लापरवाही करार दिया और कहा कि इसके लिए जवाबदेही तय की जाएगी।डिप्टी सीएम ने मौके पर मौजूद अधीनस्थ अधिकारियों से पूछताछ की और पाई गई खामियों की विस्तृत रिपोर्ट तलब की। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि इस लापरवाही के लिए संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जा सकती है। निरीक्षण के बाद डिप्टी सीएम ने मीडिया से बात करते हुए कहा, सरकार प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# पीजी कालेज में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर विचार संगोष्ठी आयोजित

*अवधनामा संवाददाता*




**बाराबंकी।** जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पी.जी. कॉलेज में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में एक विचार संगोष्ठी और छात्र-छात्राओं के मध्य भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) सीताराम सिंह तथा समस्त प्राध्यापकों द्वारा डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के माध्यम से किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक प्रोफेसर (डॉ0) सीताराम सिंह ने छात्र-छात्राओं को डॉ. अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेते हुए अपने जीवन की दिशा तय करने का आह्वान किया। उपस्थित छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने जहां एक ओर डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन के सकारात्मक और प्रेरणादायक पहलुओं की चर्चा की वहीं दूसरी ओर उन समस्त पहलुओं को अपने जीवन में कार्य रूप में परिणत करने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रोफेसर (डॉ.) अनिता सिंह ने अपने वक्तव्य में डॉ. अंबेडकर के महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में किए गए क्रांतिकारी प्रयासों के लिए उनका श्रद्धाभाव से स्मरण किया। कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता प्रोफेसर (डॉ0) संतोष कुमार गौड़ ने डॉ. आंबेडकर के जीवन काल के समस्त संघर्षों का स्मरण करते हुए छात्र छात्राओं से उनके प्रत्येक संघर्ष से उपजी प्रेरणा को जीवन परिवर्तित करने के लिए एक हथियार के रूप में प्रयोग करने का आह्वान किया। डॉ. गौड़ ने दलितों के लिए राजनीतिक अधिकारों तथा सामाजिक स्वतंत्रता के लिए डॉ. अंबेडकर के संघर्ष का स्मरण करते हुए इस तथ्य को भी रेखांकित किया कि डॉ. अंबेडकर सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध ऐसे आंदोलन का नेतृत्व करते रहे जिन्होंने कालांतर में भारत की दशा और दिशा दोनों को परिवर्तित कर दिया। इस मौके पर समस्त वक्ताओं, उपस्थित अभ्यागतों तथा छात्र-छात्राओं के प्रति हिंदी विभाग के प्रोफेसर (डॉ.)कृष्णकांत चंद्रा ने आभार और धन्यवाद प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर (डॉ.) मनीष पाण्डेय ने किया ।

## जीवन को सफल बनाने के लिए सत्संग ज़रूरीः शिवांगी किशोरी

# श्री राम कथा के तीसरे दिन भक्तों की उमड़ी भीड़



*अवधनामा संवाददाता*

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** जीवन को सरल और सफल बनाने के लिए सत्संग बहुत जरूरी है। सत्संग से मनुष्य को मोक्ष की प्रप्ति होती है। जो जैसा संगति करता है।वे वैसा बनाता है।यह बातें इटहरा गांव स्थित श्री किशोरी जी सेवा आश्रम के प्रांगण में रविवार को वाराणसी से आई सुप्रसिद्ध बाल कथा वाचिका सुश्री शिवांगी किशोरी ने पांच दिवसीय श्रीमद् राम कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं के बीच कहीं। उन्होंने कहा कि सत्संग से मनुष्य को सदाचार, शिष्टाचार तथा शुच्चाचार जीवन में आता है। मनुष्य को तन काम में तथा मन राम में लगाना चाहिए। मनुष्य के माता,पिता व गुरु प्रत्यक्ष परमात्मा स्वरुप होते हैं इनके सेवा करने से मनुष्य का कल्याण होती है। जो व्यक्ति परिवार के साथ मिलजुल कर रहते है।उनके लिए लोक व परलोक घरती पर है। उन्होंने भगवान राम के जन्म की महिमा, उनके आदर्शों और उनके जीवन से प्रेरणा लेने के बारे में बताया। उन्होंने भक्ति और संस्कारों के मार्ग पर चलने के लिए श्रोताओं को प्रेरित किया।भगवान राम के विराट रूप और उनके द्वारा किए गए अद्भुत कार्यो,जन्म और नामकरण संस्कार की कथा का वर्णन किया गया। कथा के दौरान, भगवान राम की बाल लीलाओं और उनके शिक्षा प्राप्त करने की बात की गई। उन्होंने मनुष्य को झूठ,चोरी, नशा, हिंसा तथा व्यविचार का हमेशा त्याग करना चाहिए। उन्होंने अमृत मय प्रवचन से बताए कि सभी मनुष्य को ज्ञान व योग के द्वारा संतो के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। इसने सुख की प्राप्त होती है। इस दौरान सर्ववैश्य समाज के अध्यक्ष राजकुमार ऊमरवैश्य नेता , सलाहकार आलोक गुप्ता पिंटू,विनय सिंह पिंटू, छबीले महाराज, विक्की गुप्ता, गिरीश चंद तिवारी,शेषमणि मौर्या, प्रभाकर,लाल जी व लक्ष्मण सिंह आदि ने भगवान श्री राम की आरती उतारकर आशीर्वाद लिया।दीपिका आनंद जी भजनों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा का संचालन चन्द्रभानु महाराज जी ने किया।

# नशामुक्ति जागरूकता अभियान में जिले को मिल चुका है प्रथम स्थानः अनूप शुक्ला

## एनआईएसडी एवं बेसिक उत्थान ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा आयोजित नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम के चौथे चरण में नुक्कड़ नाटक से छात्राओं ने किया जागरूक



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जागरूकता अभियानो का परिणाम दूरगामी होता है, समाज मे प्रभाव धीरे धीरे पड़ता है, नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रमों के कारण नशामुक्ति कार्य में जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है और जिलाधिकारी को केंद्र में गृहमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया है। यह बातें नारकोटिक्स सेल के प्रभारी अनूप कुमार शुक्ला ने नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ शोसल डिफेंस (एनआईएसडी) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित व बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा जानकी प्रसाद वर्मा मेमोरियल महिला महाविद्यालय कोटवासडक में आयोजित' एक युद्ध, नशे के विरूद्ध नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम विषयक जागरूकता व शपथ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कही। श्री शुक्ला ने बताया कि बाराबंकी ड्रग्स के कारोबार का हब बन चुका था, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ अखिलेश नारायण सिंह के निर्देशन में वर्ष 2022-23 में एक सौ ग्यारह करोड़ का और वर्ष 2023-24 में 175 करोड़ का ड्रग्स पुलिस व नारकोटिक्स विभाग ने विधिक कार्यवाई करके नष्ट किया है। जिला प्रशासन बाराबंकी को नशामुक्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित है, और अभियान चलाया जा रहा है। महाविद्यालय के चेयरमैन राधेलाल वर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि छात्र छात्राएं जागरूक हों और परिवार व समाज को नशे से दूर रहने के लिए संकल्प लें। हास्य व्यंग्य के रचनाकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि बेटियां परिवार की आन बान शान होती हैं, वे परिवार की खुशहाली के लिए नशामुक्ति अभियान में जुड़ें। गीतकार साहब नारायण शर्मा ने कई मार्मिक गीतों से छात्राओं को प्रेरित किया। आयोजक संस्था के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने विषय प्रवर्तन करते हुए बताया कि नशीली दवाओं का दुरुपयोग इस स्तर तक हो रहा है कि जो दवाएं इलाज के लिए इजाद हुई आज नशे के रूप में दुरुपयोग हो रही हैं।

# हनुमान जन्मोत्सव पर बाला जी मंदिर करगैना पर धूमधाम हर्षोल्लास से मनाया गया



**बरेली।** बदायूं रोड करगैना श्री बालाजी दरबार मंदिर और श्री राम दरबार मंदिर पर हनुमान जयंती पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ रही। जिसमें मुख्य आकर्षण 11000 लड्डुओं का भोग व भंडारा, यज्ञ शामिल रहे। सभी श्रद्धालुओं में लाइन लगाकर दर्शन कर प्रसाद ग्रहण कर बड़े गुरु जी इंद्र प्रकाश जी ,छोटे गुरु जी अमर चंद्र गोस्वामी जी,पंडित हर्षित उपाध्याय गिरीश गोस्वामी से आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में पंकज पाठक मंडल अध्यक्ष अखिल भारतीय हिन्दू महासभा,कोषाध्यक्ष गिरीश गोस्वामी, प्रदीप गोस्वामी, संजीव गोस्वामी, नौबत राम भईया ,राकेश कठेरिया, राम प्रकाश, राज कपूर, किसान एकता संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री डॉ रवि नागर, प्रांजल गोस्वामी सहित हजारों श्रद्धालु शामिल रहे।

# राज्यमंत्री ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में स्टांप पंजीयन एवं न्यायालय के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ की बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**जौनपुर।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टांप तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग रविंद्र जायसवाल द्वारा पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में स्टांप पंजीयन एवं न्यायालय के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। इसके पूर्व राज्य मंत्री के जनपद आगमन पर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद द्वारा पुष्पगुच्छ तथा अंगवस्त्रम प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। बैठक में मंत्री द्वारा जनपद में विभागीय राजस्व प्राप्ति के संबंध में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान से जानकारी प्राप्त की गई। इसके साथ ही उन्होंने स्टांप वादों, स्टांप देयो एवं वसूली से सबंधित वितरण, शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत होने वाली कार्यवाही, महिलाओं के पक्ष में विलेखों में स्टांप छूटो का विवरण, पारिवारिक दान विलेखों का विवरण, दिव्यांगों के कल्याण हेतु स्टांप छूटो का विवरण, भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारजनो को स्टांप छूटो का विवरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही राज्यमंत्री द्वारा ऑनलाइन नकल प्रदान की जाने की संबंध में कृत कार्यवाही, एक पन्ने के विलेख प्रमाणक जारी किये जाने एवं उसी दिन विलेखों की तत्काल वापसी, स्टांप वादो के एक मुश्त समाधान योजना, रु॰ दस हजार से पच्चीस हजार के स्टांप की वापसी के विवरण के सम्बन्ध में भी विस्तार पूर्वक समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान, एआईजी स्टाम्प डॉ0 राजकरण सहित संबंधित अधिकारीगण, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## गांवों का एकीकृत योजना के तहत होगा शीघ्र विकास : विधायक डॉ. आर.के. पटेल

*अवधनामा संवाददाता*

**जौनपुर। (माड़ियाहूं)**अपना दल (एस) के मड़ियाहूं विधायक डॉ. आर.के. पटेल ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित एकीकृत योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवों के सर्वांगीण विकास हेतु रामपुर विकासखंड और मड़ियाहूं विकासखंड के कुल आठ ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है।विधायक डॉ. पटेल ने इसे क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक उत्थान की दिशा में एक सराहनीय व महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने समाज कल्याण एवं अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री को एक प्रस्ताव सौंपकर मांग की थी कि रामपुर विकासखंड के काजीहद, सिधवन, गंधौन, आशापुर, सुरेरी तथा मड़ियाहूं विकासखंड के कुतुबपुर, रामपुर नद्दी और केड़वारी जैसे गांव, जहाँ अनुसूचित जाति की जनसंख्या 50% से अधिक है, उन्हें एकीकृत योजना में शामिल किया जाए।मंत्री द्वारा विधायक के पत्र को गंभीरता से लेते हुए तत्क्षण जनपद के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) साइ तेजा सीलम को इन गांवों में स्थलीय जांच कर प्रस्ताव तैयार करने और विकास कार्यों को शीघ्र अमल में लाने का निर्देश दिया गया है।

# पीयू में प्लेसमेंट ब्रोशर का विमोचन



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा सत्र 2025 के लिए तैयार प्लेसमेंट ब्रोशर का विमोचन शुक्रवार को विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय का यह ब्रोशर देशभर के प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट हाउसों और कंपनियों तक पहुंचाया जाएगा, ताकि विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को उच्चस्तरीय रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। प्रो. वंदना सिंह ने ब्रोशर की सराहना करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, नवाचार, अनुसंधान और विद्यार्थियों की प्रतिभा को उजागर करने वाला एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में छात्र-छात्राओं को तकनीकी दक्षता के साथ-साथ संचार कौशल और व्यावसायिक आचार संहिता की समझ होनी चाहिए। इस दिशा में विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट प्रकोष्ठ निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर आईक्यूएसी के समन्वयक प्रो. गिरिधर मिश्र ने विश्वविद्यालय की गुणवत्ता उन्नयन और उद्योग जगत से बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। केंद्रीय ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के समन्वयक प्रो. अविनाश पाथर्डीकर ने ब्रोशर की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों, इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योगों से साझेदारी और विद्यार्थियों की योग्यता का समावेश किया गया है। कार्यक्रम में डॉ. नितेश जायसवाल एवं डॉ. विशाल यादव, उप समन्वयक भी उपस्थित रहे।

# वार्षिक उत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम



**चिऊटहा(महराजगंज)।** विकास खंड मिठौरा के पूर्व प्रथमिक विद्यालय देउरवा कंपोजिट में वार्षिक उत्सव का शनिवार को आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से उपस्थित अभिभावक का मनमोह लिया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल विशिष्ठ अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिलीप विश्वकर्मा तथा जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष विद्यासागर पटेल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहन शर्मा ने अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर किया। रविकांत पटेल ने नवोदय विद्यालय में चयनित छात्र विपुल गौड़ और छात्रा बेबी गौंड को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया । विद्यालय की छात्रा कुमारी अंजली एवं कुमारी वर्षा का अटल आवासीय विद्यालय में चयन होने पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिलीप विश्वकर्मा ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया इसी क्रम में विद्यालय में उपस्थित जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष विद्यासागर पटेल ने छात्रा कुमारी वर्षा को भी स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया तत्पश्चात बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू किया गया। जिससे उपस्थित गणमान्य लोगों और अभिभावकों का मन मोह लिया । कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान उषा देवी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहन शर्मा, अध्यापिका साधना पटेल अध्यापक विनोद कुमार ,विजय एवं शिक्षामित्र अखिलेश दीक्षित, आदित्य पटेल उपस्थित रहे।

## 56 प्रार्थना पत्रों में से 10 का हुआ निस्तारण



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद के समस्त थानों में ÷थाना समाधान दिवस÷ का आयोजन किया गया। पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरणों का निस्तारण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा जमीन संबंधित थाना स्तर, आइजीआरएस या अन्य सभी माध्यमों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को थाना समाधान दिवस रजिस्टर में अंकित करने एवं समाधान दिवस पर दोनों पक्षों को बुलवाकर पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा निस्तारित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। भूमि विवाद के समस्याओं के समाधान हेतु पूर्व मे ही भूमि विवाद सेल का गठन किया गया है । जिसमें राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु लगाई गयी है । समाधान दिवस में उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके । इसके अतिरिक्त समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा संबंधित थानों पर सम्बन्धित उपजिलाधिकारीगण के साथ फरियादियों की समस्याओं को सुना गया एवं उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया ।

# जच्चा बच्चा की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** पनियरा नगर पंचायत में नाम बदलकर संचालित हो रहे एक हॉस्पिटल फिर एक जच्चा बच्चा को मौत की नीद सुला दिया। रजौड़ा खुर्द निवासी रामू ने बताया कि शुकवार की पत्नी सुनीता उम्र 28 वर्ष को प्रसव पीड़ा होने के बाद प्राथमिकी स्वस्थ केंद्र पनियरा लाया। वहां जांच के दौरान डॉक्टरों ने जुड़वा बच्चों की बात कही, जिसमें एक बच्चे का सामान्य प्रसव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर हुआ। लेकिन दूसरा बच्चा पेट में ही रह गया। डॉक्टरों ने सीमित संसाधनों के चलते आगे का इलाज संभव न होने की बात कही। बाद में पति सोनू ने पत्नी को नजदीकी एक हॉस्पिटल पर लाया जहां इलाज के दौरान सुनीता और उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई। पति रामू स्थानी थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि हॉस्पिटल में इलाज के दौरान लापरवाही बरती गई। जिससे मेरी पत्नी और पेट में बच्चे को मौत हो गई। घटना के बाद हॉस्पिटल संचालक गुमराह कर फरार हो गया। घटना की जानकारी पनियरा पुलिस को दी गई, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह अस्पताल समय-समय पर नाम बदलकर संचालित होता है और इस तरह की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं। बावजूद इसके प्रशासनिक स्तर पर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं हो रही है। परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगा रहे हैं। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक पनियरा निर्भय सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने के बाद लिखित तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा ने गांव चलो वार्ड चलो अभियान चलाया



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर चल रहे विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने गांव चलो, वार्ड चलो अभियान के अंतर्गत ग्राम सभा दरहटा के टोला लाठियाहवा, नाथनगर अनुसूचित बस्ती, पनेवा अनुसूचित बस्ती में आमजन से संपर्क साधते हुए सरकार की उपलब्धियों से संबंधित पत्रक वितरित किए। कन्नौजिया ने बताया कि भारत आज विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, और मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में इसे तीसरे स्थान तक ले जाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवाद और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत भाजपा की विचारधारा की प्रेरणा हैं। मोदी सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित किया और स्टैंड अप इंडिया, पीएम आवास योजना जैसी योजनाओं से वंचित वर्गों को मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया।

## हनुमान जयंती पर शोभा यात्रा निकाली गई



*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)।** मिठौरा में बड़ी ही धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा एवं निशान यात्रा निकाल कर नगर का भ्रमण किया गया निशान यात्रा दुर्गा मंदिर से होते हुए मिठौरा पेट्रोल पंप तक एवं ब्लॉक मुख्यालय हनुमान मंदिर होते हुए हनुमानगढ़ी मिठौरा पहुंचा निशान यात्रा में श्रद्धालुओं ने अपने-अपने हाथों में हनुमान जी का झंडा लेकर जय श्री राम के जय घोष के साथ आगे बढ़ रहे थे धार्मिक गीतों पर नाचते झूमते पंडाल के तरफ प्रस्थान किया प्रसाद वितरण के साथ निशाने यात्रा संपन्न किया गया इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पिंटू निगम, अमरेंद्र मणि पूर्व ब्लाक प्रमुख मिठौरा, दिलीप मणि पांडे, सचिन कुमार गुप्ता, मधुसूदन निगम, करुणेश गुप्ता, विनोद वर्मा, प्रदीप निगम, देवेंद्र यादव, विमलेश गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, स्वदेश निगम, दिग्विजय मौर्य, डब्लू निगम, थाना प्रभारी सिंदुरिया अखिलेश वर्मा, चौकी प्रभारी मिठौरा दिलीप कुमार, कांस्टेबल शैलेंद्र कुमार, कांस्टेबल कन्हैया वर्मा, सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गांव चलो अभियान आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**बर्डपुर सिद्धार्थनगर।** भाजपा के 46वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित गांव चलो अभियान अंतर्गत संगठन के निर्देशानुसार शनिवार को बर्डपुर मण्डल के भरवालिया बूथ पर डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल ने भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ रामजानकी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाते हुए मंदिर परिसर की साफ सफ़ाई की तथा मंदिर परिसर में हनुमान जयंती पर आयोजित भव्य भंडारे में भी सम्मिलित हुए। इसके पश्चात उन्होंने भरवालिया पोखरभिटवा रक्सेल गै़ज़ड सरदारनगर आदि गांवों में जनसंपर्क कर 8 साल बेमिसाल के विषय में लोगों को जानकारी देते हुए सरकार की उपलब्धियों का पत्रक बांटा तथा घर-घर जनसंपर्क कर जनमानस से संवाद किया। इस दौरान आयोजित जन संवाद जन चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने अंत्योदय की परिकल्पना सबका साथ सबका विकास की अवधारणा का ध्येय लेकर देश में गरीब, किसान, महिला, युवा समेत सभी वर्गों के उत्थान को लेकर लगातार काम कर रही है। जिसका परिणाम है कि आज हर वर्ग का समेकित विकास हो रहा है। तो वहीं उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने सेवा, सुशासन, शिक्षा एवं चिकित्सा तथा समग्र विकास की नई ऊँचाइयाँ छू रहा है।

अभियान में जनसम्पर्क के दौरान निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष अमित उपाध्याय, जिला पंचायत सदस्य सबलू साहनी, वरिष्ठ नेता राजेंद्र पाण्डेय, श्रवण दुबे, दुर्गेश चौधरी, रीता पाण्डेय, अभिषेक कसौधन, विवेक गोस्वामी, मंगलेश शुक्ला, प्रतिमा दुबे, त्रियुगी नारायण दुबे पंकज चौबे दीपेंद्र चौधरी, हरिशंकर तिवारी, इरफान अहमद, अनूप सिंह, सुरेंद्र शुक्ल, राजकुमार चौधरी, विजय गुप्ता, रिंकू पाल, जेपी मौर्य, राजेश गुप्ता, शिवम, जहीर ख़ान, मुरारी सिंह, विजय गुप्ता, अनिल साहनी, राजू यादव, संतोष चौधरी, मनोज चौबे, बीपी गुप्त, मनोज कुमार, विजय जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## अम्बेडकर जयंती को लेकर थाने में हुई बैठक

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** सम्मनपुर थाने में अंबेडकर जयंती को लेकर शांति व्यवस्था बनाने के लिए शनिवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश सिंह यादव ने कहा कि किसी भी गांव में बिना अनुमति जुलूस नहीं निकाला जा सकेगा। जुलूस पारंपरिक मार्ग से ही निकलेगा। डीजे की आवाज कम रखनी होगी और उसे कम ऊंचाई पर स्थापित करना होगा। पुलिस ने चेतावनी दी है कि जुलूस के दौरान शराब पीकर अराजकता फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बिजली के नीचे लटके तारों पर विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। किसी भी समाज के खिलाफ भड़काऊ भाषण या अभद्र टिप्पणी करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। बैठक में प्रधान मोहम्मद आलम, संजय सिंह, आफताब हुसैन, मोहम्मद तबरेज, अमित जायसवाल, संजय राजभर, बब्लू खान, राम अनेश, लालजी, रवि कुमार और समाजसेवी हैदर रजा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डीएम और एसपी की उपस्थिति में थाना पथरा में संपन्न हुआ थाना समाधान दिवस



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** शासन के मंशा के अनुरूप प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। आज थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डा० राजा गणपति आर० एवं पुलिस अधीक्षक डा० अभिषेक महाजन की उपस्थिति में थाना पथरा बाजार में थाना समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर आने वाले शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर द्वारा सुना गया। ज्यादातर प्रकरण भूमि विवाद एवं नाली से संबधित था। समस्त राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल को निर्देश दिया कि भूमि विवाद, वरासत, बंटवारा आदि के जो प्रकरण हैं उनका मौके पर जाकर दोनों पक्षों को सुनकर सही ढ़ग से निस्तारण करायें। किसी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी बांसी को अधिक विवादित प्रकरण में टीम गठित कर हल्का लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक को मामले का निस्तारण कराने का निर्देश दिया। सभी हल्का लेखपाल राजस्व निरीक्षक को साथ लेकर मौके पर जाकर नाली का विवाद, चकमार्ग का विवाद व जमीन बटवारा व अवैध कब्जा/पट्टा प्रकरणो को ग्रामवासियों का बयान लेकर निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित कराये। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल के साथ मौके पर जाये। अधिकतम प्रकरणो को निस्तारण कराकर ही लौटे, प्रकरण लम्बित कदापि न रखा जाये। यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक मार्ग पर अवैध रूप से कब्जा किया है तो उसके विरूद्ध हल्का लेखपाल मुकदमा दर्ज कराये। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस में आये सभी शिकायतकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आपस में मिलकर रहे। किसी प्रकार का लड़ाई-झगड़ा न करे। जो भी प्रकरण आये है उसका निस्तारण मौके पर जाकर राजस्व के अधिकारी/कर्मचारी करायेंगे। इस दौरान उपजिलाधिकारी बांसी शशांक शेखर राय, तहसीदार बांसी विंद्रेश गुप्ता, थानाध्यक्ष पथरा, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीएम श्री विद्यालय परसा खुर्द में हुआ अंक पत्र का वितरण



अवधनामा संवाददाता

**उस्का बाजार सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्रांतर्गत पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय परसा खुर्द में शनिवार को बच्चों में समारोह पूर्वक अंकपत्र का वितरण कर उत्कृष्ट बच्चों को सम्मानित किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिला समन्वयक प्रशिक्षण आशीष मिश्रा ने कहा कि पीएम श्री विद्यालयों पर विभाग व शासन का विशेष ध्यान है। विद्यालय में शीघ्र ही सुसज्जित कंप्यूटर की कक्षाएं स्थापित हो जाएंगी जहां बच्चों को कंप्यूटर का बेहतर ज्ञान मिलेगा। कक्षा आठ उत्तीर्ण सभी बच्चों के अभिभावकों का आह्वान किया कि वे अपने बच्चों का कक्षा 9 में नामांकन जरूर कराएं। उन्होनें विद्यालय के तीन बच्चों के राष्टीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा व चार बच्चों के जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में चयनित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सम्मानित किया। कार्यक्रम में एक से आठ तक प्रत्येक कक्षा में इस वर्ष परीक्षा में प्रथम पांच स्थान पाने वाले बच्चों के साथ ही पर्यावरण मित्र व स्वच्छता सारथी के रूप में चयनित बच्चों को सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक बालजीत कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सैमसन अब्राहम, अभय श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्रा, अमित त्रिपाठी, सुप्रिया रानी, चंद्रजीत, अर्चना श्रीवास्तवा, राजाराम, हरिकेश, शिव करन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# आयुक्त ने डीएम के साथ किया मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** आयुक्त बस्ती मंडल बस्ती अखिलेश कुमार सिंह द्वारा शनिवार को जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर के साथ माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त बस्ती मंडल बस्ती अखिलेश कुमार सिंह ने आर्थो, सर्जरी एवं जनरल मेडिसिन ओपीडी कक्ष को देखा। आयुक्त द्वारा ओपीडी में तैनात डॉक्टर से आज के ओपीडी के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। शनिवार को आर्थो में 71 ओपीडी, जनरल मेडिसिन में 129 ओपीडी हुआ। आयुक्त ने ओपीडी बढ़ाने एवं मरीजो को बाहर की दवा न लिखने का निर्देश दिया कहा कि मरीज को अंदर की दवाएं उपलब्ध कराए। प्राचार्य मेडिकल कॉलेज द्वारा अवगत कराया गया कि सभी दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। इसके पश्चात आर्थो वार्ड, सर्जरी वार्ड एवं मेडिसिन जनरल वार्ड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान वार्ड में तैनात डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ से मरीजों को दी गई दवाइयां/जांच के बारे में जानकारी प्राप्त किया। भर्ती मरीजों से उनको मिल रही इलाज के बारे में जानकारी प्राप्त किया। मरीजों द्वारा अवगत कराया गया कि दवाएं समय से व जांच सुविधा सब अंदर से ही मिल रही है। मरीजो को मिलने वाले भोजन के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ए के झा ने बताया कि मरीजो को भोजन वितरण का कार्य एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। सभी वार्ड में भर्ती मरीजों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्राचार्य द्वारा अवगत कराया गया कि साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए टेंडर कराया गया है। जिसमें चयनित एजेंसी द्वारा मेडिकल कॉलेज की साफ सफाई अपने स्टाफ द्वारा कराया जाता है। आयुक्त ने प्राचार्य को निर्देश दिया कि संबंधित एजेंसी से मेडिकल कॉलेज में तैनात साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने वाले कार्मिक को टेंडर की शर्तो के अनुसार तैनात कर साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराया जाए। एजेंसी के नोडल अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि मेडिकल कॉलेज में रोस्टर के अनुसार कर्मचारियों से साफ सफाई कराया जाता है। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ राजेश मोहन, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर ए के झा, उप जिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य एवं संबंधित डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

**आयुक्त ने ओपीडी बढ़ाने एवं मरीजों को बाहर की दवा न लिखने का दिया निर्देश**

## दो सर्राफा व्यापारियों की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर सीओ बांसी को सौंपा ज्ञापन

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सर्राफा मंडल बांसी के व्यापारियों ने एक सप्ताह के भीतर जिले हुई दो सर्राफा व्यापारियों की हत्या के विरोध में शनिवार को विरोध प्रदर्शन कर सी ओ बांसी मयंक द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा है। इस घटना को लेकर व्यापारियों में काफी आक्रोश है।सिर्राफा व्यापार मंडल कार्यालय में सर्राफा व्यापारियों की बैठक हुई जिसमें सभी ने एक सुर से घटना की निंदा करते हुए हत्यारों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग किया है। इसके बाद सर्राफा व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। इसकी जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे सी ओ बांसी मयंक द्विवेदी व कोतवाल संतोष कुमार तिवारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि अभी बीते सात अप्रैल को मोहाना क्षेत्र के सुनील वर्मा के साथ लूट पाट व हत्या कर जलाने की घटना का मामला ठंडा नहीं हुआ था गोल्हौरा थाना क्षेत्र के रमटिकरा प्रभजन वर्मा की गोली मार कर हत्या कर दिया गया। इस घटना के बाद से व्यापारियों में डर का माहौल है। सभी ने जान-माल की सुरक्षा का उचित प्रबंध कर दोषियों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्यवाही करने की मांग किया है। ज्ञापन सौंपने वालों में सर्राफा व्यापार मंडल अध्यक्ष मनीष वर्मा, सुनील वर्मा, दिनेश चन्द्र वर्मा,जावेद अहमद, शरीफ खान, संजय वर्मा, प्रकाश चंद्र वर्मा, पंकज वर्मा, श्याम सुंदर वर्मा, श्री राम, अरशद खान, शंकर मराठा, रवि निषाद, हरगोविंद सहित काफी संख्या में व्यापारी शामिल थे।

## भाई की तहरीर पर चार अज्ञात लुटेरों के खिलाफ हत्या व लूट का मुकदमा दर्ज

**गोल्हौरा सिद्धार्थनगर बांसी अवधनामा संवाददाता।** गोल्हौरा थाना की पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर चार अज्ञात लुटेरों के खिलाफ हत्या व लूट का मुकदमा दर्ज किया है। आशीष कुमार पुत्र अनिल कुमार ग्राम रमटिकरा थाना गोल्हौरा ने थाना में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मैं गोल्हौरा में स्थित अपनी सर्राफा की दुकान को शुक्रवार की शाम बंद कर अपने छोटे भाई प्रभंजन के साथ मोटरसाइकिल से घर जा रहा था जैसे ही पाने गांव के रमटिकरा की तरह घूमा पीछे से एक प्लेटिना बाइक पर सवार चार लोग आए और पीछे से फायर कर दिया। इस फायरिंग में एक एक गोली मेरे छोटे भाई प्रभंजन के पीठ में लगी और वह गिर गया। इसके बाद मै रुका तो वह हमसे उलझ गए और हाथपाई करने लगे इस बीच एक गोली और मेरे भाई को मार दिया और डिग्गी तोड़कर डेढ़ किलो चांदी व पचास ग्राम सोना उठा ले गए। इस दौरान मेरा पिट्ठू बैग भी छीने का प्रयास किए लेकिन छीन नहीं पाए। इसके बाद मै अपने भाई को घायलावस्था में जिला अस्पताल लाया जहां चिकित्सकों ने मृत्य घोषित कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर हत्यारों की तलाश किया जा रहा है जल्द ही हत्यारे पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## जन-जन के प्रति दृढ़ संकल्पित है भाजपा : कन्हैया पासवान

### डोर टू डोर जनसंपर्क कर जिलाध्यक्ष ने बताई सरकार की उपलब्धियां



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस पर चल रहे विभिन्न अभियानों की श्रृंखला में गांव चलो अभियान के निमित्त शनिवार को विधानसभा क्षेत्र कपिलवस्तु अन्तर्गत विकास खण्ड नौगढ़ के रसूलपुर, कटया, पोखरभिटवा आदि ग्राम पंचायतों में जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जनसंपर्क कर सरकार के 8 साल बेमिसाल का पत्रक वितरित किया। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने बताया क्षेत्र की जनता से संवाद कर उन्हें केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। जिलाध्यक्ष ने कहा भाजपा के प्रति जनता का उत्साह और समर्थन प्रेरणादायी है, डबल इंजन की यह भाजपा सरकार जनता के लिए दृढ़ संकल्पित है। इस मौके पर जिला मडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष नौगढ़ देहात सोनू गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रति. राजेश मिश्रा, भाजपा नेता संतोष शुक्ला, सौरभ त्रिपाठी, अवनीश जायसवाल, अजय गुप्ता, अनिल चौधरी व करीम आदि लोग उपस्थित रहें।

# मौलाना मोजिज़ अब्बास ने अहलेबैत के तर्ज़ ए ज़िंदगी पर डाली रौशनी



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** पैग़म्बर-ए-अकरम सल्लाह व अलैहे व सल्लम ने फरमाया कि मैं तुममें दो भारी क़ीमती चीज़ें छोड़ कर जा रहा हूँ एक अल्लाह की किताब और मेरी दूसरी इतरत, यानी मेरे अहलेबैत। जब तक तुम इन दोनों को मज़बूती से थामे रखोगे, हरगिज़ गुमराह नहीं होगे।

उक्त उदगार तहसील क्षेत्र के हल्लौर स्थित मस्जिदे सानिए ज़ेहरा में मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना मोजिज़ अब्बास ने कही। उन्होंने कहा कि अहलेबैत का तर्ज़ ए ज़िंदगी हमें यह सिखाता है कि दीन सिर्फ़ इबादत का नाम नहीं है, बल्कि अद्ल, मोहब्बत, सब्र, सच्चाई और क़ुर्बानी जैसे उसूलों का अमली इज़हार है। इमाम अली अलैहिस्सलाम का अद्ल, जनाबे सैय्यदा फ़ातिमा स. अ. की इफ़्फ़त और पाकदामनी, हज़रत इमाम हसन अस का सब्र, और हज़रत इमाम हुसैन अस की क़ुर्बानी। ये सब हमारे लिए मशअल-ए-राह हैं। मौलाना मोजिज़ अब्बास ने आगे कहा कि मजलिस-ए-अज़ा दरअसल यही पैग़ाम देती हैं कि हम न सिर्फ़ इन अज़ीम हस्तियों का ग़म मनाएँ बल्कि उनके किरदार को अपनी ज़िंदगी का हिस्सा बनाएँ। आज जब हम मिंबर पर उनका ज़िक्र करते हैं, तो दरअस्ल इंसानियत को शऊर बेदारी और निजात की तरफ़ दावत देते हैं। अहलेबैत का तर्ज़ ए हयात एक ऐसा मुकम्मल आईना है, जिसमें हर दौर का इंसान अपनी राह पा सकता है बस शर्त यह है कि हम उनके नक़्श ए क़दम पर चलने का अहद करें। मजलिस से पूर्व हैदरे कर्रार व हमनवा ने मरसिया पेश किया। मजलिस के दौरान अज़ीज़ हैदर सदलू पूर्व प्रधान, प्रिंस, राजू मंत्री, अनवर अब्बास, लाडले बीडीसी, बबलू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## तेज आवाज से बजने वाले डीजे से परेशान हैं ग्रामीण

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज ब्लाक के भटंगवा ग्राम में इन दिनों तेज आवाज के साथ दिन भर डीजे बजाते है जिससे स्थानिय लोगों को बहुत कष्ट होता है बच्चे भी पढ़ाई नहीं कर पाते हैं इसी बाबत डुमरियागंज थाने में ग्रामवासी मकसूद ने थाना अध्यक्ष श्याम सुंदर तिवारी को लिखित शिकायती तहरीर दी है उसमें बताया गया है कि गांव के अशीश डीजे तथा गोपाल डीजे सुबह से शाम तक तेज आवाज में डीजे बजाते हैं जब की मेरे पिता हार्ट के मरीज हैं तेज आवाज से उनकी तबीयत बिगड़ने लगती है तथा स्कूली बच्चे भी नहीं पढ़ पाते हैं उन्होने कहा कि जबकि कोर्ट का आदेश है कि सार्वजनिक स्थानों पर तेज आवाज में डीजे नहीं बजा सकते इसके तेज बजने से सड़क पर गाड़ियों का हारन भी नहीं सुनाई देता है जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस सम्बन्ध में थाना अध्यक्ष श्याम सुंदर तिवारी ने बताया लिखित शिकायत मिली है मैं जल्द ही उचित कार्रवाई कर के उन लोगों के ऊपर कानूनी कार्रवाई करूंगा।

## बाइक सवार ने व्यक्ति को मारी ठोकर, पैर टूटा

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली लोटन अंतर्गत बनियाडीह चौराहे पर लगभग एक बजे एक बाइक सवार ने एक व्यक्ति को जोरदार ठोकर मार दिया। जिसमें इफ्तेखार पुत्र सुलेमान उम्र 47वर्ष निवासी बनियाडीह चौराहे पर सड़क पार कर रहा था अचानक लोटन से सोहास की तरफ तेज रफ़्तार से आ रहे बुलेट बाइक सवार ने जोरदार ठोकर मार दिया। जिसमे इफ्तेखार का दाया पैर टूट गया। और आँख के ऊपर बाएं तरफ गंभीर चोट आई। गनीमत रही की कोई बड़ी अनहोनी होने से बच गए। बुलेट सवार ठोकर मारकर भाग गया। परिजनों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन भर्ती कराया गया। घायल व्यक्ति की हालत देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। कोतवाल लोटन राजेश कुमार गुप्ता का कहना कि अभी तहरीर नहीं मिली है।

## दरोगा व सिपाही के खिलाफ थाने पर मारने पीटने की पड़ी तहरीर

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली लोटन क्षेत्र के स्थानीय बाजार लोटन के प्रधान प्रदीप मोदनवाल के भतीजे आर यन मोदनवाल पुत्र रामानंद मोदनवाल उम्र 14 वर्ष को लोटन पुलिस द्वारा बिना किसी गुनाह के रात में मारने पीटने का मामला प्रकाश में आया है। घटना शुक्रवार रात दस बजे की है।परिजनों ने कोतवाली में दरोगा के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। नाबालिग लड़के आर एन मोदनवाल के चाचा प्रदीप मोदनवाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए कहां है कि आर एन घर से अपने पिता को खाना देने दस बजे दुकान पर जा रहा था कि सादे वर्दी में पुल पर यस के सिंह व चार सिपाही बैठे थे। इतने में यस के सिंह दरोगा बच्चे से एक बोतल पानी व चिखना लाने के लिए कहें लड़के ने लाने से मना कर दिया। इतने में उक्त दरोगा ने लड़के को थप्पड़ व लात घूसों से मारने के साथ मां बहन को भद्दी भद्दी गालियां देने लगे।मारने पीटने से लडके को काफी चोट लग गया है। लड़के के रोने व चीखने चिल्लाने पर लोगों ने बीच बचाव किया। लड़के के चाचा प्रदीप मोदनवाल ने थाने पर तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही कराने की मांग की है। इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता का कहना है कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

## हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**ककरहवा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** इंडो नेपाल बार्डर पर स्थित बूड़ा क्रीड़ा केंद्र पर खेल एवं खिलाड़ियों की संस्था क्रीड़ा भारती की स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर शनिवार को क्रीड़ा भारती के प्रांत योग प्रमुख महेश कुमार द्वारा हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



स्थापना दिवस कार्यक्रम में क्रीड़ा भारती के प्रांत अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति सहित एडवोकेट शेषमणि प्रजापति एवं महेश शुक्ला जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। स्थापना दिवस कार्यक्रम में सर्वप्रथम आराध्य दे श्री हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया था तथा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के समक्ष क्रीड़ा केंद्र बुड़ा के बच्चों द्वारा योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रीड़ा भारती के योग प्रमुख महेश कुमार के तरफ से अतिथि के रूप मे शेषमणि प्रजापति को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांत अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति ने कहा कि क्रीडा भारती राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अनुसांगिक संगठन है तथा खेल एवं खिलाड़ियों के बीच राष्ट्र की भावना जगाने का कार्य करती है। हनुमान जन्मोत्सव के दिन ही क्रीड़ा भारती की स्थापना हुई थी। आज के दिन पूरे देश में हम कीड़ा भारती स्थापना दिवस के रूप में मनाते हैं। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा हुई योग प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता को पुरस्कृत किया गया।

## 2027 की तैयारी शुरू, बीजेपी का गांव चलो अभियान, 13 अप्रैल तक चलेगी मुहिम

**बस्ती।** भाजपा स्थापना दिवस अभियान के तहत गांव-गली-वार्ड चलो अभियान अपने आखिरी पड़ाव पर है। 13 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान के तहत भाजपा के नेता व कार्यकर्ता घर-घर जाकर डबल इंजन की सरकार की उपलब्धियां गिना रहे है। जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा आमजन से पार्टी ने जो वादे किए थे, उन्हें पूरा कर दिया है। भाजपा केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं व ऐतिहासिक निर्णयों को जनता के सामने रख रहे है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के गांव/वार्ड चलो अभियान के अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र के रौतापार वार्ड में एक भव्य चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व सांसद एवं असम प्रभारी श्री हरीश द्विवेदी जी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। चौपाल में श्री द्विवेदी ने केंद्र एवं प्रदेश में डबल इंजन की सरकार द्वारा सेवा, सुरक्षा और सुशासन के सिद्धांतों के तहत चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं – जैसे कि आर्थिक सहायता, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, मुफ्त राशन, उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि – पर विस्तार से चर्चा की। चौपाल में उपस्थित लाभार्थियों ने इन योजनाओं से मिले लाभ के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार को धन्यवाद देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा, भाजपा सरकार का ध्येय है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचे। सरकार की सभी योजनाएं पारदर्शिता के साथ लाभार्थियों तक पहुंच रही हैं। वार्ड की सभासद श्रीमती मंजू श्रीवास्तव ने अपने वार्ड की माताओं एवं बहनों को जनसंपर्क व सरकार की नीतियों को घर-घर पहुंचाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।



## निजी अस्पताल में कार्यरत नर्स की नृशंस हत्या, भाजपा जिलाध्यक्ष ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** जिले के खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत टेमा रहमत स्थित संस हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में कार्यरत 24 वर्षीय नर्स ममता चौधरी की बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतका पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के पहुरा गांव की निवासी थी और राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर स्थित उक्त निजी अस्पताल में बतौर नर्स काम कर रही थीं। घटना की सूचना पाकर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री विवेकानन्द मिश्र शनिवार को बस्ती सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पहुरा पहुंचे, जहां उन्होंने पीड़िता के पिता श्री रामभवन चौधरी सहित परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय बताते हुए कहा कि यह एक मानवीय संवेदना को झकझोर देने वाली घटना है। परिवार को न्याय दिलाने के लिए हम हर स्तर पर साथ खड़े हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष ने मौके पर ही संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोरतम सजा दी जानी चाहिए ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। इस अवसर पर भानु प्रकाश मिश्र, अखण्ड प्रताप सिंह, विद्या मणि सिंह, ब्लॉक प्रमुख अभिषेक कुमार, नीरज प्रजापति, दिव्यांशु दुबे धनन्जय सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



## विद्यालयों में पहुंचनी शुरू हो गई निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** परिषदीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में नए सत्र की निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें विद्यालयों में पहुंचनी शुरू हो गई हैं। इस बार शिक्षकों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के लिए बीआरसी का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। ठेकदार द्वारा अपने वाहन से स्वयं विद्यालयों तक सारी किताबें पहुंचाई जा रही हैं। निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के पहुंचाने के क्रम में आज पहले दिन विकास क्षेत्र बर्डपुर के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवरा चौधरी में कक्षा 6, 7, 8 की हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, संस्कृत, इतिहास, भूगोल, हमारा पर्यावरण, कृषि विज्ञान, गृह शिल्प, भारत के महान विभूतियां, खेल और स्वास्थ्य, स्काउट गाइड, पृथ्वी और हमारा जीवन, भारत संसाधन और विकास के अलावा गणित, विज्ञान और कृषि की कार्य पुस्तिका सहित संपूर्ण किताबें एकमुश्त पहुंचाए जाने से शिक्षकों के मध्य बेहद हर्ष व्याप्त है, इस बार लोगों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के लिए बीआरसी का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। विद्यालय पर ही उन्हें सारी पुस्तकें मिल जायेगी। इससे अध्यापकों को विद्यालय छोड़कर भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी, और समय से किताबों के मिलने से विद्यालय में छात्र नामांकन में भी आशातीत वृद्धि होगी।



## राज्यपाल का रोल और टकराहट

संविधान में केन्द्र और यूपी के बीच विधायी कार्यकारी और वित्तीय शक्तियों का स्पष्ट बटवारा किया गया है। राज्यवालों को इसका पालन करना चाहिये। 1959 में गर्वनर की रिपोर्ट पर केन्द्र ने केरल में नंबुदरीपाद सरकार को अपदस्थ कर दिया था। इसके बाद राज्यों और गर्वनरों के बीच टकराव बढ़ने लगा। अब कुछ ज्यादा हो रहा है। इसे लेकर तामिलनाडु, सरकार ने सुप्रीमकोर्ट में याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट का जो फैसला आया वह राज्य और गर्वनर के बीच गाइड लाइन होनी चाहिये। कोर्ट ने एक बार फिर राज्यपालों की भूमिका बताई है। उम्मीद है इस फैसले से राज्यों और गवर्नरों के बीच टकराव कम होगे। गर्वनर कई प्रस्ताव लम्बे अर्से रोक रक्खा था उसे राष्ट्रपति के पास भेजा था। कोर्ट ने इसे स्पष्ट रूप से अवैध बताया और विधिक प्रारूप के खिलाफ बताया। केरल में भी पिछले साल एक विवाद इसी तरह का हुआ था। तब राज्य में डेमोकेट्रिक सरकार थी जिसे सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर डेमोक्रेटिक सरकार चली गई।

सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी कह चुकी है कि राज्यपाल विधानसभा में पारित किसी प्रस्ताव को हमेशा के लिये रोक नहीं सकते। उन्हें फैसला लेना होगा। पर कोर्ट के मार्गदर्शन पर कोई अमल नहीं दिख रहा है। पश्चिम बंगाल में ममता सरकार वहां राज्यपाल के खिलाफ तनी हुई है। यह उनका पुराना इतिहास है। कोर्ट ने कहा है राज्यपालों को 1-3 महीने के अन्दर कोर्ट को कोई निर्णय लेना ही चाहिये।

नवम्बर 2023 में पंजाब सरकार और राज्यपाल के बीच हुये तकरार में सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी ही थी। कहा था हमारा देश स्थापित परम्पराओं पर चल रहा है। उनका पालन होते ही रहना चाहिये। देश में स्थापित परम्पराओं का राज्य संवैधानिक प्रमुख होने के कारण परम्पराओं की सुरक्षा में राज्यपाल की महती जिम्मेदारी है।


1959 में गर्वनर को रिपोर्ट केरल सरकार अपदस्थ हो गई थी। वह सरकार की बर्खास्तगी का पहला मामला था। उससे प्रेरित हो कर राज्यपालों की नियुक्ति राजनैतिक होने लगी यानी वहां की सरकार के मुख्यमंत्री के अनुकूल व्यक्तियों की नियुक्तियां राज्यपाल के रूप में होने लगी ऐसे राज्यपाल वहां के मुख्यमंत्री के अनूकूल फैसले लेने लगे। इससे उन्हें लम्बी पारी खेलने कर मौका मिलने लगा। एक जगह से रिटायर कर दूसरे राज्यों में पदस्थ किये जाने लगे। दिल्ली में जब केजरीवाल के पार्टी की सरकार थी तो गवर्नर से टकराव की वजह से बिल रूके राहते थे। दिल्ली में सरकारी काम नहीं हो पाता था। ममता सरकार की गर्वनर धनखड़ और आनन्य बोस के साथ पटरी नहीं बैठ पा रही है।

आगे आगे देखिये होता है क्या
इब्तदाये इश्क है रोता है क्या

**वर्णाश्रम व्यवस्था ठीक थी गलत धारणा है उन्होने सवाल भी उठाया था कि अगर वर्णाश्रम व्यवस्था ठीक है तो महात्मा गांधी के बेटे को पत्रकार बनने और पढ़ाई करने का हक नही है। जहाँ गांधी कहते थे कि आरम्भ में वर्णव्यवस्था अच्छी थी और कालांतर में उसमें दोष आ गया वही अम्बेडकर कहते थे कि वर्णव्यवस्था आरम्भ से ही खराब थी और उसके लिये हिन्दू समाज के तमाम धर्मग्रंथ जिम्मेदार है। अगर हिन्दू समाज को बचाना है कि तो उन तमाम धर्मर्ग्रन्थों से पीछा छुड़ाकर कोई एक धार्मिक ग्रंथ तैयार करना होगा।**

# गांधी और अम्बेडकरविवाद से निकला सामाजिक न्याय

देश की आजादी के इस तथाकथित अमृतकाल के अवसर परगांधी और अम्बेडकर के बीच चले लम्बे विवाद की अन्तरवस्तु समझना बहुत जरूरी है। उस विवाद से आजादी का न्याय अर्थ निकलता है और सामाजिक न्याय का सिद्धांत साकार होता है। इस विवाद को समझने और उस पर चर्चा करने के दो नजरिये है। एक नजरिया और उददेश्य यह है कि विवाद को बढ़ाते रहिये और दोनों को लड़ाकर समाज का बांटने और आजादी के महान मूल्यो को कमजोर करने का माहौल पैदा करते रहिये। कुछ लोग अम्बेडकर के डण्डे से गांधी को पीटते है तो दूसरे लोग गांधी की लाठी से अम्बेडकर को पीटते है। वे सोचते है कि वे भारत और उसके समाज का भला कर रहे है। जबकि इससे दोनो कमजोर होते है और कमजोर होता है भारतीय समाज का नैतिक बल और समता मूलक विचार। निश्चित तौर पर दोनो के बीच मतभेद थे और उसमें गंभीर टकराव भी थे। लेकिन वे दोनों समाज को अपने अपने नजरिये से बेहतर बनाना चाहते थे। इसलिये जिन्हे भी भारतीय समाज को बेहतर और श्रेष्ठ बनाना है उन्हे सोचना होगा कि उनके मतभेद और टकराव के इतने साल बाद उसे किस तरह से देखा जाये। दूसरा नजरिया दोनों के मतभेदों को समझते हुए यह तय करने का है कि किस तरह से उनका समन्वय किया जाये और समाज और नया देश बनाया जाये, जो लोग आजादी को भीख में मिली हुई बताते है या 99 साल की लीज पर आई हुई बताते है वे न तो गांधी के महत्व को समझ सकते है और न ही अम्बेडकर के। उनसे भिड़ने का मतलब है। दीवार में सिर टकराना क्योकि जो सोया है उसे तो जगाया जा सकता है, लेकिन जो जाग कर भी सो रहा है उसे नही जगाया जा सकता है। गांधी आजादी की लड़ाई लड़ रहे थे और उनका सर्वाधिक जोर आजादी पाने पर था, लेकिन कांग्रेस पार्टी और देश के अन्य संगठनों के बड़े नेताओं में महात्मा गांधी ऐसे नेता थे, जिन्हे इस बात का एहसास था कि छुआछुत भारतीय समाज की गंभीर समस्या है और हमे इसका समाधान करना ही होगा। लेकिन इसी के साथ वे साम्प्रादायिक को भी बड़ी समस्या मानते थे। इसलिये दूसरे नम्बर पर उनका जोर साम्प्रादायिक के जहर को कम करने और छुआछूत को मिटाने पर रहता था। जबकि डा. अम्बेडकर का मानना था कि भारतीय समाज की जाति व्यवस्था इस समाज की तमाम कमजोरियों की जड़ में है। वास्तव में अगर भारत गुलाम हुआ तो उसके पीछे जाति के ढ़ाचे का बड़ा योगदान था। इसलिये जाति को मिटाए बिना भारतीय समाज शक्तिशाली होकर खड़ा नही हो पायेगा। वे यह भी मानते थे कि जाति को मिटाए बिना अगर आजादी मिल भी गई तो वह तमाम संकटो से घिरी होगी, और टिकाऊ नही होगी। इसी के साथ वे यह भी मानते थे कि वर्ण व्यवस्था और जाति व्यवस्था में कोई अंतर नही



जयशंकर पाण्डेय



है। इसलिये यह कहना कि वर्णाश्रम व्यवस्था ठीक थी गलत धारणा है उन्होने सवाल भी उठाया था कि अगर वर्णाश्रम व्यवस्था ठीक है तो महात्मा गांधी के बेटे को पत्रकार बनने और पढ़ाई करने का हक नही है। जहाँ गांधी कहते थे कि आरम्भ में वर्णव्यवस्था अच्छी थी और कालांतर में उसमें दोष आ गया वही अम्बेडकर कहते थे कि वर्णव्यवस्था आरम्भ से ही खराब थी और उसके लिये हिन्दू समाज के तमाम धर्मग्रंथ जिम्मेदार है। अगर हिन्दू समाज को बचाना है कि तो उन तमाम धर्मर्ग्रन्थों से पीछा छुड़ाकर कोई एक धार्मिक ग्रंथ तैयार करना होगा। हिन्दू समाज को एक मिशनरी समाज बनाना होगा और जाति व्यवस्था का अंत करना होगा। डा. अम्बेडकर को जाति की समस्या इतनी बड़ी लगती थी कि भारत को अंग्रेजो से पूरी तरह आजादी नही चाहते थे। बल्कि डोमिनियन स्टेटस यानी कनाडा जेसा दर्जा चाहते थे। इसी के साथ डा अम्बेडकर के अनुसूचित जाति के लिये अलग मतदाता मण्डल भी चाहा था। उनका कहना था कि जब गांधी जी मुस्लिमों और सिखों के लिए वैसा मानने को तैयार है तो अछूतो के लिये क्यो नही। इस टकराव का शिखर 1932 में येरवदा जेल में महात्मा गांधी के अनशन में दिखाई पड़ता है। और इसी के परिणाम स्वरूप पूना समझौता होता है। पूना समझौते के दौरान क्या क्या हुआ। इस बात गांधी जी के निजी सचिव प्यारेलाल ने द इपिक फास्ट जैसी प्रसिद्ध पुस्तक लिखी है। उस समझौते में डा. अम्बेडकर के झुकने को ही आज मुददा बनाया जाता है और तमाम विश्लेषक उसे गांधी का दलितों के प्रति दुश्मनी वाला बर्ताव मानते है। लेकिन उन स्थितियों की व्याख्या करते हुए राजमोहन गांधी ने लिखा है कि गांधी के उस अनशन ने डा. अम्बेडकर को तो झुकाया ही लेकिन सवर्ण समाज पर परिवर्तन का बहुत बड़ा दबाव बनाया। उस अनशन के कारण तमाम ब्राह्मणों ने अछूतो के मन्दिर प्रवेश कराया। एक तरह से भारतीय इतिहास में सामाजिक बदलाव का इतना बड़ा दबाव किसी भी महापुरूष ने नही पैदा किया था। पृथक मतदाता मण्डल में अनुसूचित जाति को जितनी सीटें मिल रही थी गांधी ने उससे दो गुनी सीटे दिलवायी।

अम्बेडकर का मानना था कि इससे पहले भी समाज में सुधार के प्रयास हुए है लेकिन उन प्रयासों में आध्यात्मिक भाव है। भक्ति आन्दोलन उसी का उदाहरण है। उससे पहले बुद्ध के समय में भी जो कुछ हुआ वह भी राजनीतिक प्रभाव नही छोड़ पाया था। लेकिन आधुनिक दौर में राजनीतिक और संवैधानिक प्रयासों की जरूरत है। उनके इन बातों से गांधी जैसा संत राजनेता भी सहमत हुआ और उन्होनें अपने आध्यात्मिक और राजनीतिक दोनों प्रयासों को इस काम में लगाया। जो गांधी 1930 में चार वर्णो में यकीन करते थे वे बाद के दोनों में कहने लगे थे कि वे सिर्फएक वर्ण में यकीन करते है।

डा0 अम्बेडकर को संविधान सभा में लाने और उनकी प्रतिमा कर राष्ट्र निर्माण के काम में लगाने के लिये गांधी ने पूरा जोर लगाया। कोलकाता में जब अंग्रेज लेखिका मुरियल लिस्टर ने गांधी से पूछा कि जोगेन्द्र नाथ मण्डल तो पाकिस्तान चले गये है अब आपका संविधान कौन बनायेगा तो गांधी ने कहा कि अम्बेडकर हमारे पास है और संविधान वे बनायेगे। मुरियल ने कहा कि आपका और उनका तो विवाद है। गांधी ने मुरियल से कहा कि इस विवाद को खत्म करते हुए आप उन्हे मेरा सदेंश दे कि वे इस काम में हाथ बटाएं। मुरियल ने गांधी और अम्बेडकर के बीच सेतु का काम किया और डा अम्बेडकर ने अपनी भूमिका निभाई। संविधान निर्माण सम्पन्न होने से पहले ही गांधी की हत्या हो चुकी थी, लेकिन जब छुआछूत मिटाने वाला अनुच्छेद 17 संविधान सभा में पारित किया गया तो उसमें महात्मा गांधी की जय के नारे गूंजे। तमाम मतभेदों के बावजूद डा अम्बेडकरभी गांधी की तरह संवैधानिक और अहिंसक मार्ग पर चलने वाले राजनेता थे। यह भी एक वजह है कि जब उन्होने हिन्दू धर्म का त्याग किया तो बौद्ध धर्म अपनाया। उनका बौद्ध धर्म उसी तरह निजी सम्पत्ति के परहेज करने वाला था जिस तरह से मार्क्सवाद करता है। बस उसमें सर्वहारा की तानाशाही नही एक लोकतांत्रिक व्यवस्था की प्रेरणा थी।

## दलितों के मसीहा डॉ. भीमराव आबेडकर

डॉ भीमराव आंबेडकर बहुज्ञ, विधि वेत्ता वकील, प्रोफ़ेसर, राजनीतिज्ञ, अर्थशास्त्री संपादक, समाज सुधारक, दलितों के मसीहा, स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे । उन्होंने देश में दलितों, पिछड़ों कमजोरों व महिलाओं का स्तर उठाने व समाज में दर्जा दिलाने के लिए संगठित होकर उनको समाज की बराबरी में हक दिलाने का कार्य किया। 14 अप्रैल 1928 में पुणे में पहली बार डॉ. आंबेडकर जयंती मनाने की परंपरा शुरूआत सदाशिव रण पिसे ने की थी । तब से अब तक 14 अप्रैल को देश में सार्वजनिक अवकाश के रूप में आंबेडकर जयंती मनाई जाती है विश्व के लगभग 100 देशों में भी आंबेडकर जयंती मनाई जा रही है। भीमराव आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891को मध्य प्रदेश के एक छोटे से महू गांव में नगर सैनिक छावनी में हुआ था। उनके पिता का नाम रामजी मालो जी सकपाल था और माता का नाम भीमाबाई था। वहअपने माता पिता की चौदहवीं और अंतिम संतान थे। इनका जन्म महार जाति में हुआ था जिसे लोग अछूत और बेहद निचला वर्ग में मानते थे ।भीमराव का बचपन का नाम रामजी सकपाल था आंबेडकर के पूर्वज लंबे समय तक ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना में कार्य करते थे उनके पिता ब्रिटिश भारतीय सेना की महू छावनी में सेवा में थे। इनका गांव वर्तमान में महाराष्ट के रत्नागिरी जिले आंबडबे था। महार जाति के अछूत थे इसलिए उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव सहन करना पड़ता था। विद्यालय शिक्षा में अच्छे होने के बावजूद भी छुआछूत के कारण उन्होंने अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। 7 नवंबर 1900 से रामजी सकपाल ने सातारा नगर में स्थित गवर्मेंट हाई स्कूल में अपने बेटे का नाम भिवा रामजी आंबड वेकर लिखाया था। बाद में एक ब्राह्मण शिक्षक कृष्णा केशव जो इनसे स्नेह रखते थे उनके नाम से आंबड वेकर हटाकर आंबेडकर कर दिया था। तब से आज तक वह आंबेडकर नाम से ही जाने जाते हैं। 1897 में रामजी सकपाल परिवार के साथ मुंबई चले आए थे। 1906 में जब भीम राव आंबेडकर की उम्र लगभग 14 वर्ष की थी 09 वर्ष की लड़की रमाबाई से इनका विवाह कर दिया गया था क्योंकि उस समय बाल विवाह का प्रचलन था। रमाबाई के निधन के बाद 1948 में उन्होंने डॉ सविता आंबेडकर से विवाह कर लिया था। मुंबई आने पर एलफिंस्टन रोड पर स्थित शासकीय हाई स्कूल में आगे की शिक्षा प्राप्त की 1907 में उन्होंने मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण की बाद में एलफिंस्टन कॉलेज में प्रवेश लिया जो मुंबई विश्वविद्यालय से संबद्ध था। अपने समुदाय के ऐसी शिक्षा ग्रहण करने वाले वह पहले व्यक्ति थे। 1912 तक मुंबई विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में कला स्नातक बी ए परीक्षा उत्तीर्ण की और बड़ौदा राज्य सरकार के साथ काम करने लगे बाद में अपने बीमार पिता को देखने मुंबई आए उनके पिता का निधन 2 फरवरी 1913 को हो गया । 1913 में आंबेडकर 22 वर्ष की आयु में वह अमेरिका चले गए जहां उन्हें सयाजीराव गायकवाड तृतीय (बड़ौदा के गायकवाड़) द्वारा स्थापित एक योजना के अंतर्गत न्यूयॉर्क नगर स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर शिक्षा के अवसर प्रदान करने के लिए 3 वर्ष तक 25 (11.50 डालर ) प्रतिमाह बड़ौदा राज्य की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। वहां पहुंचने के बाद तुरंत वे लिविंस्टन हॉल में पारसी मित्र नवल भातेना के साथ रह गए। जून 1915 में उन्होंने एम ए परीक्षा पास किया और स्नातकोत्तर कॉलेज में प्राचीन भारतीय वाणिज्य विषय पर शोध प्रस्तुत किया ।1916 में दूसरा शोध कार्य भारत का राष्टीय लाभांश एक ऐतिहासिक और विश्लेषणात्मक अध्ययन के लिए दूसरी कला स्नातकोत्तर उपाधि प्रदान की गई। 1916 में तीसरे शोध में ब्रिटिश भारत में प्रांतीय वित्त का विकास के लिए अर्थशास्त्र में पीएचडी प्रदान की गई। यह उपाधि बाद में 9 मई 1927 को दी गई। अंबेडकर को बड़ौदा राज्य से प्राप्त छात्र वृत्ति समाप्त हो गई। धनाभाव में वह वापस आ गए पर 4 साल के भीतर अपनी थीसिस लेकर लौटने की अनुमति मिल गयी थी। बड़ौदा राज्य में सेना सचिव पद आंबेडकर को छोड़ना पड़ा यह पद छोड़ना भी भेदभाव के कारण हुआ उन्होंने निजी शिक्षण और लेखाकार के रूप में काम करना शुरू कर दिया। उनके एक अंग्रेज जानकार ने मुंबई के पूर्व राज्यपाल लार्ड सिड नेम के कारण उन्हें मुंबई के सिडनेम कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स में राजनीतिक अर्थव्यवस्था के प्रोफेसर के रूप में नौकरी मिल गई ।1920 में कोल्हापुर के शाहू महाराज अपने पारसी मित्र के सहयोग से और कुछ निजी बचत से वह एक बार फिर लंदन में वापस जाने में सफल हुए।



ओम प्रकाश 'सुमन'

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# बैसाखी पर्व खुशहाली व समृद्धि का प्रतीक

**1699 में इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। मान्यतानुसार इस पंथ की स्थापना का लक्ष्य धर्म और नेकी के रास्ते पर चलना और उसका पालन करना था। किसान अपनी फसल काटने की खुशी में यह त्योहार मनाते हैं तो वहीं पंजाब में इस दिन गिद्दा-भांगड़ा किया जाता है, इस दिन को सिक्खों के नए साल के रूप में भी मनाया जाता। इस दिन नगर कीर्तन निकाले जाते हैं और समाज में भाईचारे का संदेश दिया जाता है।**

वैश्विक स्तरपर भारत सर्वधर्म समभाव का सटीक प्रतीक माना जाता है, क्योंकि यहां हर धर्म के त्योहारों का आनंद सब मिलकर लेते हैं, जो विदेशी सैलानी भी लेने आते हैं, व पूर्ण रूप से प्रभावित व संतुष्ट होकर जाते हैं। अभी हमने कुछ दोनों पूर्व ही महाकुंभ उत्सव चेट्रीचंड्र, ईद, रामनवमी का उत्साह देखे हैं जो अलग-अलग जाति धर्म समाज़ों के त्यौहार है, परंतु हमने देखे कि इन्हें सभी ने मिलकर मनाया, जो हमारी सामाजिक और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है, इसी कड़ी में 13 अप्रैल को एक और अध्याय जुड़ गया है, क्योंकि इसदिन पूरा भारत विशेष रूप से पंजाब हरियाणा उत्तरप्रदेश उत्तराखंड हिमाचल प्रदेश जम्मू कश्मीर सहित अनेको राज्यों में मनाया जा रहा है। हमारी राईसिटी गोंदिया में भी बड़े धूमधाम से, बैसाखी पर्व कोमनाया जाता है, इस दिन मैं स्वयं भी गुरुद्वारे जाकर दर्शन लाभ उठाता हूं, अमृत वेले प्रभातीवेले से ही प्रभात फेरी सहित अनेकों कार्यक्रम शुरू हो जाते हैं, जहां भक्तों के भाव देखकर मैं भी भावभोर हो जाता हूं। हालांकि यह विशेष रूप से सिख समाज व किसानों के ही त्यौहार है, परंतु इसे मनाता सारा मानव समाज है। चूँकि बैसाखी उत्सव, समाज और धर्म के संगम का प्रतीक है, इसलिए आज हम मीडिया उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, बैसाखी पर्व 13 अप्रैल, खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक है, खालसा पंथ की स्थापना व नई फसल कटाई की शुरुआत का प्रतीक है तथा बैसाखी के दिन गुरुद्वारोंमें विशेषपूजाअर्चना,अरदास,भजनकीर्तन व प्रभात फेरी कणाह प्रसाद है का अत्यधिक विशेष महत्व है।

साथियों बात अगर हम भारत में बैसाखी पर्व मनाए जाने की करें तो, बैसाखी के पर्व को वैसाखी के नाम से भी जाना जाता है।बैसाखी का त्योहार पूरे हर्षोल्लास के साथ करीब करीब पूरे भारत में मनाया जाता है। हर साल बैसाखी 13 या 14 अप्रैल को ही मनाया जाता है, हर वर्ष बैसाखी के दिन सूर्य मेष राशि में करते हैं। बैसाखी के त्योहार से पंजाब और हरियाणा के क्षेत्रों में फसलों की कटाई शुरू हो जाती है। बैसाखी के पर्व को वैसाखी के नाम से भी जाना जाता है, और इस साल यह पर्व 13 अप्रैल को ही मनाया जा रहा है।बैसाखी के दिन गुरुद्वारों को सजाया जाता है। सिख समुदाय के लोग गुरुवाणी सुनते हैं,घरों में भी लोग इस दिन विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। खीर, शरबत आदि पकवान बनाए जाते हैं, इस दिन शाम के समय घर के बाहर लकड़ियां जलाई जाती हैं, जलती हुई लकड़ियों का घेरा बनाकर गिद्दा और भांगड़ा कर अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हैं। लोग गले लगकर एक दूसरे को बैसाखी की शुभकामनाएं देते हैं। बता दें बैसाखी के समय आकाश में विशाखा नक्षत्र होता है विशाखा नक्षत्र पूर्णिमा में होने के कारण इस माह को बैसाख कहते हैं, वैशाख माह के पहले दिन को बैसाखी कहा गया है। इस दिन सूर्य मेष राशि में गोचर करते हैं जिस कारण इसे मेष संक्रांति के नाम से भी जाना जाता है। बैसाखी को पोइला, बौइशाख, विशु, और बीहू जैसे नामों से भी जाना जाता है। बैसाखी सिखों का महत्वपूर्ण त्योहार है। 1699 में इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। मान्यतानुसार इस पंथ की स्थापना का लक्ष्य धर्म और नेकी के रास्ते पर चलना और उसका पालन करना था। किसान अपनी फसल काटने की खुशी में यह त्योहार मनाते हैं तो वहीं पंजाब में इस दिन गिद्दा-भांगड़ा किया जाता है, इस दिन को सिक्खों के नए साल के रूप में भी मनाया जाता। इस दिन नगर कीर्तन निकाले जाते हैं और समाज में भाईचारे का संदेश दिया जाता है। इसके अलावा, लोग इस दिन नई फसल के आगमन की खुशी में एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं और पारंपरिक गीत गाते हैं।

साथियों बात अगर हम बैसाखी उत्सव पर्व के महत्व की करें तो, बैसाखी का पर्व सिख धर्म में विशेष धार्मिक महत्व रखता है। यह दिन सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ की स्थापना का प्रतीक है। गुरु जी ने इस दिन सभी जातिगत भेदभावों को समाप्त कर दिया था और एकता का संदेश दिया था। यह पर्व सिखों के लिए एक नया अध्याय, एक नई शुरुआत और धार्मिक सिद्धांतों के पालन का दिन है। गुरु गोबिंद सिंह जी के नेतृत्व में खालसा पंथ की स्थापना ने समाज को एकजुट करने के लिए एक मजबूत कदम उठाया था। बैसाखी पर सिख धर्मावलंबी गुरुद्वारों में विशेष पूजा और अरदास करते हैं। इस दिन विशेष रूप से गुरुद्वारों में भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है और नगर कीर्तन की परंपरा निभाई जाती है। लोग इस दिन को अपने पवित्र कर्तव्यों को याद करने, गुरु के बताए मार्ग पर चलने और धर्म के प्रति अपनी आस्था को और गहरा करने का अवसर मानते हैं। बैसाखी का पर्व सिख धर्म के लिए एक समय होता है जब वे अपने गुरु की शिक्षा औरखालसा पंथ के महत्व को मानते हुए एकजुट होते हैं और समाज में शांति, भाईचारे और समानता का प्रचार करते हैं।बैसाखी का पर्व भारतीय समाज में एक सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व विशेष रूप से कृषि प्रधानसमाज के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि बैसाखी के दिन नई फसल की कटाई होती है। किसानों के लिए यह दिन खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक होता है,क्योंकि उन्हें अपनीमेहनत का फल मिल रहा होता है। खासकर पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश शहर अनेक प्रदेशों में यह पर्व बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन को किसान अपनी नई फसल की खुशहाली के रूप में मनाते हैं, और पारंपरिक तरीके से खेतों में काम करते हुए ढेर सारी खुशियां मनाते हैं। समाज के लोग एक साथ मिलकर नृत्य, संगीत और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। पंजाब में भांगड़ा और गिद्दा जैसे पारंपरिक नृत्य होते हैं, जो न केवल आनंद का स्रोत होते हैं, बल्कि एकता और भाईचारे को भी बढ़ावा देते हैं। यह दिन अपने आप में खुशी और एकजुटता का प्रतीक होता है,जब लोग एक- दूसरे के साथ मिलकर खुशी बांटते हैं और जीवन के नए चक्र की शुरुआत का स्वागत करते हैं। सिख समुदाय के लोगों के बीच बैसाखी का धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व है। वे इस त्योहार को बेहद खुशी और आनंद के साथ मनाते हैं। यह त्योहार पंजाबी नए साल की शुरुआत का प्रतीक है, बैसाखी के पर्व को पारंपरिक रीति- रिवाजों के साथ मनाया जाता है. बैसाखी फसल, नई शुरुआत और सिख समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है. इस महीने में रबी की फसल पककर पूरी तरह से तैयार हो जाती है और उनकी कटाई भी शुरू हो जाती है, इसीलिए बैसाखी को फसल पकने और सिख धर्म की स्थापना के रूप में मनाया जाता है। साथियों बात अगर हम बैसाखी के इतिहास की करें तो, बैसाखी का इतिहास 30 मार्च, 1699 को सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। उन्होंने सिख समुदाय के सदस्यों से गुरु और भगवान के लिए खुद को बलिदान करने के लिए आगे आने के लिए कहा था, आगे आने वालों को पंज प्यारे कहा जाता था।



किशन भावनानी



# वक्फ संशोधन अधिनियम : संपत्ति प्रबंधन, धार्मिक हस्तक्षेप नहीं

**सरवर नईम**

**वक्फ बोर्ड का गठन संसद द्वारा पारित वक्फ अधिनियम, 1954 के तहत किया गया था और यह कानून के प्रावधानों के अनुसार कार्य करता है। वास्तविकता यह है कि वक्फ संपत्ति प्रबंधन एक ऐसी संस्था है जो इस्लाम के मूल उद्देश्य - जरूरतमंदों के कल्याण के लिए संपत्ति दान करना - पर आधारित है। वक्फ संशोधन अधिनियम-2025 यह सुनिश्चित करता है कि इस्लाम में परिकल्पित इस पवित्र उद्देश्य को पूरी पवित्रता के साथ प्राप्त किया जा सके।**

हाल ही में संसद द्वारा पारित वक्फ संशोधन अधिनियम-2025 को लेकर कुछ वर्गों में भ्रम और आशंका का माहौल बनाया जा रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक ऐसे कानून को, जिसका मुख्य उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रशासन को सुव्यवस्थित करना और उन्हें अधिक प्रभावी बनाना है, मुस्लिम धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप के रूप में चित्रित किया जा रहा है। यह दृष्टिकोण न केवल तथ्यात्मक रूप से गलत है, बल्कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के पूर्व के निर्णयों की भी अनदेखी करता है।

यह समझना महत्वपूर्ण है कि यद्यपि 'वक्फ' एक धार्मिक अवधारणा है, तथापि वक्फ संपत्ति का प्रशासन विशुद्ध रूप से एक लौकिक मामला है, न कि धार्मिक। इस सिद्धांत को स्वयं सर्वोच्च न्यायालय ने तिलकयत गोविंदलालजी महाराज बनाम राजस्थान राज्य (1964) के मामले में स्पष्ट रूप से स्थापित किया था। न्यायालय ने यह फैसला दिया था कि मंदिर की संपत्तियों के प्रबंधन का अधिकार पूरी तरह से एक धर्मनिरपेक्ष मामला है और इसे धार्मिक प्रथा नहीं माना जा सकता है। इसी तर्क के आधार पर, वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन भी धार्मिक मामला नहीं माना जा सकता। वक्फ संशोधन अधिनियम-2025 का मुख्य उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रशासन को विनियमित करना है। नवीनतम संशोधन वक्फ संस्थानों के कामकाज को सुव्यवस्थित करने पर केंद्रित हैं। इनका उद्देश्य पारदर्शिता लाना, जवाबदेही सुनिश्चित करना और वक्फ संपत्तियों के दुरुपयोग को रोकना है। यह किसी भी तरह से मुस्लिम समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप नहीं करता है। मुसलमानों को अपनी धार्मिक मान्यताओं और प्रथाओं का पालन करने की पूरी स्वतंत्रता है और यह अधिनियम उस स्वतंत्रता पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाता है।

कुछ लोग वक्फ बोर्ड को कुरान, हदीस और अन्य पवित्र धार्मिक ग्रंथों से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, जो कि पूरी तरह से गलत है। केरल उच्च न्यायालय ने सैयद फजल पूकोया थंगल बनाम भारत संघ और अन्य (1993) के मामले में स्पष्ट रूप से कहा था कि वक्फ बोर्ड एक वैधानिक निकाय है, शुद्ध और सरल। यह मुस्लिम समुदाय का प्रतिनिधि निकाय नहीं है। वक्फ बोर्ड का गठन संसद द्वारा पारित वक्फ अधिनियम, 1954 के तहत किया गया था और यह कानून के प्रावधानों के अनुसार कार्य करता है। वास्तविकता यह है कि वक्फ संपत्ति प्रबंधन एक ऐसी संस्था है जो इस्लाम के मूल उद्देश्य - जरूरतमंदों के कल्याण के लिए संपत्ति दान करना - पर आधारित है। वक्फ संशोधन अधिनियम-2025 यह सुनिश्चित करता है कि इस्लाम में परिकल्पित इस पवित्र उद्देश्य को पूरी पवित्रता के साथ प्राप्त किया जा सके। जब वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन कुशलतापूर्वक और ईमानदारी से किया जाएगा, तो उनसे प्राप्त आय का उपयोग गरीब और वंचित मुसलमानों के कल्याण के लिए बेहतर ढंग से किया जा सकेगा।




अधिनियम का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों को अधिक उत्पादक बनाना है। बेहतर प्रबंधन और अतिक्रमणों को हटाने से इन संपत्तियों का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सामाजिक कल्याणकारी कार्यों में किया जा सकेगा, जिससे अंततः मुस्लिम समुदाय को ही लाभ होगा। यदि वक्फ संस्थाएं सुचारू रूप से कार्य करेंगी, तो वे समुदाय के विकास और उत्थान में अधिक प्रभावी योगदान दे पाएंगी। इसलिए, यह स्पष्ट है कि वक्फ संशोधन अधिनियम-2025 मुस्लिम धार्मिक मामलों में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं है। यह केवल वक्फ संपत्तियों के प्रशासन को बेहतर बनाने और यह सुनिश्चित करने के लिए एक आवश्यक कदम है कि इन संपत्तियों का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुंचे। मुस्लिम समुदाय को इस अधिनियम को सकारात्मक रूप से देखना चाहिए और इसका समर्थन करना चाहिए ताकि उनकी महत्वपूर्ण संपत्तियों का सही उपयोग सुनिश्चित हो सके और समुदाय का विकास हो सके। यह अधिनियम पारदर्शिता, जवाबदेही और सामुदायिक हित को बढ़ावा देने वाला है, न कि धार्मिक स्वतंत्रता का हनन करने वाला।

**वक्फ संशोधन अधिनियम-2025 : संपत्ति प्रबंधन, धार्मिक हस्तक्षेप नहीं** - हाल ही में संसद द्वारा पारित वक्फ संशोधन अधिनियम-2025 को लेकर कुछ वर्गों में भ्रम और आशंका का माहौल बनाया जा रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक ऐसे कानून को, जिसका मुख्य उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रशासन को सुव्यवस्थित करना और उन्हें अधिक प्रभावी बनाना है, मुस्लिम धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप के रूप में चित्रित किया जा रहा है। यह दृष्टिकोण न केवल तथ्यात्मक रूप से गलत है, बल्कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के पूर्व के निर्णयों की भी अनदेखी करता है।

यह समझना महत्वपूर्ण है कि यद्यपि 'वक्फ' एक धार्मिक अवधारणा है, तथापि वक्फ संपत्ति का प्रशासन विशुद्ध रूप से एक लौकिक मामला है, न कि धार्मिक। इस सिद्धांत को स्वयं सर्वोच्च न्यायालय ने **तिलकयत श्री गोविंदलालजी महाराज बनाम राजस्थान राज्य (1964)** के मामले में स्पष्ट रूप से स्थापित किया था। न्यायालय ने यह फैसला दिया था कि मंदिर की संपत्तियों के प्रबंधन का अधिकार पूरी तरह से एक धर्मनिरपेक्ष मामला है और इसे धार्मिक प्रथा नहीं माना जा सकता है। इसी तर्क के आधार पर, वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन भी धार्मिक मामला नहीं माना जा सकता।

वक्फ संशोधन अधिनियम-2025 का मुख्य उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रशासन को विनियमित करना है। नवीनतम संशोधन वक्फ संस्थानों के कामकाज को सुव्यवस्थित करने पर केंद्रित हैं। इनका उद्देश्य पारदर्शिता लाना, जवाबदेही सुनिश्चित करना और वक्फ संपत्तियों के दुरुपयोग को रोकना है। यह किसी भी तरह से मुस्लिम समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप नहीं करता है। मुसलमानों को अपनी धार्मिक मान्यताओं और प्रथाओं का पालन करने की पूरी स्वतंत्रता है और यह अधिनियम उस स्वतंत्रता पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाता है। कुछ लोग वक्फ बोर्ड को कुरान, हदीस और अन्य पवित्र धार्मिक ग्रंथों से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, जो कि पूरी तरह से गलत है। केरल उच्च न्यायालय ने सैयद फजल पूकोया थंगल बनाम भारत संघ और अन्य (1993) के मामले में स्पष्ट रूप से कहा था कि वक्फ बोर्ड एक वैधानिक निकाय है, शुद्ध और सरल। यह मुस्लिम समुदाय का प्रतिनिधि निकाय नहीं है। वक्फ बोर्ड का गठन संसद द्वारा पारित वक्फ अधिनियम, 1954 के तहत किया गया था और यह कानून के प्रावधानों के अनुसार कार्य करता है।

# श्रीहनुमान जयंती पर तुवन मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

अवधनामा संवाददाता





**ललितपुर।** श्रीहनुमान जयंती के शुभ अवसर पर जनपद में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। नगर के प्रसिद्ध तुवन मंदिर में रात से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर में भगवान हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया गया, जिसे देखने के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिर प्रशासन और पुलिस विभाग की ओर से की गई बेहतर व्यवस्था के चलते दर्शन शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होते रहे। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, छायादार पंडाल और प्राथमिक चिकित्सा की भी व्यवस्था की गई थी।

मंदिर के आंगन में दोपहर से ही भंडारे का आयोजन शुरू हो गया था, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरा माहौल जय श्रीराम और बजरंगबली की जयकारों से गूंजता रहा। शाम के समय नगर के विभिन्न अखाड़ों द्वारा एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

**■ अखाड़ों के जुलूस ने मोहा मन, जगह-जगह हुआ प्रसाद वितरण**

इस जलूस में अखाड़ों के पहलवानों ने परंपरागत ढंग से लाठी, तलवार और व्यायाम कौशल का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा में सजीव झांकियां, बैंड-बाजे और ध्वज पताकाओं ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर जलूस का स्वागत किया। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन, मंदिर समिति और स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही। कुल मिलाकर, हनुमान जयंती का यह आयोजन नगरवासियों के लिए आस्था, परंपरा और उत्सव का अनोखा संगम साबित हुआ।

## जिले में श्रीहनुमान जयन्ती की धूम

**ललितपुर।** जिले में हनुमान जन्मोत्सव की धूम मची हुई है। शुक्रवार रात तुवन मंदिर में भजन संध्या व आतिशबाजी के बीच हजारों श्रृद्धालुओं की मौजूदगी में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। तुवन मंदिर के मंहत रामलखनदास महाराज व झांसी आए बैदेही बल्लभ शरण महाराज द्वारा पूजा अर्चना की गई। जन्मोत्सव के दौरान हजारों की संख्या में श्रृद्धालु मंदिर में मौजूद रहे। जन्मोत्सव होते जय वीर बजरंगी व जय श्रीराम के जयकारे गूंज उठे। वहीं भगवान के भजनों पर श्रृद्धालु जमकर नाचे। इस दौरान एक घंटे तक आतिशबाजी हुई। आतिशबाजी से आसमान में अलग ही आकर्षण का केंद्र देखने को मिला। इस दौरान सरदार वी.के.सिंह, डा.ओमप्रकाश शात्री, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, कौस्तुभ चौबे, राजेश यादव, सतेन्द्र सिसोदिया, गिरीश पाठक, दिनेश संज्ञा पत्रकार सहित अनेकों श्रृद्धालुजन मौजूद रहे।

## मेंथा प्लांट पर कार्य करने वाले मजदूर की काम के दौरान हुई मौत

**बदायूँ (अवधनामा संवाददाता)।** थाना उझानी कोतवाली क्षेत्र में स्थित मेंथा प्लांट पर काम करने वाले मजदूर की काम के दौरान कपलिंग में फसने के करण दर्दनाक मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना उझानी कोतवाली क्षेत्र के कछला हाईवे पर स्थित एक मेंथा ऑयल प्लांट पर पर कार्य करने वाले मजदूर अनूप कुमार की मोटर की कपलिंग में फंसने के कारण मौत हो गई।बताया जाता है कि अनूप पिछले 5 वर्षो से मेंथा ऑयल प्लांट पर कार्य करता था।

शुक्रवार रात वह हर रोज की तरह अपने कार्य पर डटा हुआ था,इसी दौरान उसके गले में पड़ा अंगोछा किसी तरह मोटर की कपलिंग में फंस गया जिससे वह उसमें फंस कर बुरी तरह घायल हो गया। कपलिंग में फंसे मजदूर को किसी तरह बाहर निकला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अनूप के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।

# श्रीकृष्ण की जन्मस्थली में बही हनुमान भक्ति की बयार

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** महानगर के हनुमान मंदिरों पर आज हनुमान जयन्ती के अवसर पर रामभक्त हनुमान का अभिषेक किया गया और छप्पन भोग के दर्शनों का आयोजन किया गया। सुबह से देर शाम तक मंदिरों में हनुमान भक्तों की भीड़ दर्शन और आराधना करने के लिए लगी रही।

शनिवार को प्रातः 7 बजे प्राचीन मन्दिर घाटी वाले बाबा गूजरघाटी, चौक बाजार मथुरा पर श्री हनुमानजी महाराज (घाटी वाले बाबा) का 251 किलो दूध, 51 किलो दहीं, 51 किलो बूरा, 11 किलो घी, 11 किलो शहद, केशर, गुलाब इत्र एवं गंगा-यमुना जल द्वारा पंचामृत अभिषेक महंत बल्देव प्रसाद व्यास एवं चरण सेवक सोनू पंडित व मोनू पंडित ने किया। अभिषेक दर्शनों के समय मंदिर में काफी संख्या महिला पुरूष भक्त हनुमानजी और रामजी से संबंधित भजन गा रहे थे।ाक्तगणों ने साथ में पूजा अर्चन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। सायंकाल प्राचीन मन्दिर घाटी वाले बाबा गूजर घाटी चौक बाजार मथुरा पर श्री राम दरबार, श्री हनुमन्त लाल जी एवं श्री श्रीनाथ जी के समक्ष विभिन्न सामग्री सहित भव्य विशाल छप्पन भोग ठाकुरजी को अर्पण किये गये। भव्य फूल बंगला में विराजे ठाकुरजी की शोभा अद्वितीय दर्शित हो रही थी। विभिन्न फूलों की महक से वातावरण सुगन्धमय होकर भक्तों के मन भी सुमनमय कर रहे थे। इस असपर पर शाम को मंदिर भजन सन्ध्या का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमें श्री हनुमान जी, श्री रामजी आदि के सुमधुर भजन दर्शनार्थियों का मन मोह रहे थे। सभी कार्यक्रमों की व्यवस्था में महंत सत्य नारायण शर्मा, ट्विंकल वर्मा, गोपाल, अभिषेक चतुर्वेदी, रजत भारती, रितेश, जौनी, सोनू भगत, आशीष आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

**■ हनुमान मंदिरों में हुआ अभिषेक, फूल बंगला एवं छप्पन भोग दर्शन**

# ऐतिहासिक निर्णय, गेंहू उपज का नहीं कराना होगा सत्यापन : एडीएम

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** अपर जिलाधिकारी, जिला खरीद अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने जिले के किसानों को सूचित किया है कि आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग उ.प्र. ने कृषकों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जिसके अंतर्गत अब 100 कुन्तल से ऊपर की सभी मात्रा को सत्यापन से मुक्त कर दिया गया है। इससे पहले गेंहू क्रय नीति के अनुसार 100 कुन्तल तक सीमा को ही सत्यापन से मुक्त रखा जाता था। उन्होंने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जारी गेंहू क्रय नीति के अंतर्गत 100 कु. तक सीमा सत्यापन से मुक्त है, फिर भी विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सूचना के अनुसार 100 कु. से ऊपर भी पंजीकृत कृषक के सत्यापन में विभिन्न कारणों से विलंब होने के कारण कृषकों को गेंहू विक्रय में असुविधा हो रही है। कृषकों से सीधे गेंहू क्रय में, सत्यापन में विलम्ब के कारण आ रही असुविधा के दृष्टिगत उपरोक्त प्राविधानो के तहत शासकीय हित में 15 मूई 2025 तक या अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) 100 कु. से ऊपर की भी सभी मात्रा को सत्यापन से मुक्त किया गया है, इससे किसानों को लाभ मिलेगा और वे अविलंब विक्रय कर सकेंगे। सत्यापन से मुक्ति सभी श्रेणियों पर लागू होगी। सत्यापन से मुक्त होने के कारण पंजीकरण हेतु उपलब्ध करायी गयी समस्त सूचनाओं की सत्यता का उत्तरदायित्व सम्बन्धित पंजीकृत कृषक का होगा। यह भी स्पष्ट किया गया है कि क्रय नीति में 300 प्रतिशत की सीमा तक विक्रय की अनुमति प्रदान की गयी है, जिससे जनपदों की उत्पादकता में असमानता अथवा अभिलेखों में त्रुटि आदि की स्थिति में कृषकों को असुविधा न हो।

# सपा सरकार में चरम पर था भ्रष्टाचार व लूट : अरुण

अवधनामा संवाददाता



**बदायूँ।** भाजपा के स्थापना दिवस पर गांव चलो अभियान के तहत राज्यसभा सांसद द्वारा जनपद का दौरा किया गया। उनके द्वारा हजरतगंज के बूथ संख्या 262 पर छह घंटे का प्रवास और लाभार्थियों से संपर्क किया गया।

शनिवार को यहां पहचे भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री/ राज्यसभा सांसद अरुण सिंह द्वारा जनपद की सीमा में प्रवेश करते ही जरीफनगर, कौल्हाई, मुजरिया, हजरतगंज, सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता के आवास पर उनका स्वागत किया गया।हजरतगंज बूथ पर प्रवास के दौरान उन्होंने बूथ समिति की बैठक की और कहा पार्टी के बूथ पर होने वाले छः वार्षिक कार्यक्रम में जनता की सहभागिता कराएं। बूथ पर निरन्तर प्रत्येक माह मन की बात सुनें। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता मोदी व योगी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को अधिक से अधिक दिलाएं। उन्होंने लाभार्थियों का अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर अभिवादन कया। चौपाल कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि गांव चलो अभियान के तहत हजरतगंज में आया हूं। उन्होंने कहा मोदी व योगी सरकार ने बिना जातिवाद, बिना भेदभाव पूरा पारदर्शी तरीके से हर योजना का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया है।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सपा सरकार के समय प्रदेश में गुंडाराज, भ्रष्टाचार, लूट, हत्या, डकैती चरम सीमा पर थी लेकिन डबल इंजन सरकार ने प्रदेश को भयमुक्त सुशासन दिया है। डबल इंजन सरकार की योजनाओं पीएम जनधन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल योजना, प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना ने देश व प्रदेश की तस्वीर बदल दी और शहर से लेकर गांव तक खुशहाली और तरक्की के द्वार खोले हैं। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य ने कहा भाजपा सरकार ने गरीब, युवा, किसान और महिलाओं को सीधे अपने से जोड़ा है। उनको सभी प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा गांव चलो अभियान में कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर दस्तक दी है, लाभार्थियों द्वारा सरकार की खूब सराहना की जा रही है। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा भाजपा सरकार में खूब काम हुआ है, पहले लोग योजनाओं को लाभ लेने के लिए इधर उधर भटकते थे।

इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख शिशुपाल शाक्य, मोहित तोमर, अजय तोमर, आनन्द मिश्रा, योगेश पाल, राजेश सिंह, जगदीश लोनिया, सत्यवीर सिंह, उदयवीर दिवाकर, केपी लोधी, उदयप्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# उसावां क्षेत्र में हुए धमाके के बाद एसएसपी ने सिपाही को किया लाइन हाजिर

अवधनामा संवाददाता

**बदायूँ।** थाना उसावा क्षेत्र के ग्राम नगरिया चिकन में घर में हुए धमाके के मामले में एसएसपी डॉ बृजेश कुमार सिंह द्वारा बीट कांस्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया गया है,वहीं इंस्पेक्टर एवं संबंधित दरोगा के खिलाफ जांच सीओ उझानी को सौंप दी गई है।

गौरतलब है कि शुक्रवार शाम थाना उसावा क्षेत्र के ग्राम नगरिया चिकन में करीब छह-सात बजे आतिशबाज राहुल उर्फ रमेश के घर पर एक जोरदार धमाका हुआ था। धमाके के कारण घर का लेंटर नीचे गिर गया था। घटना में मलबे में बने के कारण दो लोगों की मौत हो गई थी। जांच में पता चला है कि आतिशबाज़ी को मिलने वाला लाइसेंस का रिनुअल भी नहीं कराया गया था।

**■ इंस्पेक्टर एवं दरोगा के विरुद्ध जांच के आदेश, सीओ उझानी को सौंपी जांच**

घर में रखी आतिशबाजी अवैध तरीके से रखी हुई थी।घटना के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने शुरू हो गए थे। इसी बीच तेज तर्रार एसएसपी डॉ बृजेश कुमार सिंह द्वारा बीट सिपाही माया स्वरूप वर्मा को लाइन हाजिर कर दिया गया है वही इंस्पेक्टर उसावा तथा क्षेत्र के संबंधित दरोगा के विरुद्ध जांच को उझानी शक्ति सिंह को सौंपी गई है।

# परिचर्चा : भारत में बढ़ते साइबर अपराध और डिजिटल अरेस्टिंग, समाधान की दिशा में कदम

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** डिजिटल युग में जहां भारत तकनीकी क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है, वहीं साइबर अपराध की घटनाओं में भी चिंताजनक वृद्धि देखने को मिल रही है। भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसी के अनुसार, वर्ष 2020 में जहां लगभग 12 लाख साइबर अपराधों की शिकायतें दर्ज की गई, वहीं 2024 तक यह आंकड़ा बढ़कर 28 लाख से अधिक हो गया। इसके साथ ही डिजिटल अरेस्टिंग जैसे नए अपराध भी उभर रहे हैं, जिनमें आम नागरिकों को फर्जी कॉल्स और धमकियों के जरिए पैसे की उगाही की जाती है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि भारत में आई टी एक्ट 2000 को अद्यतन करने की जरूरत है। वर्तमान कानूनी ढांचा तेजी से बदलते डिजिटल अपराधों के लिए पर्याप्त नहीं है। डिजिटल अरेस्टिंग जैसे मामलों में आम लोगों को कानूनी जानकारी न होने के कारण डर का फायदा उठाया जाता है। हमें कानून की भाषा को सरल बनाकर जागरूकता बढ़ानी होगी। हमारा सुझाव यह है कि साइबर अपराधों की सजा को कठोर किया जाए। इससे संबंधित कानून में डिजिटल इंटिमिडेशन को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाए। वरिष्ठ पत्रकार अमित लखेरा बताते हैं कि अधिकांश साइबर अपराध विदेशों से ऑपरेट हो रहे हैं, जिनमें ट्रेसिंग और कार्रवाई एक चुनौती है। डिजिटल अरेस्टिंग की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। आकंड़ों के अनुसार हमारे देश की साइबर सेल रोजाना कई शिकायतें प्राप्त कर रही है। आम जनता को ऐसी कॉल्स की रिपोर्ट तुरंत करनी चाहिए, और किसी भी अनजान नंबर से पैसे ट्रांसफर करने से बचना चाहिए। मीडिया संस्थानों को जागरूकता से संबंधित समाचारों को प्राथमिकता देनी चाहिए। इस विषय पर हमारा सुझाव है कि अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ सहयोग बढ़ाया जाए। स्थानीय पुलिस को साइबर क्राइम के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाए। अधिवक्ता संवाद के रविन्द्र घोष बताते हैं कि भारत में डिजिटल साक्षरता अभी भी बहुत कम है। ग्रामीण क्षेत्रों में साइबर अपराध की शिकार महिलाएं और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। सरकार को चाहिए कि डिजिटल इंडिया अभियान के साथ-साथ साइबर सुरक्षा शिक्षा को भी प्राथमिकता दे।

# मथुरा की निष्ठा ने महाराष्ट्र के खिलाड़ी को हरा जीता स्वर्ण

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** गत चार दिन तक गुजरात के अम्बा जी में खेलो इण्डिया राष्ट्रीय महिला तीरन्दाजी स्पर्धा का आयोजन किया गया। भारतीय खेल प्राधिकरण एवं गुजरात खेल प्राधिकरण के द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय तीरन्दाजी स्पर्धा में मथुरा की तीरन्दाजों ने सब जूनियर वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश के लिए स्वर्ण पदक एवं कांस्य पदक प्राप्त किये।

कम्पाउण्ड खिलाड़ी निष्ठा ने महाराष्ट्र की खिलाड़ी को हराते हुए उत्तर प्रदेश को स्वर्ण पदक दिया एवं अपने लिए 1,50,000 रुपये की पुरस्कार राशि का चैक प्राप्त किया। जिले की एक और राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी वरेण्या राणा ने अपने प्रतिद्वंद्वी से 8 अंकों की बढ़त बनाते हुए आसानी से कांस्य पदक प्रदेश को दिया एवं 50,000 ( पचास हजार) का तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया । मथुरा तीरन्दाजी अकादमी में अभ्यास करने वाली रिकर्व खिलाड़ी चेष्टा ने भी अच्छा प्रदर्शन कर 18000 (अट्ठारह हजार) की पुरस्कार राशि का चैक प्राप्त किया।

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला तीरन्दाजी संघ के अध्यक्ष रामबाबू शर्मा, मथुरा तीरन्दाजी अकादमी के अध्यक्ष नन्द किशोर एवं तीरन्दाजी प्रशिक्षक योगेन्द्र सिंह राणा ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ प्रदान की।

# मफतलाल बने उपजा के जिलाध्यक्ष और सुशील महामंत्री

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने संगठन को नया रूप देने के उद्देश्य से मथुरा जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए मफतलाल अग्रवाल को जिलाध्यक्ष और सुशील गोस्वामी को महामंत्री का दायित्व सौंपा।

शनिवार को उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने एक स्थानीय होटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान की। उपजा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मफतलाल अग्रवाल ने कहा कि जिले में पत्रकारों का किसी भी कीमत पर उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। संगठन के सदस्यों से अनुरोध किया कि उपजा से जुड़े। पदाधिकारी गलत कामों के लिए संगठन का दुरुपयोग न करें। इस मौके पर उपजा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने माँ सरस्वती वा हनुमान जी के चित्रपट के सामने दीप जला कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। इस दौरान मथुरा के पत्रकारों ने प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शर्मा का जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने नवीन जिला कार्यकारिणी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकारों के हक हकूक की रक्षा करते हुए उपजा पत्रकारों के साथ होने वाले अन्याय उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष करता रहा है। पत्रकारों का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**■ पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: मफतलाल**

प्रदेश अध्यक्ष ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए जिलाध्यक्ष मफतलाल अग्रवाल, महामंत्री सुशील गोस्वामी, उपाध्यक्ष सुरेश उपमंन्यु, वीर नारायण शर्मा, पवन आनंद, कोषाध्यक्ष अजय वार्ष्णेय कोषाध्यक्ष, जिला मंत्री विवेक मथुरिया, पवन गोयल, धनीराम अग्रवाल, मंत्री यतीन्द्र तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य अनिल, विजेंद्र रिंकू, खन्ना सैनी मनोनीत किये।

# 6 हजार बच्चों को वितरण किये पाठ्य सामग्री से भरे बैग

अवधनामा संवाददाता

**बरसाना( मथुरा)।** जगद्गुरु कृपालु परिषद् रंगीली महल संस्था के द्वारा श्री राधारानी की नगरी बरसाना क्षेत्र के 39 स्कूलों के 6 हजार बच्चों को पाठ्य सामिग्री व अन्य सामान से भरे हुए बैगों का वितरण किया गया। इन बैगों को पाकर ब्रजवासी बच्चों के चेहरे खिल उठे।

संस्था के सेक्रेटरी नितिन गुप्ता ने स्कूली बच्चों को बैग वितरण करते हुए कहा कि बरसाना क्षेत्र के ग्रामीण अंचल के स्कूली बच्चों को लगातार 11 वर्षो से हर वर्ष के अंदर तीन बार सामग्री वितरण करती है। उन्होंने कहा कि हमारे गोलोकवासी संस्थापक जगद्गुरु कृपालु महाराज ने इस मुहिम की शुरुआत सन् 2014 में की थी। संस्था आज भी संस्थापक जगद्गुरु कृपालु महाराज के ही आशीर्वाद से बरसाना क्षेत्र के 6 हजार निर्धन छात्र - छात्राओं को पाठ्य सामग्री के साथ दैनिक उपयोग में आने वाली

**■ बैग पाकर ब्रजवासी बच्चों के चेहरे खिले बोल उठे राधे राधे**



वस्तुओं का वितरण किया गया। श्री गुप्ता ने कहा कि ब्रजवासी बच्चों की सेवा करने से संस्था को एक नई ऊर्जा के साथ ताकत भी मिलती है। रंगीली महल परिसर में हुए कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों की चहक से गुंजायमान हो उठा। पाठ्य सामग्री से भरा हुआ बैग पाकर बच्चे खुशी में झूमते हुए राधे-राधे के साथ जगद्गुरु कृपालु महाराज के भी जयकारे लगा रहे थे। संस्था के अनुयाई बड़े ही भाव से बच्चों को फ्रुटी के साथ प्रसाद देकर उनका दुलार करते दिखे।

# ज्योतिबा फूले की शोभा यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** महात्मा ज्योतिराव फुले विकास समिति मथुरा के तत्वाधान में कार्यक्रम संयोजक राजेश सैनी के नेतृत्व में सामाजिक न्याय के पुरोधा एवं शिक्षा क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिराव फूले की भव्य शोभायात्रा को सर्वप्रथम डीजीसी बद्री प्रसाद एड, भगवान सिंह सैनी रालवाले, रोशन लाल सैनी, ताराचंद सैनी, ओम सैनी, ने संयुक्त रूप से पुष्पअर्पित कर हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। इससे पूर्व समिति अध्यक्ष रमेश सैनी व पार्षद पति बन्टी सैनी व आगुंतकों का सैनी समाज द्वारा साफा व पटका पहनाकर जोरदार स्वागत किया शोभायात्रा सैनी मोहल्ला से मुख्य बाजार औरंगाबाद होते हुए महात्मा फुले वाटिका गोकुल बैराज औरंगाबाद में सम्पन्न किया गया। शोभायात्रा में महात्मा ज्योतिराव फुले, माता सावित्री बाई फुले व काली का अखाड़ा एवं अन्य झांकियों के साथ साथ बैंड व डीजे ज्योतिराव फूले द्वारा माता सावित्री बाई फुले द्वारा शिक्षा जगत एवं नारी उत्थान के क्षेत्र में किए गए योगदान का गुणगान कर रहे थे गगनभेदी नारों के बीच युवा उल्लास पूर्वक ज्योतिराव फूले माता सावित्री बाई फुले व बहुजन महापुरुषों के नारे लगा रहे थे शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं मिष्ठान वितरण कर जलपान करा कर स्वागत किया। एवं सभी वर्गो के स्थानीय नागरिकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया उपस्थित लोगों ने आडंबर अंधविश्वास कुरीतियों को त्यागने एवं दहेज जैसी कुरूतियों से दूर रहते हुए बच्चों को शिक्षित करने का संकल्प लिया। समिति अध्यक्ष रमेश सैनी ने समस्त सहयोगियों एवं आयोजन में पधारे साथियों का कोटि कोटि आभार व्यक्त कर कृतज्ञता व्यक्त की शोभायात्रा में शामिल अखिल भारतीय समता फाउंडेशन के अध्यक्ष लुकेश कुमार राही, पीतम सैनी, लालचंद सैनी, सूरज सैनी, महेंद्र सैनी, सोहन लाल सैनी, पप्पू सैनी,चोखे लाल, ओमप्रकाश सैनी, योगेश सैनी, कौशल सैनी, रोहित सैनी, प्रमोद सैनी, छोटू सैनी, कालू सैनी आदि उपस्थित रहे।

# डॉ अंबेडकर जयंती पखवाड़े के तहत शपथ ग्रहण कराई

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** किशोरी रमण महाविद्यालय, मथुरा में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर पखवाड़ा तथा पोषण पखवाड़े के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) प्रवीण कुमार अग्रवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा की हम सभी को मोटे अनाज, मौसमी फल एवं हरी सब्जियों का प्रयोग अपने भोजन में शामिल करना चाहिए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ अशोक कुमार कौशिक ने कहा कि इस पखवाड़े का उद्देश्य डॉ. अंबेडकर के विचारों और सामाजिक न्याय के प्रति उनके संघर्ष को जन-जन तक पहुंचाना है। इस पखवाड़े के माध्यम से युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। लेफ्टिनेंट डॉ कपिल कौशिक ने पोषण पखवाड़े का महत्व बताते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य सभी आयु वर्ग के लोगों, विशेषकर बच्चों और महिलाओं में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ नवीन अग्रवाल ने गगनभेदी नारों के साथ छात्र- छात्राओं को शपथ दिलाते हुए पोषण पखवाड़ा एवं अंबेडकर जयंती पखवाड़ा के अंतर्गत महत्वपूर्ण जानकारियां दी। कार्यक्रम में प्रो. शशि किरण, प्रो. राजेश अग्रवाल, प्रो. उमेश शर्मा, प्रो. चिंतामणि देवी, प्रो. सुलेखा जादौन प्रो. अमर कुमार धारीवाल, डॉ राजेश सारस्वत, डीआर ममता रानी कौशिक आदि उपस्थित रहे।

# जैंत का टिकट न बनाने पर सख्त कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम जैंत की टिकट बनाने से इंकार करना मथुरा डिपो के परिचालक को मंहगा पड़ गया। मथुरा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मदन मोहन शर्मा ने परिचालक पर तीन सौ रुपए का हर्जाना लगाया है और भविष्य में गलती न करने की सख्त चेतावनी दी है। जैत में स्थित बृज के प्रमुख तीर्थ स्थल जय कुंड और कालिया मर्दन नाग मंदिर पर दर्शनों के लिए देश-विदेश के तीर्थ यात्रियों का आवागमन बना रहता है। जैंत दर्जनों गांवों का केंद्र बिंदु है। श्रद्धालु और ग्रामीण दिल्ली एनसीआर, पलवल, फरीदाबाद आदि अपने गंतव्य के लिए जयकुंड चौक से ही वाहनों में बैठते हैं, परंतु मथुरा डिपो के चालक-परिचालक जैंत के जयकुंड चौक से सवारी नहीं उठाते हैं और ना ही जैंत की टिकट बनाते हैं। बता दें कि विगत 9 अप्रैल को पूर्वाह्न 10:20 बजे पत्रकार चंद्रप्रकाश बृजवासी अपनी पत्नी के साथ मथुरा के जयसिंहपुरा मसानी से वापस लौटते समय आईएसबीटी बस स्टैंड के पास स्थित पराग डेयरी रेड लाइट पर खड़ी मथुरा डिपो की बस में बैठ गए। परिचालक से जैंत का टिकट मांगा तो दो सवारी के 40 लेकर टिकट देने से इंकार कर दिया। जनसुनवाई पोर्टल और टोल फ्री हेल्प लाइन नंबर पर की गई शिकायत पर गंभीरता पूर्वक संज्ञान लेते हुए एआरएम मदन मोहन शर्मा ने परिचालक पर दंड स्वरूप 300 वेतन में से वसूली करने और भविष्य में इस प्रकार की पुर्नावृत्ति न करने की सख्त चेतावनी दी है। एआरएम मदन मोहन शर्मा ने बताया है कि मथुरा देहली मार्ग पर बस का संचालन करने वाले चालक परिचालकों को पूर्व से ही आदेशित किया हुआ है कि जैंत के जयकुंड चौक पर बस रोककर यात्रियों को यात्रा सुविधा प्रदान करें और जैंत का टिकट जारी करें।

**■ एआरएम ने परिचालक पर लगाया जुर्माना, चेतावनी**

# भव्य संगीतमय सुंदरकांड एवं प्रसाद वितरण का हुआ आयोजन

■ बाबू जागेश्वर प्रसाद ग्रुप ऑफइन्स्टीट्यूशन की नवीन शाखा का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर पल्टेपुर्वा मार्ग पर स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन की नवीन शाखा बी.जे.पी मेमोरियल इण्टर कॉलेज के शुभारंभ के उपलक्ष्य एवं महावीर जयंती पर एक भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजन एवं हवन के साथ हुई। जिसके पश्चात परम संत सीताराम महाराज के सानिध्य में भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ में विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राओं, अभिभावक तथा स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धा के साथ भाग लिया। संगीतमय सुंदरकांड के दौरान भक्तिमय वातावरण बन गया और समस्त परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं एवं उपस्थित जनसमूह के बीच प्रसाद वितरण किया गया। जिसे सभी ने बड़े प्रेम और श्रद्धा से ग्रहण किया। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना है। विद्यालय के प्रधानाचार्य/शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष अमित कुमार यादव ने सभी उपस्थित अतिथियों, सहयोगियों और श्रद्धालुओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह शाखा क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है। उन्होंने आशा जताई कि विद्यालय भविष्य में भी इसी तरह सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।



मॉ सरस्वती पर पुष्प अर्पित करते व परमसंत का आर्शीवाद लेते अमित यादव

# डीएम की अध्यक्षता में जिला गजेटियर समिति की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ .राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में जिला गजेटियर समिति की द्वितीय बैठक का आयोजन किया गया। शासन के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर जनपद का गजेटियर को तैयार किया जाना है। जिसमें जनपद की भौगोलिक बनावट, सामाजिक साख्यिकी, भौतिक विशेषताएं, जनसंख्या तथा साक्षरता दर, एतिहासिक स्थल , प्राचीन स्मारक, मेले, त्योहार आदि का समावेश किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में गजेटियर के प्रकाशन एवं जनपद के भौगोलिक मानचित्र का प्रकाशन पर कार्य किया जाएगा। सर्वप्रथम जनपद के भौगोलिक मानचित्र के प्रकाशन पर कार्य करने के लिए चर्चा की गयी। बैठक में निदेशक समाजनीति समीक्षण केन्द्र मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद मध्य प्रदेश डॉ जितेंद्र बजाज एवं उनकी टीम के साथ विचार विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि इसके लिए अपर जिलाधिकारी एवं जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नोडल रहेंगे। इसका प्रकाशन हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में किया जाएगा। आज ग्राम, तहसील एवं जिले की सीमा रेखा, गाँव एवं नगर पंचायत, गाँव में क्या क्या सुविधाएं हैं उनके मानचित्र, जनपद में छोटी बड़ी इंडस्ट्री एवं उनमें कार्य करने वाले कर्मचारी आदि पर चर्चा की गयी। जनपद के विभिन्न डेटा लैंड यूज, सिंचाई के आंकड़े, विभिन्न फसलों के अन्तर्गत क्षेत्र तापमान वर्षा , वन क्षेत्र, आदि एवं विभिन्न विषयों पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए गजेटियर आवश्यक है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, उप जिलाधिकारी चंदौसी निधि पटेल, आंजनेय बजाज, डॉ संदीप गौमत, अश्वनी चौहान, डॉ शरददीप वार्ष्णेय, नितिन गुप्ता, सचिन कुमार, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

# एसडीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर लिया जायजा

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी व खरेला की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए शनिवार को उपजिलाधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान सीएचसी ओपीडी परिसर आदि जगहों की साफ सफाई का जायजा लिया साथ ही दवाओं के स्टाक रजिस्टर पर भी नजर डाली। इस मौके पर मौजूद लोगों द्वारा चिकित्सकों व स्टाफ बढ़ाए जाने की मांग उठाई गई। जिस पर एसडीएम ने उच्चाधिकारियों से इस बावत बात किए जाने का आश्वास दिया। निरीक्षण दौरान दो लेब टेक्निशियन तैनात होने के बाद भी दोनो टेक्निशियन दौरान नदारत मिलने पर एसडीएम ने नाराजगी जताई। उपजिलाधिकारी डा0 प्रदीप कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चरखारी व खरेला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएचसी में व्यवस्थाएं चाक चौबन्द मिली, लेकिन सीएचसी में डाक्टर व स्टाफ की कमी पायी गयी। निरीक्षण दौरान मौके पर केवल एक चिकित्साधिकारी ही कार्यरत हैंए जिसको लेकर चिकित्साधीक्षक सहित मौजूद लोगों ने सीएचसी में स्टाफ की तैनाती की मांग की। स्टाफ की की कमी को देखते हुए एसडीएम ने कहा कि इस बावत वह जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी से बात करेंगें। सीएचसी निरीक्षण के दौरान ओपीडी में आने मरीजों की संख्याए परिसर की सफाईए स्टाक रजिस्टरए एक्सरे रूम आदि का निरीक्षण किया। सीएचसी में केवल एक ही स्टाफ नर्स तैनात होने के कारण डिलेवरी कार्य प्रभावित पाया गयाए जिस पर अतिरिक्त नर्स की तैनाती किए जाने की एसडीएम द्वारा बात कही गई। इस मौके पर डा0 राजेश कुमार वर्मा फार्मासिस्ट अरविन्द कुमार सुभाष पटेल रौनक तिवारी मौजूद मिले। निरीक्षण दौरान बताया गया कि डा0 सुनील सचान की पोस्टिंग खरेला सीएचसी में है लेकिन उनका सम्बद्धीकरण जिला चिकित्सालय में होने के कारण अस्पताल में चिकित्सकों की कमी पायी है।



## छेड़छाड़ के आरोपी को पांच वर्ष का सश्रम कारावास

**उन्नाव।** विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट ने सात साल पुराने छेड़छाड़ के एक मुकदमें में आरोपी को अंतिम सुनवाई में दोषी करार देते हुए पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। माखी थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने 13 सितंबर .2017 गांव में रहने वाले रमेश लोध निवासी भदेवना पर नाबालिग पुत्री के साथ स्कूल जाते वक्त अश्लील हरकते करना तथा छेड़छाड़ करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुकदमें के विवेचक तत्कालीन सीओ सफीपुर कुंवर बहादुर सिंह ने आरोपी को 5 अक्टूबर .2017 को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया और पीड़िता नाबालिग किशोरी का न्यायालय में कलमबंद बयान दर्ज कराया। विवेचक ने मुकदमें में आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य जुटाते हुए 8 नवंबर 2017 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। सात साल से मुकदमें की सुनवाई अपर जिला जज 12 की न्यायालय में विचाराधीन थी। शुक्रवार को मुकदमें की अंतिम सुनवाई न्यायालय में पूरी हुई।

# यातायात पुलिस द्वारा जनपद में चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



■ यातायात सीओ ने चालकों को नियमों का पालन करनें की हिदायत दी

अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशानुसार व अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी यातायात कुलबीर सिंह के नेतृत्व में यातायात प्रभारी आपक खां द्वारा विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। शनिवार को क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में यातायात प्रभारी द्वारा बस स्टैंड के पास एक इको कार में फ्यूल वर्जन पेट्रोल के बजाय सीएनजी वजन में बदल लेने पर कोतवाली कन्नौज में सीज कर दिया गया। उधर यातायात प्रभारी द्वारा गुरसहायगंज में बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे ई-रिक्शों को चेक किया। जिसमें चार ई रिक्शा बिना रजिस्ट्रेशन के चलते हुए पाए गए। जिनको कोतवाली में निरुद्ध कर दिया गया। उन्होंने लोगों से अपील करते हुये कहा कि बिना रजिस्ट्रेशन और बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन ना चलाएं। प्रभारी द्वारा गुरसहायगंज के पूर्वी बाईपास एवं कस्बे में लगे सभी यातायात पुलिस कर्मियों को ब्रीफ किया कि दिन के समय भारी वाहनों को कस्बे के अंदर प्रवेश न होने दें। इससे जाम की समस्या उत्पन्न होती है। वाहन चेकिंग के दौरान एक अवैध रूप से चल रही स्कूली वैन का यातायात प्रभारी द्वारा बिना परमिट एवं बिना फिटनेस के चालान किया। वैन में बच्चे बैठे होने की वजह से प्रभारी द्वारा वैन को कोतवाली में निरुद्ध नहीं किया गया। वाहन चालक को भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी देते हुए छोड़ दिया। इस मौके पर मुख्य आरक्षी विजय बाबू, आरक्षी दीपक यादव एवं रंजीत कुमार मौजूद रहे।

# साकेत धाम में निर्धन बेटियों की शादी की तैयारियां पूर्ण



अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** सदर विधायक द्वारा किये जा रहे आयोजन निर्धन बेटियों की शादी के लिए तैयारी पूरी हो गई। आज साकेत धाम स्थित रामलीला मैदान में बने मंडप में हल्दी मेंहदी का मंच सजाया गया। दुल्हन की तरह सजाये गये साकेत धाम रामलीला मैदान में सदर विधायक पंकज गुप्ता व पत्नी रश्मि गुप्ता एव उनके परिवार के लोगों ने हल्दी लगाकर शुरुवात की। 12 अप्रैल को शहर के बड़े हनुमान मंदिर से शोभायात्रा निकाली जायेगी। जिसके बाद रात्रि में श्री बालाजी जागरण का आयोजन भी किया जा रहा है। 13 अप्रैल को निर्धन 5 कन्याओं के सदर विधायक व उनकी पत्नी कन्यादान कर शुभ विवाह करेंगे। आज मेंहदी के कार्यक्रम में भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य आनंद अवस्थी, सदर विधायक पंकज गुप्ता उनकी पत्नी श्रीमती रश्मि गुप्ता, सदर विधायक के अनुज ब्लाक प्रमुख नीरज गुप्ता व उनकी पत्नी अंजू गुप्ता, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन अध्यक्ष अमित मिश्रा, भाजपा नेता सुशील तिवारी, रज्जन जायसवाल, सदर विधायक के पुत्र प्रखर गुप्ता सहित तमाम भाजपाई व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अनियंत्रित हुये ई.रिक्शा से टकराकर वृद्ध की हुई मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** तेज रफ्तार ई रिक्शा सड़क क्रॉस कर रहे वृद्ध पर अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार को पडोसी थाना तालग्राम के ग्राम कलकत्ता पुरवा से गंगा नहाने सवारियों को लेकर जा रहा ई रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुड़रीपूर्वा निवासी 65 वर्षीय राजबहादुर यादव पर पलट गया जिससे वृद्ध की मौके पर मौत हो गई।

### दहेज न मिलने पर विवाहिता को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम डुंडवा बुजुर्ग निवासी शमा परवीन पत्नी सलमान द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 04 जनवरी 2024 को उसके पति सलमान, जेठानी राबिया, ननंद सबीना, भतीजी सना व अजरा एवं नंदोई नईम ने अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए गाली गलौज व मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी गई है।

### सड़क दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के थाना मऊ दरवाजा के ग्राम आकलगंज निवासी तिलक सिंह पुत्र द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 09 अप्रैल को 11 बजे कस्बा समधन से पहले पेट्रोल पंप के निकट बरेली डिपो की रोडवेज बस के अज्ञात चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे अनुराग पुत्र राकेश कुमार सिंह निवासी नई आवास विकास बढ़पुर महाराजा हरिशचंद्र कॉलेज सड़क फर्रुखाबाद पीछे बैठे उसके पुत्र अक्षय पुत्र तिलक सिंह के टक्कर मार दी जिससे दोनों लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### हनुमान जयंती पर शोभा यात्रा का आयोजन

**संभल।** मण्डी समिति बहजोई से हनुमान जयंती के अवसर पर श्री बालाजी सेवा समिति के तत्वावधान में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा मण्डी समिति बहजोई में हनुमान जी की झांकी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा में बहुत ही सुंदर झांकियां रहीं, यह शोभायात्रा मण्डी समिति से, इस्लाम नगर चौराहा, नारायण टोला, आर्य समाज, नया बाजार, ऊपर कोट होते हुए काली मंदिर पर पहुंचे गी जहाँ पर शोभायात्रा का समापन होगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष बहजोई राजेश शंकर राजू, मंजू दिलेर, लव मोहन वार्ष्णेय, बसंत शंकर, देवेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

### विधायक ने स्मार्ट क्लास का किया शुभारंभ



**उन्नाव।** बीघापुर विकासखंड क्षेत्र के गांव संतोषीखेड़ा प्राथमिक विद्यालय में नवनिर्मित बाउंड्रीवाल का लोकार्पण व स्मार्ट क्लास का शुभारंभ विधायक आशुतोष शुक्ला ने किया। प्राथमिक विद्यालय संतोषी खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे विधायक आशुतोष व खंड शिक्षा अधिकारी शुचि गुप्ता ने पौधरोपण किया। विधायक ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा में सुधार के लिए कटिबद्ध है। स्मार्ट क्लास के जरिए बच्चों को नवीनतम टेक्नोलॉजी की जानकारी भी प्रदान की जा रही है। विधायक ने कहा कि विद्यालय में संचालित सभी कक्षाओं को पूरी तरह से फर्नीचर से अपने निजी श्रोतों से आच्छादित कराएंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संजीव मिश्रा, संजय पांडे, शिवप्रकाश शुक्ला, शिव अनिल शुक्ला, शिवविलास शुक्ला, शिव महेश, प्रदीप दीक्षित, सुधीर श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह चंदेल, विश्वनाथ सिंह, सुरेश बाजपेई, अंकुर सिंह रहे।

# पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचे प्रेमीयुगल के शव, मचा कोहराम

■ गतदिवस एक ही पेड़ से फांसी पर लटके मिले थे शव

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र के लोचनखेड़ा गांव में गुरुवार की दोपहर गांव के बाहर आम के बगीचे में प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया था। शुक्रवार दोपहर पीएम के बाद दोनों के शव गांव पहुंचे तो चीख-पुकार मच गयी। दोनों शवों को अलग-अलग उनके परिजनों ने ग्रामीणों और नाते रिश्तेदारों के साथ परियर घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।

लोचनखेड़ा गांव निवासी पंकज का पड़ोसी की युवती चांदनी के साथ चार साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था और दोनों शादी कर नई जिंदगी का सपना देख रहे थे लेकिन दोनों के परिजन इसके लिए तैयार नहीं थे और दूसरी जगह शादी की बात पक्की कर 20 अप्रैल को लड़की को देखने के लिए लड़का पक्ष के लोग आने वाले थे तो दूसरी तरफ लड़के के परिजन उसके लिए लड़की देख चुके थे और शादी की बात फाइनल होनी थी जब प्रेमी युगल को इसकी जानकारी मिली कि दोनों के परिजन दूसरी जगह शादी तय कर रहे हैं तो दोनों ने मोबाइल फोन पर बात की और अंत में तय किया कि जीते जी मिल नहीं सकते तो क्या हुआ एक साथ मर तो सकते हैं फिर दोनों ने निश्चय किया और गुरुवार की दोपहर गांव के बाहर स्थित आम के बगीचे में एक ही पेड की अलग अलग डाल पर दुपट्टे और साड़ी का फंदा बना कर जीवन लीला समाप्त कर ली जब दोनों के परिजनों को घटना की जानकारी मिली तो वह मौके पर पहुंचे और अपनी जिद पर पछितावा करने लगे और आम सहमति बनी कि पुलिस को सूचना दिए बिना दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया जाय लेकिन ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया शुक्रवार पीएम हुआ जिसके बाद उनके शव परिजनों को सौंप दिए गए शाम को थोड़े अंतराल के बाद परिजनों ने परियर घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया और एक प्रेम कहानी का दुखद अंत हो गया।

# पत्नी की हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** अवैध संबंधो के शक में पत्नी की ईंट से कूचकर हत्या करने के मामले में आरोपी पति को पांच साल बाद अपर जिला जज सप्तम् की न्यायालय ने मुकदमें की अंतिम सुनवाई में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने दोषी पर बीस हजार रुपए अर्थदंड जुर्माना भी किया। गंगाघाट थाना क्षेत्र के मोहल्ला इन्द्रा नगर निवासी रामजानकी ने 14 अगस्त 2019 को थाने पर तहरीर कियाएक महिला जीतू कुमारी की हत्या की रिपोर्ट उसके पति पर अजय कुमार पोरवाल पर दर्ज कराई थी। वादी का आरोप था कि घटना वाले दिन से लगभग एक साल पहले से अजय कुमार पोरवाल निवासी सैनिक स्कूल खानपुर चौराहा जनपद औरैया अपनी पत्नी जीतू कुमारी व एक पुत्र बेटू के साथ किराए पर कमरा लेकर रहने आया था। 14 अगस्त 2019 की सुबह करीब पांच बजे अजय कुमार पोरवाल ने कमरे का दरवाजा खटखटाया जब मैंने दरवाजा खोला तो उसने बताया भाभी मैंने सामान पैक कर लिया है और ले जाने के लिए लोडर लेने जाना है, बाहर के दरवाजे का ताला खोल दीजिए। अंदर से चाबी लेकर बाहर दरवाजे का ताला खोल दिया तो अजय कुमार पोरवाल अपने पुत्र बेटू को अपने साथ लेकर बाहर चला गया। बाहर दरवाजे की कुंडी बंद करके फिर सो गई। सुबह 7 बजे आलू उबालने के लिए कुकर का ढक्कन अपनी लड़की आरती से अजय के कमरे से लाने को कहा। पुत्री ने अजय के कमरे का दरवाजा खटखटाया जब कोई नहीं निकला तो उसने दरवाजे को धक्का देकर खोला तो देखा कियाएदार आंटी जीतू कुमारी का शव जमीन पर पड़ा है और यह देख वह जोर-जोर से चिल्लाने लगी। आवाज सुनकर जब वहां पहुंची तो मै भी अचंभित हो गई। तत्काल उन्होंने अजय के परिचित अशोक गुप्ता जो कि पड़ोस में रहते है उनको फोन करके घटना की जानकारी दी। पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया और तीन माह बाद 4 नवंबर 2019 को आरोपी पति अजय कुमार पोरवाल को गिरफ्तार किया। पुलिस पूंछताछ में उसने बताया कि उसको शक था कि उसकी पत्नी के अवैध संबंध पड़ोस में रहने वाले उसके परिचित अशोक गुप्ता से है, जब उसने पत्नी से इस बारे में पूंछ तो दोनों के झगड़ा होने लगा और आवेश में आकर उसने पास रखी ईंट से उसके सर पर कई हमले कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मुकदमें की विवेचना तत्कालीन एसएचओ सतीश कुमार गौतम ने की और आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य जुटाते हुए 10 दिसंबर 2019 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। शुक्रवार को मुकदमें की अंतिम सुनवाई अपर जिला जज सप्तम् की न्यायालय में पूरी हुई। अभियोजन पक्ष से सहायक शासकीय अधिवक्ता हरीश अवस्थी ने न्यायालय के समक्ष तर्कसंगत दलीले पेश की गईं। जिसे सुनने के बाद न्यायाधीश जयवीर सिंह नागर ने आरोपी पति अजय कुमार पोरवाल को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

## घर पहुंचा शव, मचा कोहराम

**उन्नाव।** गैर प्रांत में रहकर होटल संचालन कर रहे युवक का शव होटल के अंदर पंखे से लटका मिला। परिजनो ने मारकर शव लटकाए जाने की आशंका जताई है। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुनपुर निवासी लगभग 21 वर्षीय राहुल पुत्र कैलाश लुधियाना के राजपुरा में रहकर होटल संचालित करता था। परिजनो के अनुसार बीते मंगलवार को सभी मजदूर होटल बंद करके घर चले गए। बुधवार को मृतक चचेरे भाई पंकज को राहुल का होटल बंद होने की सूचना मिली तो वह राहुल के होटल पर पहुंचा तथा वहां उसने देखा कि राहुल का शव होटल के अंदर पंखे से लटका था। परिजनों ने आशंका जताया है कि राहुल को किसी ने मार कर उसके शव को फंदे से लटका दिया है। राहुल की मौत की खबर मिलने के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के परिजन ट्रेन से राजपुरा गए थे। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को परिजन राहुल के शव को घर के आए। शव घर पहुंचते ही घर पर एक बार फिर कोहराम मच गया। शुक्रवार को ही परिजनो ने क्षेत्र के सरैया घाट पर शव का अन्तिम संस्कार कर दिया।

# विशेष पूजा का आयोजन किया गया

**गजरौला (अमरोहा)** भगवान हनुमान जी के जनमोत्सव के पावन पर्व पर श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में अखण्ड भण्डारा, हवन एवं विशेष पूजा का आयोजन। संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि ने अपने पुत्र श्रीमान रिभव गिरि एवं वेंकटेश्वरा परिवार के साथ विधिवत भगवान हनुमान जी की पूजा अर्चना कर विश्व कल्याण की कामना की। पूजा अर्चना के बाद सांस्कृतिक संध्या एवं भण्डारे का हुआ आयोजन।

परमात्मा/भगवान श्रीराम से मिलने का मार्ग दिखाने वाले गुरु हनुमान जी का स्थान निस्संदेह परमात्मा से भी ऊपर- श्री सुधीर गिरि, संस्थापक अध्यक्ष, श्री वेंकटेश्वरा समूह। भगवान बजरंग बली की पूजा से सर्वसिद्धि, सर्वमनोकामना होती है पूर्ण- डॉ० राजीव त्यागी, प्रतिकुलाधिपति, श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान। आज राष्ट्रीय राजमार्ग/बाईपास स्थित वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में श्री हनुमान जन्मोत्सव के पुनीत पर्व पर यज्ञ, हवन एवं विशेष पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बजरंग बली की महिमा का गुणगान करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए जीवन में उनकी पूजा के महत्व को सबसे ऊपर बताते हुए उनके दिखाये गये ज्ञान, श्रद्धा एवं भक्ति के मार्ग पर चलने की शपथ ली। इस अवसर पर सांस्कृतिक संध्या के साथ-2 भण्डारे का भी आयोजन किया। श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय /संस्थान परिसर में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित हवन, पूजा एवं सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि, श्रीमति अंजुल गिरि एवं श्रीमान रिभव गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ० राजीव त्यागी, कुलपति प्रो० (डॉ०) कृष्णकान्त दवे, कुलसचिव प्रो० पीयूष पाण्डेय, आचार्य रामनिवास शास्त्री आदि ने बजरंग बली की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया। श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि ने कहा कि निस्सन्देह रूप से बजरंग बली का स्थान प्रत्येक भक्त के जीवन में भगवान श्रीराम से भी ऊपर है क्योंकि उनकी भक्ति से ही हमें परमात्मा से मिलने का मार्ग प्रशस्त होता है। श्री हनुमान जी की भक्ति का मतलब यह है कि जो ज्ञान, ध्यान, बल, बुद्धि, शिक्षा, संस्कार एवं पुरुषार्थ में "श्रेष्ठ" हो। जो आपको गुण सिखाये एवं प्रभु श्रीराम से मिलाने का रास्ता दिखाये। प्रतिकुलाधिपति डॉ० राजीव त्यागी ने कहा कि हमारे जीवन में प्रत्येक व्यक्ति विशेष रूप से छात्रो, शिक्षको एंव शिक्षण संस्थानो के लिए श्री हनुमान जी की आराधना सबसे बड़ा महापर्व है। एक हनुमान जी ही हैं जो हमे अज्ञानता के अंधकार, भय, क्रोध, भ्रम/सन्देह, मोह, लोभ के बन्धन से मुक्त कराकर ज्ञान, बल एवं बुद्धि के प्रकाश से आलौकित करते है। इस अवसर पर डॉ० राजेश सिंह, डॉ० एस०एन० साहू, डॉ० धीरज दुवे, डॉ० ओमप्रकाश गोसाई, डॉ० तेजपाल सिंह, डॉ० विश्वनाथ झा, डॉ० योगेश्वर प्रसाद शर्मा, डॉ० आशुतोष सिंह, डॉ० दिनेश कुमार गौतम, डॉ० अनिल कुमार जायसवाल, डॉ० ऐना ऐरिक ब्राउन, डॉ० श्वेतलता, रीना जोशी, प्रीतपाल, मेरठ परिसर निदेशक डॉ० प्रताप सिंह, एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित है।

# एतिहासिक गोरखगिरि की भक्तों ने लगाई पैदल परिक्रमा

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** गुरु गोरखनाथ परिक्रमा समिति के तत्वावधान में चैत्र मास की पूर्णिमा पर श्रद्धा भक्ति और राम धुन के साथ ऐतिहासिक गोरखगिरि की पैदल परिक्रमा लगाई। परिक्रमा दौरान भक्त जय श्रीराम गोरख बाबा की जय करते हुए चल रहे थे। परिक्रमा पूर्ण करने के बाद शिव मंदिर परिसर में एक भजन पूजन के अलावा विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने गोरखगिरि के महत्व पर प्रकाश डाला। चैत्र मास की पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने शिवतांडव मंदिर से परिक्रमा की शुरुआत की जो महावीरन, पटवा के बाल हनुमान, राम जानकी मंदिर कबीर आश्रम, हाजी फीरोज शाह की दरगाह, काली माता, सकरे सन्या, छोटी चंडिका, शनिदेव मंदिर, नागौरिया व काल भैरव होते हुए वापस शिव तांडव पर पहुंचकर समाप्त हुई। परिक्रमा दौरान श्रद्धालु भजन कीर्तन और जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे, श्रद्धालुओं में परिक्रमा दौरान विशेष उत्साह नजर आया। शिव मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने माथा टेंका और संसारिक मोह माया से दूर रहकर आत्म शांति और देश में सुख शांति के लिए प्रार्थनाएं भी की। परिक्रमा के बाद आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानाचार्य शिवकुमार गोस्वामी ने कहा कि गोरखगिरि की परिक्रमा के पुन्य फल से सभी मनोकमनाओं की पूर्ति होती है। आज हनुमान जयंती होने पर उन्होंने हनुमान सम नहिं बड़भागी, नहिं काऊ राम चरन अनुरागी चौपाई की व्याख्या की। समिति प्रमुख डा0 एलसी अनुरागी ने कहा कि कलि के युग में ईश्वर की प्राप्ति का सबसे सरल और प्रबल साधन राम नाम का जप है, जिससे इस युग के भव सागर को पार किया जा सकता है। कहा कि भगवान राम सीता व लक्ष्मण चौदह वर्ष के वनवास काल में गोरखगिरि में ठहरे थे, जिसका रामकुंड सीता रसोई जीवंत साक्ष्य है। उन्होंने बताया इसी पर्वत पर गुरू गोरखनाथ ने तपस्या की थी और उनके शिष्य दीपक नाथ की सिद्ध चौकी पर्वत के पश्चिमी क्षेत्र में बनी है। पं0 हरिशंकर नायक ने कहा कि कल्याण कार्य में लगे योगियों का इस लोक व परलोक दोनो में कल्याण होता है और भलाई करने वाला बुराई से कभी भी पराजित नहीं होता है। इस मौके पर अधिवक्ता सुनीता अनुरागी, पप्पू सेन, गौरीशंकर कोष्ठा विनोद, बैजनाथ, राकेश चौरसिया, जगदीशचंद्र, मुन्नालाल अनुरागी, ओमप्रकाश साहू, परशुराम अनुरागी, पं0 रज्जू द्विवेदी सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।



## गर्मियों में चिकनकारी कुर्ती वियर करना ट्रेंडी बन चुका है

लड़कियां के फैशन के मामले में हमेशा आगे रहती है, क्योंकि इनको सबसे अलग दिखना भी होता है। अगर आप भी चिकनकारी कुर्ता वियर करते हैं लेकिन लुक्स खिलकर नहीं आ रहा है, तो आप कोई बड़ी गलती कर रहे हैं। अगर आप भी गर्मियों के सीजन में चिकनकारी कुर्ती पहनकर अपना खूबसूरत अंदाज दिखाना चाहती हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखें।

समर सीजन शुरु हो चुका है। इस मौसम में ज्यादातर लोग परेशान रहते हैं क्या और किस तरह के कपड़े पहनें। खासतौर पर महिलाएं परेशान रहती है कि वो ऐसा क्या वियर करें, जिसमें वह काफी स्टाइलिश नजर आएं और गर्मी भी न लगे। इसलिए आप इस मौसम सबसे बढ़िया है कि चिकनकारी कुर्ती वियर करें। यह काफी स्टाइलिए और बेहतरीन लुक देती है। तो चलिए बिना देर किए आपको बताते हैं, आप चिकनकारी कुर्ती को कैसे वियर करें।

**फिटिंग बेहतरीन हो**

जब भी आप चिकनकारी कुर्ता वियर करें, तो उसकी फिटिंग का खास ध्यान रखें। गौरतलब है कि, आपकी चिकनकारी कुर्ती ढीली या फिर टाइट होगी, तो इससे आपका लुक खराब हो जाएगा। इसलिए आप अपनी कुर्ती को सही फिटिंग कराकर ही पहनें।

**जींस के साथ वियर करें**

वैसे चिकनकारी कुर्ती जींस के साथ वियर करने से खूबसूरत लुक प्रदान करती है। अगर आप ऑफिस या कॉलेज जाती हैं, तो आप जींस कैरी कर सकते हैं। जींस के साथ कुर्ती पहनकर आपका अंदाज बेहतरीन लगेगा।

**प्लाजो के साथ कैरी कर सकते हैं**

अगर आपको जींस के साथ कैरी नहीं करना हैं, तो आप प्लाजो पहनें। प्लाजों के साथ आप चिकनकारी कुर्ती कैरी करती हैं, तो इसे पहनकर आपका लुक एकदम एथनिक लगेगा और आप भी मस्त लगेंगी।

## सिंपल और रॉयल लुक के लिए वियर करें ये स्टोन वर्क नेकलेस सेट





आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले स्टोन वर्क नेकलेस सेट के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको ऑउटफिट के साथ स्टाइल करने पर आपको रॉयल लुक मिलेगा। वहीं यह नेकलेस आपको सस्ते दाम में मिल सकते हैं। आउटफिट के साथ ज्वेलरी हमारे लुक में चार चांद लगाने का काम करती हैं। इसी वजह से महिलाएं अपने आउटफिट के साथ मैचिंग की परफेक्ट ज्वेलरी स्टाइल करना पसंद करती हैं। वहीं अगर आप भी किसी पार्टी या फंक्शन में जाने की तैयारी कर रही हैं और रॉयल लुक पाना चाहती हैं, तो स्टोन वर्क नेकलेस अपने आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले स्टोन वर्क नेकलेस सेट के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको ऑउटफिट के साथ स्टाइल करने पर आपको रॉयल लुक मिलेगा। वहीं यह नेकलेस आपको सस्ते दाम में मिल सकते हैं।

**गोल्ड प्लेटेड स्टोन वर्क नेकलेस**

डार्क कलर के आउटफिट के साथ गोल्ड प्लेटेड स्टोन वर्क नेकलेस बेस्ट रहेगा। इस नेकलेस को लीफ शेप में स्टोन वर्क करके बनाया गया है। इसमें आपका लुक बेहद खूबसूरत लगेगा। आप मार्केट से 200 से 300 रुपए तक की कीमत में ऐसा नेकलेस खरीद सकती हैं।

**रूबी स्टोन वर्क नेकलेस**

गॉर्जियस लुक पाने के लिए आप रूबी स्टोन वर्क नेकलेस का भी चुनाव कर सकती हैं। इसको आप लाइट या फिर व्हाइट कलर की साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। यह नेकलेस पहनने के बाद साड़ी में आप काफी खूबसूरत लगेंगी। वहीं आप सूट के साथ भी इस तरह का नेकलेस स्टाइल कर सकती हैं।

**व्हाइट स्टोन वर्क नेकलेस**

अपने लुक को खूबसूरत बनाने के लिए आप इस तरह का व्हाइट स्टोन वर्क नेकलेस भी पहन सकती हैं। बता दें कि ब्लैक कलर के आउटफिट के साथ यह नेकलेस काफी अच्छा लगेगा। इस तरह का आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन में 200-400 रुपए तक की कीमत में मिल जाएगा।

## मेकअप किट में शामिल करें ये बेस्ट लिपस्टिक शेड, इन शेड्स पर लड़कियों का आ जाएगा दिल



मेकअप की जान होती है लिपस्टिक, इसके बिना मेकअप भी फीका लगता है। अगर आप भी लिपस्टिक खरीदना चाहती हैं, तो इन शेड्स की लिपस्टिक जरुर लगाएं। इस लेख में हम आपके लिए कुछ यूनीक लिपस्टिक शेड्स के बारे में बताने जा रहे हैं। यह शेड्स हर लड़की के मेकअप किट में होना चाहिए।

जब लुक्स की बात आती है, तो मेकअप लुक में जान डाल देता है। मेकअप की जान लिपस्टिक बिल्कुल है। हर एक लड़की के मेकअप किट में ये लिपस्टिक शेड्स जरुर होने चाहिए। कुछ लिपस्टिक शेड्स कभी भी स्टाइल से बाहर नहीं जाते। ये हर स्किन टोन पर अच्छे लगते हैं। आप भी अपने मेकअप किट में हमेशा ट्रेंड में रहने वाली लिपस्टिक को एड कर सकते हैं। बेहतरीन लिपस्टिक शेड्स, हर ब्यूटी लवर के पास होने चाहिए। चाहे वो परफेक्ट न्यूड हो, पावर रेड हो या आकर्षक मौवे, ये शेड्स समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। इसलिए लड़कियां अपने मेकअप किट में इन शेड्स को जरुर शामिल करें।

**ब्राउन लिपस्टिक शेड**

आजकल सबसे ज्यादा ट्रेंड में ब्राउन लिपस्टिक कलर है, जो हर एक लड़की के चेहरे पर सूट करती है। इसमें आपको लाइट से लेकर डार्क कई तरह के शेड्स मिल जाएंगे। आप अपने चॉइस के हिसाब से इन शेड्स को खरीद सकती हैं। ब्राउन लिपस्टिक ऑफिस से लेकर कैजुअली और पार्टी में भी लगा सकते हैं।

**वाइन लिपस्टिक शेड**

ट्रेंडी लिपस्टिक में वाइन शेड काफी ट्रेंड में है। अगर आपकी स्किन टोन फेयर है, तो आप वाइन कलर की लिपस्टिक जरुर ट्राई करें। यह लिपस्टिक नाइट और डे दोनों फंक्शन में काफी सुंदर लगती है। अगर आपको यह शेड डार्क लग रहा है, तो आप इसमें लाइट शेड भी ले सकते हैं।

**न्यूड लिपस्टिक**

आजकल न्यूड लिपस्टिक काफी प्रचलन में है। आप न्यूड लिपस्टिक को ऑफिस से लेकर कैजुअल लुक के लिए ट्राई कर सकते हैं। वैसे आजकल ब्राइड भी न्यूड मेकअप के साथ लिपस्टिक शेड भी न्यूड लगा रही हैं। आपको इसमें कई सारे शेड्स मिल जाएंगे। आप लिपस्टिक को ऑनलाइन या ऑफलाइन भी खरीद सकती है।

**रेड लिपस्टिक शेड**

अगर आप शादीशुदा है तो आपके लिए रेड लिपस्टिक परफेक्ट शेड है। जरुरी नहीं है कि मैरिड ही रेड लिपस्टिक ट्राई कर सकती है। आजकल तो अनमैरिड लड़कियां भी रेड लिपस्टिक को काफी पसंद कर रही है। गाजरी या कोरल रेड लिपस्टिक शेड्स काफी सुंदर लगते हैं।

**पिंक लिपस्टिक शेड**

पिंक शेड्स तो सभी काफी पसंद आता हैं क्योंकि यह एवरग्रीन लिपस्टिक शेड होता है। एथनिक लुक साथ पिंक लिपस्टिक बेहद प्यारी लगती है। हर लड़की को अपने मेकअप किट में पिंक लिपस्टिक शेड जरुर एड करें। पिंक शेड्स में आपको कई ब्यूटीफुल लिपस्टिक मिल जाएगी।

## सूखे और फटे होंठों के लिए घर पर ही बनाएं कॉफी लिप बाम

अगर आप चाहें तो कॉफी की मदद से लिप बाम बनाकर बेहद आसानी से उसका इस्तेमाल कर सकती हैं। यूं तो बाजार में कई तरह के लिप बाम मिलते हैं, लेकिन कई बार उनमें केमिकल्स ज़्यादा होते हैं या वो फिर वे आपके होंठों पर सूट नहीं करते और आपको इचिंग या जलन का अहसास होता है।

अगर आपको कॉफ़ी की खुशबू बहुत पसंद है और आप उसे अपनी डाइट का हिस्सा जरूर बनाते हैं तो अब आप कॉफी को अपने ब्यूटी रूटीन में भी शामिल करें। जी हां, कॉफी की मदद से कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स खुद घर पर ही बनाए जा सकते हैं। यह सिर्फ सुबह की नींद भगाने के लिए नहीं है, बल्कि ये आपकी स्किन, खासतौर से आपके होंठों के लिए बेहद फायदेमंद है। कॉफी आपके होंठों की डेड स्किन को धीरे से हटाती है, ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाती है, और इससे एक हल्का नेचुरल टिंट भी मिलता है।

अगर आप चाहें तो कॉफी की मदद से लिप बाम बनाकर बेहद



आसानी से उसका इस्तेमाल कर सकती हैं। यूं तो बाजार में कई तरह के लिप बाम मिलते हैं, लेकिन कई बार उनमें केमिकल्स ज़्यादा होते हैं या वो फिर वे आपके होंठों पर सूट नहीं करते और आपको इचिंग या जलन का अहसास होता है। तो क्यों न आप खुद ही घर पर एक प्यारा सा, नेचुरल लिप बाम बना लें। इन्हें बनाना बेहद आसान है और आप अपनी पसंद के अनुसार इसे बेहद ही आसानी से कस्टमाइज भी कर सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको घर पर ही कॉफी लिप बाम बनाने के आसान तरीके के बारे में बता रहे हैं-

**कॉफी और नारियल तेल लिप बाम**

यह लिप बाम रूखे होंठों के लिए एकदम सही माना गया है, क्योंकि नारियल का तेल होंठों को गहराई से मॉइश्चराइज़ करता है। जबकि कॉफी हल्का स्क्रब देती है और रक्त संचार को बढ़ाती है। इसके अलावा, विटामिन ई हीलिंग में मदद करता है।

**आवश्यक सामग्री-**

1 चम्मच नारियल का तेल

1 चम्मच बीवैक्स

आधा चम्मच पिसी हुई कॉफी

विटामिन ई तेल की कुछ बूंदे

**इसे कैसे बनाएं-**

सबसे पहले नारियल तेल और बीवैक्स को डबल बॉयलर या माइक्रोवेव में थोड़ी-थोड़ी देर में पिघलाएं।

अब इसमें कॉफी डालकर अच्छी तरह मिलाएं।

इसके बाद, इसमें विटामिन ई तेल मिलाएं।

तैयार लिप बाम को एक छोटे कंटेनर में डालें और इसे ठंडा होकर जमने दें।

**कॉफी और शहद लिप बाम**

यह लिप बाम फटे होंठों को ठीक करने में मददगार साबित हो सकता है। दरअसल, शहद एक एंटी-बैक्टीरियल है और घाव भरने में मदद करता है। वहीं, कॉफी धीरे से एक्सफोलिएट करती है। जबकि जैतून का तेल स्किन को पोषण देता है।

**आवश्यक सामग्री-**

1 चम्मच जैतून का तेल

आधा चम्मच शहद

आधा चम्मच बीवैक्स

आधा चम्मच इंस्टेंट कॉफी पाउडर या पिसी हुई कॉफी

**इसे कैसे बनाएं-**

बीवैक्स और जैतून के तेल को एक साथ पिघलाएं।

अब इसमें शहद और कॉफी पाउडर को मिलाएं।

इसे अच्छी तरह से मिलाएं और एक कंटेनर में डालकर जमने दें।

## गर्मियों में पैरों को दें आराम, इन ट्रेंडी फुटवियर को जरुर पहनें



गर्मियों में भारी-भरकम जूता पहनने की बिल्कुल भी इच्छा नहीं होती है। ऐसे में पैरों के आराम के लिए कंफर्टेबल फुटवियर पहनना सबसे अच्छा माना जाता है। अगर आप भी गर्मी के मौसम में आरामदायक फुटवियर की खोज में है, तो यह लेख आपके लिए है। अब परेशान होने की जरुरत नहीं है हम आपको बताएंगे खूबसूरत और स्टाइलिश फुटवियर के ऑप्शन।

गर्मियों के दौरान जूते पहनने की इच्छा तो एकदम मर ही जाती है। इस मौसम में आरामदायक फुटवियर पहनना काफी अच्छा होता है। कई महिलाओं को गर्मियों शूज पहनना बिल्कुल भी पसंद नहीं होता है, गर्मी के मौसम में हर कोई एकदम कुल रहना चाहता है और ऊपर से कंफर्टेबल फुटवियर पहनने का मजा ही कुछ और होता है। इस लेख में हम आपको स्टाइलिश फुटवियर डिजाइंस बताने वाले हैं, जोकि आपको मॉडर्न लुक देंगे, बल्कि इन फुटवियर को पहनकर आप कंफर्टेबल भी रहेंगी।

**ऐंकल लूप फ्लैट सैंडल**

समर सीजन में पैरों की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए आप ऐंकल लूप फ्लैट सैंडल पहन सकते हैं। इसके टाइफ फुटवियर आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगह मिल जाएंगे। यह आपको तरह-तरह डिजाइंस में मिल जाएंगे। ऐंकल लूप फ्लैट सैंडल आपके पैरों की खूबसूरती बढ़ाएंगे और गर्मियों में आरामदायक भी रहेंगे।

**स्ट्रैपी वेज हील्स**

आजकल वेज हील्स काफी ट्रेंड में है। गर्मियों के मौसम में ऑफिस या किसी भी इवेंट में कंफर्टेबल फुटवियर पहनकर सकते हैं, यह आपके पैरों के लिए आरामदायक होती है। स्ट्रैपी वेज हील्स आप ऑनलाइन या ऑफलाइन भी खरीद सकते हैं। एक बार पहन लिए स्ट्रैपी वेज हील्स तो यह आपके पैरों की खूबसूरती भी बढ़ा देंगे।

**टेक्सचर्ड लेदर ओपन टो फ्लैट्स**

अगर आप स्टाइलिश के साथ ही कंफर्टेबल फुटवियर की तलाश हैं, तो आप टेक्सचर्ड लेदर ओपन टो फ्लैट्स खरीद सकते हैं। ऑफिस से लेकर पार्टी के लुक में चार चांद लगा देगा। आप ऑनलाइन या ऑफलाइन कहीं से भी टेक्सचर्ड लेदर ओपन टो फ्लैट्स खरीद सकते हैं। यह फुटवियर आपको एकदम एलिगेंट लुक देंगे।

## मोटी बाजुओं को छिपाने के लिए ट्राई करें डिफरेंट डिजाइंस वाली स्लीव्स के डिजाइन, दिखेंगी स्लिम और ग्रेसफुल

अगर आप भी कुछ डिफरेंट स्टाइल करना चाहती हैं, तो आप डिफरेंट डिजाइंस वाली स्लीव्स के डिजाइन कर सकती हैं। इस तरह के आउटफिट्स पहनकर आपका लुक अच्छा आएगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको डिफरेंट डिजाइंस वाली स्लीव्स के डिजाइन के बारे में बताने जा रहे हैं।

कट स्लीव्स डिजाइन वाले आउटफिट पहनना लगभग हम सभी लोगों को पसंद होता है। लेकिन कई बार मोटी बाजुओं की वजह से हम इनको पहनने से कतराते हैं। ऐसे में हमें सिंपल डिजाइन वाले आउटफिट्स को स्टाइल करना पड़ता है। लेकिन हर बार एक ही तरह के स्लीव्स वाले आउटफिट पहनकर बोरियत होने लगती हैं। ऐसे में अगर आप भी कुछ डिफरेंट स्टाइल करना चाहती हैं, तो आप डिफरेंट डिजाइंस वाली स्लीव्स के डिजाइन कर सकती



हैं। इस तरह के आउटफिट्स पहनकर आपका लुक अच्छा आएगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको डिफरेंट डिजाइंस वाली स्लीव्स के डिजाइन के बारे में बताने जा रहे हैं।

**पफ डिजाइन स्लीव्स वाले आउटफिट**

अपने लुक को अट्रैक्टिव बनान के लिए आप पफ स्लीव्स डिजाइन वाले आउटफिट को स्टाइल करवा सकती हैं। इस तरह की स्लीव्स में बाजुओं का मोटापा नहीं नजर आता है। वहीं आपके हाथ भी अच्छे लगेंगे। इसको पहनने के बाद आपको स्टॉल या फिर श्रग डालने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**फ्रील डिजाइन वाली स्लीव्स**

मोटी बाजू को छिपाने के लिए आप फ्रील डिजाइन वाली स्लीव्स को क्रिएट कर सकती हैं। आप अपने टेलर से इस तरह की डिजाइन वाली स्लीव्स बनवा सकती हैं। इसमें आपकी बाजू मोी नहीं नजर आएगी। आप ब्लाउज, सूट या किसी आउटफिट में इस तरह की स्लीव्स डिजाइन करवा सकती हैं। आप किसी भी फैब्रिक में फ्रील स्लीव्स को डिजाइन करा सकती हैं। इस तरह के आउटफिट में आप बहुत सुंदर नजर आएंगी।

**कट आउट डिजाइन वाली स्लीव्स**

मोटी बाजू को छिपाने के लिए कट आउट डिजाइन वाली स्लीव्स ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के स्लीव्स वाली ड्रेसेस पहनने के बाद काफी अच्छी लगती हैं। वहीं इसमें आपका लुक भी स्टाइलिश दिखेगा। आपको इस तरह की स्लीव्स के बीच में कट आउट वाला डिजाइन मिल जाएगा। आप चाहें तो इस तरह की डिजाइन क्रिएट भी करा सकती है।

## इन चीज़ों से घर पर आसानी से बनाएं काजल, आंखों को नहीं होगी किसी तरह की परेशानी

अगर आप घर पर काजल बनाकर इस्तेमाल करते हैं, तो इससे



आपकी आंखों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होती है। वहीं घर का बना काजल लगाने से आंखों की सुंदरता बढ़ती है। ऐसे में आज हम आपको घर पर काजल बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

वैसे तो काजल लगाना हम सभी को पसंद होता है। काजल लगाने से आंखों की खूबसूरती भी दोगुनी हो जाती है। काजल लगाने से आंखें बड़ी-बड़ी नजर आएंगी। आंखों में काजल लगाने के लिए अक्सर हम मार्केट से जाकर ब्रांड का काजल इस्तेमाल करते हैं। जिसकी वजह से कई बार आंखों में जलन होने लगती हैं और आंखें लाल होने लगती हैं। ऐसे में अगर आप घर पर काजल बनाकर इस्तेमाल करते हैं, तो इससे आपकी आंखों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होती है। वहीं घर का बना काजल लगाने से आंखों की सुंदरता बढ़ती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घर पर काजल बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

**काजल बनाने की सामग्री**

बादाम - 2

कपूर- 2

देसी घी- 1/3

**काजल बनाने का तरीका**

सबसे पहले एक मिट्टी या तांबे का बर्तन ले लें।

फिर बादाम छीलकर डालें और इसमें दो कपूर डालें।

अब जो बर्तन काजल बनाने के लिए लिया है, तो इसको उल्टा करके इसके ऊपर रख दें और इसमें आग लगाएं।

इसके बाद काजल बनने तक इसको ऐसे ही रखा रहने दें।

इससे काजल का पाउडर अच्छे से बन जाएगा।

अब बर्तन को सीधा करके काजल पाउडर को एक छोटे से जार में निकाल लें।

फिर इस पाउडर में देसी घी को मिक्स करके सॉफ्ट बनाएं।

**ऐसे करें अप्लाई**

काजल बनाने के बाद इसको एक कंटेनर में स्टोर करें।

इसको ब्रश की मदद से आंखों में अप्लाई करें।

आप चाहें तो लाइनर लगाने के लिए भी अप्लाई कर सकती हैं।

यह काजल लगाने के बाद आपको मार्केट से काजल लगाने की जरूरत नहीं होगी।

**इन बातों का रखें खास ख्याल**

काजल बनाने के दौरान यह सुनिश्चित करें कि आप सही सामग्री का इस्तेमाल कर रही हैं।

काजल लगाने के दौरान हाथ हमेशा साफ-सुथरे होने चाहिए या फिर आप ब्रश का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

वहीं काजल लगाने से आंखों में जलन या परेशानी महसूस होती है, तो इसका उपयोग करना बंद कर देना चाहिए।

## क्या आप भी गर्मियों में पसीने की बदबू से रहते परेशान? छुटकारा पाने के लिए करें ये उपाय

गर्मियों में अक्सर लोग पसीने से परेशान रहते हैं। चाहे कितने भी खुशबूदार साबुन से नहा ले या परफ्यूम लगा लें, इसके बाद भी पसीने की बदबू से परेशान रहते हैं, इससे छुटकारा पाएं। आप भी इन उपाय के जरिए पसीने की दुर्गंध को दूर कर सकते हैं। गर्मी के मौसम में सबसे ज्यादा दिक्कत पसीने की बदबू की होती है। पसीने की बदबू के कारण कई बार हम सभी को शर्मिंदगी महसूस होने लगती है। पसीने के बदबू से बचने के लिए आप खुशबूदार साबुन से नहा ले या परफ्यूम लगा लें, लेकिन इसके बाद भी पसीने की बदबू से परेशान रहते हैं, तो आप इससे छुटकारा पाने के लिए इन 5 टिप्स को अपना सकते हैं।



**पसीने की गंध से छुटकारा पाने के उपाय**

**रोजाना नहाएं**

गर्मियों में सबसे जरुरी है रोजाना नहाना। कम से कम दिन में दो बार स्नान जरुर करें। ऐसा करने से पसीने और बैक्टीरिया की गंध में राहत मिलेगी।

**एंटी-बैक्टीरियल साबुन का यूज करें**

अगर आप पसीने की बदबू से परेशान रहते हैं तो आप एंटी-बैक्टीरिय साबुन का प्रयोग कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल से आपके शरीर पर चिपके सभी बैक्टीरिया साफ हो जाते हैं और पसीने की गंध से छुटकारा मिल सकता है।

**कॉटन के कपड़े पहनें**

समर सीजन में जितना आप सूती या हल्के कपड़े पहनेंगे उतना ही आपके लिए फायदेमंद होगा। इस तरह के कपड़े पसीने को सोखकर त्वचा को सांस लेने में मदद करते हैं।

**नींबू का रस का प्रयोग करें**

नींबू का रस इस्तेमाल करने से पसीने की गंध कम हो जाती है। क्योंकि इसके साइट्रिक एसिड बैक्टीरिया को मारता है, जिससे पसीने की बदबू कम होती है। इसे आप अंडरआर्म्स पर रगड़कर सूखने दें।

**बेकिंग सोडा का प्रयोग**

पसीने की बदबू को कम करने में बेकिंग सोडा करगार साबित होगा। इस उपाय को करने के लिए आप पानी में बेकिंग सोड़ा का घोल बना लें। अब आप इस पानी में सूती कपड़ा डालकर अंडरआर्म को साफ कर सकते हैं। ऐसा करने से पसीने से बदबू आनी बंद हो जाएगी।

## मणिपुर में कानून-व्यवस्था में हुआ सुधार, जल्द ही बनेगी नई सरकार



**इंफाल।** मणिपुर में फिलहाल राष्ट्रपति शासन लागू है, लेकिन इसी बीच एक भाजपा विधायक ने दावा किया है कि राज्य में जल्द ही नई सरकार बनेगी। इसके साथ उन्होंने ये भी कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था में सुधार हो गया है। मणिपुर के एक भाजपा विधायक ने शनिवार को दावा किया कि राज्य में कानून-व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है और उम्मीद जताई कि जल्द ही नई सरकार बनेगी। भाजपा विधायक टी. रोबिन्द्रो ने कहा कि मैतेई और कुकी नागरिक समूहों के बीच शांति वार्ता भी शुरू हो गई है। काकचिंग जिले में पत्रकारों से बातचीत करते हुए टी. रोबिन्द्रो ने कहा कि, कानून-व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। हमें पूरा विश्वास है कि केंद्र जल्द से जल्द नई सरकार का गठन करेगा। मैतेई और कुकी समूहों के बीच शांति वार्ता शुरू हो गई है। हमारा मानना है कि शांति लाने में सहायता के लिए निकट भविष्य में मैतेई और कुकी विधायकों के बीच बातचीत होगी। मुझे विश्वास है कि जल्द ही नई सरकार बनेगी। थंगा निर्वाचन क्षेत्र के विधायक टी. रोबिन्द्रो ने कहा हमारे (भाजपा विधायकों) बीच नेता चुनने में कोई असमर्थता या मतभेद नहीं है। हम सभी एकजुट हैं। हम मणिपुर का विभाजन नहीं होने देंगे और सभी राज्य के लिए एकजुट रहेंगे।

## राष्ट्रपति को तीन महीने में विधेयकों पर फैसला करना चाहिए

**सहयोग**

**राज्यों को भी सहयोगात्मक होना चाहिए और विधेयक को लेकर उठाए जा रहे सवालों के उत्तर देकर सहयोग करना चाहिए।**



**नई दिल्ली।** पीठ ने फैसले में कहा कि तीन महीने की समयसीमा से ज्यादा की देरी होने पर उचित कारण देने होंगे और इस बारे में संबंधित राज्य को सूचित करना होगा। राज्यों को भी सहयोगात्मक होना चाहिए और विधेयक को लेकर उठाए जा रहे सवालों के उत्तर देकर सहयोग करना चाहिए। पहली बार सुप्रीम कोर्ट ने अपनी एक टिप्पणी में सलाह दी है कि राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर राज्यपालों द्वारा भेजे गए लंबित विधेयकों पर फैसला ले लेना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार की याचिका पर दिए गए अपने फैसले में यह टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के पास लंबित 10 विधेयकों को पारित करने का आदेश दिया। ये विधेयक राज्यपाल ने राष्ट्रपति के पास विचारार्थ भेजने के चलते लंबित किए हुए थे। सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को यह फैसला दिया था और फैसले की कॉपी बीती रात सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड हुई है।

अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव देते हुए राष्ट्रपति के पास विधेयकों को लंबित रखने की समयसीमा भी तय करने की बात कही है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की अध्यक्षता वाली पीठ ने 8 अप्रैल को दिए अपने फैसले में कहा कि हम गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित समय-सीमा को अपनाए जाने को उचित समझते हैं और ये सलाह देते हैं कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा उनके विचारार्थ आरक्षित विधेयकों पर तीन महीने के भीतर फैसला लेना जरूरी है।

पीठ ने कहा कि इस समयसीमा से ज्यादा की देरी होने पर उचित कारण देने होंगे और इस बारे में संबंधित राज्य को सूचित करना होगा। राज्यों को भी सहयोगात्मक होना चाहिए और विधेयक को लेकर उठाए जा रहे सवालों के उत्तर देकर सहयोग करना चाहिए और केंद्र सरकार द्वारा दिए गए सुझावों पर तेजी से विचार करना चाहिए।

पीठ ने अपने फैसले में राज्यपाल द्वारा विधेयक को दूसरे राउंड में भी राष्ट्रपति के पास विचारार्थ भेजने को अवैध बताया।

गौरतलब है कि संविधान का अनुच्छेद 200 राज्यपाल को शक्ति देता है कि वे उनके पास मंजूरी के लिए आने वाले विधेयक को लेकर असहमति जता सकते हैं या फिर इसे राष्ट्रपति के विचार करने के लिए भेज सकते हैं।

पीठ ने फैसले में कहा कि अनुच्छेद 200 में विधेयक को मंजूरी देने की कोई समयसीमा तय नहीं है, लेकिन इसका मतलब ये भी नहीं है कि राज्यपाल विधेयक को लंबे समय तक रोके रखें और राज्य की कानून बनाने वाली व्यवस्था में अवरोधक बन जाएं।

## रेलवे संपत्तियों में तोड़फोड़ की जांच एनआईए करे



**कोलकाता।** शुभेंदु अधिकारी ने लिखा कि ये संवेदनशील मामला है क्योंकि मुर्शिदाबाद जिले की सीमा बांग्लादेश से लगती है। एनआईए जांच से इसके पीछे की साजिश का पर्दाफाश होगा।

पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून के विरोध में जारी विरोध प्रदर्शन जारी हैं। खासकर मुर्शिदाबाद में बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ और हिंसा हुई। हंगामे के दौरान रेलवे की संपत्तियों में तोड़फोड़ की गई। अब पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने रेलवे की संपत्तियों में तोड़फोड़ की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से कराने की मांग की है। शुभेंदु अधिकारी ने इस संबंध में रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। पत्र में शुभेंदु अधिकारी ने वक्फ कानून के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान मुर्शिदाबाद जिले में रेलवे संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं पर रेलवे मंत्री से ध्यान देने की अपील की। भाजपा नेता ने लिखा कि मेरी विनम्र अपील है कि रेलवे संपत्तियों में तोड़फोड़ की जांच एनआईए द्वारा की जाए। उन्होंने लिखा कि %ये संवेदनशील मामला है क्योंकि मुर्शिदाबाद जिले की सीमा बांग्लादेश से लगती है। एनआईए जांच से इसके पीछे की साजिश का पर्दाफाश होगा और साजिशकर्ताओं की पहचान की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हो सकें। गौरतलब है कि मुर्शिदाबाद में रेलवे संपत्तियों में की गई तोड़फोड़ के चलते न्यू फरक्का-अजीमगंज सेक्शन पर करीब छह घंटे तक रेल यातायात बाधित रहा। प्रदर्शनकारियों ने धुलियानडांगा-निमतिता सेक्शन पर तोड़फोड़ की थी। पश्चिम बंगाल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था जावेद शमीम ने कहा कि हिंसा के मामले में अब तक 118 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस द्वारा भीड़ को नियंत्रित करने के लिए की गई चार राउंड गोलीबारी में दो लोग घायल हुए हैं। मुर्शिदाबाद में बेकाबू हालात को देखते हुए बीएसएफ की तैनाती कर दी गई है।

## लोकतंत्र में विरोध स्वाभाविक, पर कानून हाथ मे लेने की इजाजत नहीं

**नई दिल्ली।** राजभवन की ओर से स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। आम जनता की सहायता के लिए 24 घंटे का कंट्रोल रूम भी खोला गया है। सूत्रों के मुताबिक, सीमा से सटे इलाकों में अशांति को देखते हुए राज्यपाल ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से भी बातचीत की है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने कहा है कि राज्य के कई इलाकों में वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। कई जगहों पर तोड़फोड़ और हिंसा की घटनाएं भी सामने आई हैं। लोकतंत्र में विरोध होना स्वाभाविक है, लेकिन अराजकता नहीं। कानून को हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जा सकती। मालदा, मुर्शिदाबाद और दक्षिण 24 परगना समेत राज्य के कई हिस्सों में वक्फ संशोधन कानून के विरोध में प्रदर्शन हो रहे हैं।

## मंत्री शिवनकुट्टी ने सीपीआई के सचिव को घेरा, सीएम की बेटी के खिलाफ एसएफआईओ की कार्रवाई पर की थी टिप्पणी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के सामान्य शिक्षा मंत्री ने सीपीआई के राज्य सचिव बिनॉय विश्वम द्वारा सीएम पिनाराई विजयन की बेटी के खिलाफ की गई टिप्पणियों को लेकर कड़ी आलोचना की। उन्होंने विश्वम की दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि वह सीएम की बेटी के मामले की चिंता छोड़ दें। वह इससे निपटने में सक्षम हैं। केरल के सामान्य शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने शनिवार को सीपीआई के राज्य सचिव बिनॉय विश्वम का घेराव किया। विश्वम ने केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की बेटी के खिलाफ एसएफआईओ की कार्रवाई और पीएम श्री योजना के कार्यान्वयन को लेकर टिप्पणी की थी। इससे दोनों लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) सहयोगियों के बीच मतभेद की अटकलों का संकेत मिला है। विश्वम ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि सीएम विजयन की बेटी वीना की कंपनी के खिलाफ एसएफआईओ की कार्रवाई एलडीएफ से संबंधित नहीं है। उन्होंने यह बात पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कही। पत्रकारों ने उनसे पूछा था कि वीना के खिलाफ गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) की कार्रवाई पर सीपीआई का क्या रुख है और क्या वह सीपीआई (एम) के इस रुख से सहमत हैं कि यह राजनीति से प्रेरित है। सीपीआई के राज्य सचिव ने सवालों का जवाब देते हुए कहा था कि पार्टी केरल के सीएम के साथ है, लेकिन वीना और उनकी कंपनी के खिलाफ मामला अलग है, जिसका एलडीएफ से कोई लेना-देना नहीं है।पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए विश्वम ने यह भी संकेत दिया कि सीपीआई को पीएम श्री योजना के कार्यान्वयन के संबंध में आपत्ति है, जिसका उद्देश्य 14,500 से अधिक पीएम श्री स्कूलों को विकसित करना और साथ ही देश में शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता और बुनियादी ढांचे में सुधार करना है। विश्वम ने कहा था कि पार्टी इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) का हिस्सा मानती है, जिसका एलडीएफ विरोध करता है।

**समर्थन**

**मंत्री ने मामले को राजनीति से प्रेरित बताया और कहा कि एलडीएफ और सीपीआई (एम) इस मामले में सीएम का पूरा समर्थन करते हैं।**

शिक्षा मंत्री शिवनकुट्टी ने शनिवार को विश्वम की दलीलों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि सीपीआई के राज्य सचिव को वीना के मामले को लेकर



चिंता करने की जरूरत नहीं है। वह इससे निपटने में पूरी तरह सक्षम हैं। मंत्री ने मामले को राजनीति से प्रेरित बताया और कहा कि एलडीएफ और सीपीआई (एम) इस मामले में सीएम का पूरा समर्थन करते हैं। शिवनकुट्टी ने विश्वम पर हमला बोलते हुए कहा कि सीपीआई नेता अब यह कहना चाहते हैं कि हमें पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाली सरकार नहीं कहना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रशासन को एलडीएफ नेता पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाली सरकार के रूप में संदर्भित किया जाता है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट एजेंडा में भी इसका उल्लेख इसी तरह किया गया है। अगर बिनॉय विश्वम सीएम बनते हैं तो ऐसा ही होगा। इसलिए, ईर्ष्या या जलन की कोई जरूरत नहीं है। पीएम श्री योजना पर विश्वम के रुख के बारे में बात करते हुए मंत्री शिवनकुट्टी ने पूछा कि जब इस योजना से गरीब बच्चों की शिक्षा में सुधार हो सकता है, और 1500 करोड़ रुपये की केंद्रीय मदद मिल रही है, तो उसे क्यों छोड़ देना चाहिए।

## सेना की वर्दी से प्यार और कई आतंकी संगठनों से नाता

**नई दिल्ली।** मुंबई हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा से एनआईए की पूछताछ शुक्रवार को शुरू हो गई। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा को गुरुवार को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया है। जहां अदालत ने राणा को 18 दिनों के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एनआईए की पहले दिन की पूछताछ में तहव्वुर राणा ने जांच में सहयोग किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पूछताछ में पता चला कि तहव्वुर राणा पाकिस्तान पंजाब के चिचावतनी नामक गांव का मूल निवासी है। उसके पिता स्कूल प्रिसींपल है। तहव्वुर के दो भाई है, जिनमें से एक पाकिस्तानी सेना में मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ के तौर पर काम कर रहा है और दूसरा पत्रकार है। राणा ने कैडेट कॉलेज से पढ़ाई की है और मुंबई हमले का सह-साजिशकर्ता डेविड हेडली भी उसके साथ उसी स्कूल में पढ़ता था। तहव्वुर राणा ने मेडिकल की डिग्री हासिल की है और पाकिस्तानी सेना की मेडिकल कोर में नौकरी कर चुका है। सेना छोड़ने के बाद साल 1997 में वह कनाडा में बस गया। तहव्वुर राणा की पत्नी भी एक डॉक्टर है, जिसका नाम समराज राना अख्तर है। कनाडा में तहव्वुर राणा ने इमीग्रेशन कंसल्टेंसी फर्म की शुरुआत की और बाद में हलाल मीट के बिजनेस में भी हाथ आजमाया। इमीग्रेशन फर्म के जरिए ही तहव्वुर राणा ने डेविड हेडली को भारत का वीजा दिलाने में मदद की थी। तहव्वुर राणा को सेना की नौकरी से बेहद प्यार था। इसी दौरान वह आईएसआई के संपर्क में आया और फिर लश्कर ए तैयबा जैसे आतंकी संगठन से जुड़ा। जब आईएसआई और लश्कर ए तैयबा के प्रतिनिधियों की बैठक होती थी तो तहव्वुर राणा अक्सर उनमें सेना की वर्दी पहनकर पहुंचता था। तहव्वुर राणा ने बताया कि वह अक्सर आतंकी संगठनों के कैंपों का दौरा करता था।

## अमेरिका को बेवकूफ बना रहे, चीन से उनकी मिलीभगत

**पार्टी**

**व्यान विलियम्स ने कहा कि मेटा ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के आलोचकों को चुप कराने के लिए बीजिंग के साथ मिलकर काम किया।**




**वॉशिंगटन।** मेटा की पूर्व कार्यकारी अधिकारी साराह व्यान-विलियम्स ने कहा कि मैंने मेटा के अधिकारियों को कई बार अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करते और अमेरिकी मूल्यों के साथ विश्वासघात करते देखा है। हालांकि मेटा ने पूर्व अधिकारी के दावों का खंडन किया है।

मेटा के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग पर उनकी ही कंपनी की एक पूर्व कार्यकारी अधिकारी ने बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मेटा ने चीन में अपनी व्यावसायिक उपस्थिति के लिए अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता किया। मार्क जुकरबर्ग अमेरिकियों को बेवकूफ बना रहे हैं। जबकि चीन से उनकी मिलीभगत है।

उन्होंने कहा कि मेटा के अधिकारियों ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी को अमेरिकियों समेत तमाम यूजर्स के डाटा तक पहुंच प्रदान करने की अनुमति दी। अपराध और आतंकवाद निरोध पर सीनेट न्यायपालिका उपसमिति के सीनेटर जोश हॉले के नेतृत्व में की गई सुनवाई के दौरान साराह व्यान-विलियम्स ने मार्क जुकरबर्ग पर कई आरोप लगाए। मीडिया रिपोर्ट में सीबीएस न्यूज के हवाले से कहा गया कि सुनवाई के दौरान साराह व्यान-विलियम्स ने बयान दिया कि मैंने मेटा के अधिकारियों को कई बार अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करते और अमेरिकी मूल्यों के साथ विश्वासघात करते देखा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मेटा ने चीन की सरकार के लिए कस्टम सेंसरशिप टूल बनाए। इससे कंटेट मॉडरेशन पर व्यापक नियंत्रण हुआ।

व्यान विलियम्स ने कहा कि मेटा ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के आलोचकों को चुप कराने के लिए बीजिंग के साथ मिलकर काम किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मेटा के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल लामा का इस्तेमाल चीनी एआई कंपनी डीपसीक की मदद के लिए किया गया था। सीनेटर ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि मेटा ने व्यान विलियम्स को गवाही देने से रोकने की कोशिश की। ऐसा क्या है जो फेसबुक गवाह को बताने से रोकना चाहती है? उन्होंने कहा कि मार्क जुकरबर्ग ने सबसे बड़ी चाल चली।

उन्होंने खुद पर अमेरिकी झंडा लपेट लिया और खुद को देशभक्त बताया। जुकरबर्ग कहते हैं कि वे चीन में अपनी सेवाएं नहीं देते, जबकि उन्होंने पिछले एक दशक में वहां 18 बिलियन डॉलर का कारोबार खड़ा किया है।

मेटा ने व्यान विलियम्स की गवाही का खंडन किया है। मेटा ने कहा कि उनकी गवाही वास्तविकता से अलग है। उनके दावे झूठे हैं।

कंपनी के प्रवक्ता रयान डेनियल्स ने कहा कि मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने कई बार चीन में अपनी सेवाएं देने में कंपनी की रुचि के बारे में सार्वजनिक रूप से कहा है। हम आज भी चीन में अपनी सेवाएं संचालित नहीं करते हैं।

## ट्रंप प्रशासन की अप्रवासियों को निकालने की बेरहम योजना, 6000 जीवित लोग मृत घोषित

**वॉशिंगटन।** पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक कार्यक्रम के तहत इन अप्रवासियों को अस्थायी रूप से अमेरिका में प्रवेश करने और अमेरिका में रहकर काम करने की सुविधा दी थी। इन अप्रवासियों को सामाजिक सुरक्षा नंबर भी दिए गए ताकि ये सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रहीं सुविधाओं का भी लाभ उठा सकें। लेकिन अब ट्रंप प्रशासन ने इन सामाजिक सुरक्षा नंबर्स को रद्द कर दिया है

अप्रवासियों को लेकर सख्ती बरत रहे ट्रंप प्रशासन ने छह हजार अप्रवासियों को निर्वासित करने के लिए एक कठोर कदम उठाया है। दरअसल अमेरिकी सरकार ने इन 6000 जीवित अप्रवासियों को मृत घोषित कर उनके सामाजिक सुरक्षा नंबर रद्द कर दिए हैं। इसका असर ये होगा कि ये लोग अब न अमेरिका में काम कर सकेंगे, न ही स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। बैंक खाता खोलने में भी परेशानी होगी। दरअसल सरकार चाहती है कि परेशान होकर अप्रवासी खुद ही अमेरिका छोड़कर अपने-अपने देश लौट जाएं। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने सीबीपी वन एप कार्यक्रम के तहत इन अप्रवासियों को अस्थायी रूप से अमेरिका में प्रवेश करने और अमेरिका में रहकर काम करने की सुविधा दी थी। इन अप्रवासियों को सामाजिक सुरक्षा नंबर भी दिए गए ताकि ये सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रहीं सुविधाओं का भी लाभ उठा सकें। लेकिन अब ट्रंप प्रशासन ने इन सामाजिक सुरक्षा नंबर्स को रद्द कर दिया है ताकि अप्रवासियों को बैंकों और अन्य बुनियादी सेवाओं का इस्तेमाल करना मुश्किल हो जाए। ट्रंप प्रशासन का यह कदम भी अमेरिका में अप्रवासियों पर नकेल कसने की योजना का हिस्सा माना जा रहा है। बाइडन प्रशासन ने सीमा पार करके अवैध रूप से अमेरिका आने वाले अप्रवासियों को हतोत्साहित करने के लिए सीबीपी वन एप की शुरुआत की थी। इसके जरिए बाइडन प्रशासन ने अवैध अप्रवासन को कानूनी रूप देने की कोशिश की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दिसंबर के अंत तक, मेक्सिको से लगती सीमा पार करने पर 936,500 लोगों को सीबीपी वन अपॉइंटमेंट के साथ प्रवेश की अनुमति दी गई थी। इसमें अप्रवासियों को बायोमीट्रिक पहचान के जरिए अमेरिका में दो साल तक रहने और काम करने की सुविधा दी गई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पदभार ग्रहण करने के पहले दिन ही सीबीपी वन एप के जरिए प्रवेश को बंद कर दिया था।

**प्रवेश**

**मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दिसंबर के अंत तक, मेक्सिको से लगती सीमा पार करने पर 936,500 लोगों को सीबीपी वन अपॉइंटमेंट के साथ प्रवेश की अनुमति दी गई थी।**



## ऑनलाइन वीडियो और पोस्ट लिखकर डोनाल्ड ट्रंप और सरकारी अधिकारियों की हत्या की दी धमकी



**वॉशिंगटन।** मिस्टर सैटन नामक खाते से पोस्ट किए गए वीडियो में कहा गया कि हमें बस लोगों को मारना शुरू करना होगा। ट्रंप, एलन, ट्रंप द्वारा नियुक्त सभी एजेंसियों के प्रमुखों और जो भी इस काम में बाधा बन रहा है। वीडियो का आईपी एड्रेस चेक किया गया तो वह शॉन मोनपर के घर का निकला।

अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप का लगातार विरोध हो रहा है। इस बीच एक युवक ने ऑनलाइन वीडियो और संदेश पोस्ट करके ट्रंप और सरकारी अधिकारियों को हत्या करने की धमकी दे दी। न्याय विभाग ने कहा कि युवक पर लगे आरोपों की जांच की जा रही है। पुलिस ने आरोपी 32 वर्षीय शॉन मोनपर को हिरासत में ले लिया है।

न्याय विभाग ने कहा कि एफबीआई को एक यूजर की ओर से पोस्ट की गई धमकियों के बारे में संदेश मिला। मिस्टर सैटन नामक खाते से पोस्ट किए गए वीडियो का आईपी एड्रेस चेक किया गया तो वह शॉन मोनपर का घर निकला। शॉन मोनपर पेंसिलवेनिया का रहने वाला है, जहां चुनाव अभियान के दौरान ट्रंप पर हमला किया गया था। जांच में सामने आया कि ट्रंप के शपथ लेने के बाद मोनपर ने एक कमेंट किया कि उसने शस्त्र लाइसेंस प्राप्त कर लिया है। उसने कई बंदूकें खरीद लीं हैं और वह गोला-बारूद जमा कर रहा है। इसके बाद 17 फरवरी को उसने पोस्ट किया कि हमें बस लोगों को मारना शुरू करना होगा। ट्रंप, एलन, ट्रंप द्वारा नियुक्त सभी एजेंसियों के प्रमुखों और जो भी इस काम में बाधा बन रहा है। याद रखें, हम बहुसंख्यक हैं। एमएजीए देश में अल्पसंख्यक है और जब तक कदम उठाने का समय आएगा, तब तक वे कमजोर हो चुके होंगे। कई लोग इन नीतियों से कुचले जा चुके होंगे, और वे भी बदला लेना चाहेंगे। चार मार्च को युट्यूब पर लाइव में उसने कहा कि वह खुद ट्रंप की हत्या करने जा रहा है।

अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने कहा कि लोग आश्वस्त रहें कि जब भी और जहां भी हत्या या सामूहिक हिंसा की धमकी होगी, न्याय विभाग संदिग्ध को ढूंढेगा, गिरफ्तार करेगा और कानून की पूरी सीमा तक मुकदमा चलाएगा तथा अधिकतम उचित सजा की मांग करेगा।

## पाकिस्तान में 29 मिनट में दो बार आया भूकंप, 5.5 और 5.8 रही तीव्रता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आए भूकंप से पहले नेपाल में 4 अप्रैल और ताइवान में 9 अप्रैल को भूकंप के झटके लगे थे। इसका असर उत्तर भारत में भी महसूस हुआ था। पहला झटका 5.2 और दूसरा 5.5 तीव्रता का बताया गया। इससे पहले म्यांमार मं 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के भूकंप ने जमकर तबाही मचाई थी


पाकिस्तान में शनिवार को आधे घंटे के अंतराल में भूकंप के दो तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.5 और 5.8 मापी गई। पहला झटका दोपहर 12.31 बजे और दूसरा झटका एक बजे महसूस किया गया। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, दोपहर एक बजे आए भूकंप का केंद्र जमीन से करीब 10 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप का असर भारत में जम्मू-कश्मीर समेत कुछ अन्य हिस्सों तक महसूस किया गया। हालांकि, अब तक भूकंप की वजह से किसी भी तरह के नुकसान की कोई जानकारी नहीं है। इससे पहले समाचार एजेंसी पीटीआई ने राष्ट्रीय भूकंप निगरानी केंद्र (एनएसएमसी) के हवाले से बताया कि पहला झटका 12.31 मिनट पर आया। भूकंप का केंद्र रावलपिंडी से 60 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में जमीन की सतह से 12 किलोमीटर की गहराई में था। इसकी तीव्रता 5.5 बताई गई।

भूकंप के झटके पंजाब के अटक, चकवाल और मियांवाली जिलों और आस-पास के इलाकों में महसूस किए गए। इसके अलावा पेशावर, मर्दन, मोहमंद और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के शबकदर में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। पाकिस्तान में अक्सर अलग-अलग तीव्रता के भूकंप आते रहते हैं। सबसे घातक भूकंप 2005 में आया था, जिसमें 74,000 से अधिक लोग मारे गए थे।

इससे पहले 9 अप्रैल को ताइवान में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। केंद्रीय मौसम विभाग ने भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गई थी। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण के मुताबिक, 5.0 तीव्रता का भूकंप यिलान के दक्षिण-दक्षिणपूर्व में पूर्वोत्तर तट पर लगभग 21 किलोमीटर (12 मील) की दूरी पर आया। इसका केंद्र जमीन की सतह से 69 किलोमीटर (43 मील) गहराई में था।

इससे पहले थाईलैंड और म्यांमार में 28 मार्च को आए विनाशकारी भूकंप ने खूब तबाही मचाई थी। त्रासदी में अब तक करीब 4000 लोगों की जान जा चुकी है। 7.7 तीव्रता के भूकंप ने देश के बड़े हिस्से को प्रभावित किया था। इससे छह राज्यों को काफी नुकसान पहुंचा था। भूकंप के कारण कई इलाकों में बिजली, टेलीफोन या सेल कनेक्शन ध्वस्त हो गए थे। सड़कें और पुल क्षतिग्रस्त हो गए थे।

भूकंप के दौरान जितना संभव हो उतना सुरक्षित रहें। इस बात के प्रति सतर्क रहें कि कौन-से भूकंप वास्तव में इसकी पूर्व-चेतावनी देने वाले भूकंप के झटके होते हैं और




बाद में बड़ा भूकंप भी आ सकता है। धीरे-धीरे कुछ कदमों तक सीमित हलचल करें जिससे पास में किसी सुरक्षित स्थान पर पहुंच सकें और भूकंप के झटकों के रुकने पर घर में तब तक रहें जब तक कि आपको यह सुनिश्चित हो जाएं कि बाहर निकलना सुरक्षित है।

आप यदि घर के अंदर हों तो जमीन पर झुक जाएं, किसी मजबूत मेज अथवा फर्नीचर के किसी हिस्से के नीचे शरण लें या तब तक मजबूती से पकड़कर बैठे रहें जब तक कि भूकंप के झटके न रुक जाएं। यदि आपके पास कोई मेज या डेस्क न हो तो अपने चेहरे तथा सिर को अपने बाजुओं से ढक लें और बिल्डिंग के किसी कोने में झुक कर बैठ जाएं। किसी आंतरिक दरवाजे के लेंटर, किसी कमरे के कोने में, किसी मेज या यहां तक कि किसी पलंग के नीचे रुककर अपने आपको बचाएं। सीसे, खिड़कियों, दरवाजों तथा दीवारों से दूर रहें या ऐसी कोई चीज जो गिर सकती हो (जैसे लाइटिंग फिक्सचर्स या फर्नीचर), से दूर रहें।

यदि आप घर के बाहर हों तो जहां हों वहां से आप न हिलें। इसके साथ ही बिल्डिंग, पेड़ों, स्ट्रीट लाइटों तथा बिजली/टेलीफोन आदि की तारों आदि से दूर रहें।

# विधायी समाधिकार समिति का उद्देश्य संवैधानिक नियमों का अनुपालन कराना: सभापति

अवधनामा संवाददाता



- निर्माण परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास पट्टिका पर जनप्रतिनिधियों का नाम अनिवार्य रुप से अंकित करायें
- विधान सभा एवं विधान परिषद प्रतिनिधियों के प्रस्तावों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की ''विधायी समाधिकार समिति'' के सभापति डॉ0 मान सिंह यादव के सभापतित्व में सर्किट हाउस, प्रयागराज के सभागार में प्रयागराज मण्डल के जनपद प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर व प्रतापगढ़ के अधिकारियों के साथ जनपदवार समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सभापति डॉ0 मानसिंह यादव के साथ समिति के सदस्य के रूप में सदस्य विधान परिषद श्रीमती रमा निरंजन एवं सदस्य विधान परिषद ओम प्रकाश सिंह उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सभापति डॉ0 मानसिंह यादव ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि विधायी समाधिकार समिति का उद्देश्य संवैधानिक नियमों का अनुपालन कराना है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विधान सभा एवं विधान परिषद के जन प्रतिनिधियों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करायें, इसके साथ ही अधिकारी सम्बन्धित प्रस्तावों पर की गयी कार्यवाही से जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रुप से अवगत करायें।

बैठक में सभापति एवं अन्य सदस्यों ने प्रयागराज मण्डल के प्रशासनिक अधिकारियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि समितियां लघु सदन के रुप में कार्य करती हैं, जिनका उद्देश्य संविधान में प्रदत नियमों का धरातल पर अनुपालन सुनिश्चित कराना है। बैठक में सम्बंधित जनपदों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सभापति एवं समिति के अन्य सदस्यों के समक्ष अपने-अपने जनपदों के राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, सूचना विभाग, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग, पंचायती राज विभाग, ऊर्जा विभाग, चिकित्सा विभाग, आबकारी विभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग तथा सिंचाई विभाग में उत्तर प्रदेश विधान सभा एवं उत्तर प्रदेश विधान परिषद के जनप्रतिनिधिगणों द्वारा विगत 03 वर्षो में प्रस्तुत प्रस्तावों एवं आवेदनों की अनुपालन आख्या से अवगत कराया गया।

बैठक के अंत में जिलाधिकारी प्रयागराज रविन्द्र कुमार मॉंदड़ प्रयागराज ''विधायी समाधिकार समिति'' के सभापति व समिति के अन्य सदस्यों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आज की बैठक में आप सभी के द्वारा जो भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है, उनका अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा। बैठक में जिलाधिकारी प्रयागराज रविन्द्र कुमार मॉंदड़ सहित मण्डल के अन्य जनपदों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी ने सुनी जनता की समस्याएं

**आजमगढ़।** जिले के मुबारकपुर थाना प्रांगण में समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से समाधान दिवस अधिकारी क्षेत्राधिकारी सदर आस्था जायसवाल थाना प्रभारी निहार नंदन कुमार, राजस्व निरीक्षक कुलदीप सिंह यादव, राजस्व निरीक्षक रामजी यादव, लेखपाल अमिता पांडेय, आदर्श कुमार श्रीवास्तव, सब इंस्पेक्टर गिरीश शर्मा, सब इंस्पेक्टर कमला यादव सहित सभी राजस्व के कर्मचारी गण मौजूद रहे इस दौरान लगभग आधा दर्जन से अधिक प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें से मौके पर एक प्रार्थना पत्र का क्षेत्राधिकारी आस्था जायसवाल ने निस्तारण कराई शेष प्रार्थना पत्र हेतु संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को आदेशित किया मौके पर जाकर मामले को जल्द से जल्द निस्तारण कर आख्या प्रस्तुत करें थाना दिवस पर ज्यादातर मामले राजस्व से संबंधित थे वही जब मीडिया के लोगों ने क्षेत्राधिकारी आस्था जायसवाल से बात की उन्होंने क्या कहा आइये सुनते हैं उनकी जुबानी सनी।

# आतंकी और गुंडों की काल है भाजपा सरकार : संजय गुप्ता

अवधनामा संवाददाता



सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर भाजपाइयों ने लगाई वार्ड स्तर पर चौपाल

**प्रयागराज।** भाजपा शहर उत्तरी विधानसभा के द्वारा भारद्वाज मंडल में वार्ड नंबर 65 टैगोर टाउन में गांव चलो वार्ड चलो अभियान के अंतर्गत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर चौपाल लगाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार की नीतियां सही दिशा में हैं एवं धरातल पर प्रभावी ढंग से कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष जहां भ्रम और नकारात्मकता फैला रहा है, वहीं भाजपा कार्यकर्ता विकास और सुशासन की नीति को घर-घर तक पहुँचाने के लिए सतत प्रयासरत है। आगे कहा कि कांग्रेस के शासन में देश आतंक का और सपा के शासन में प्रदेश गुंडों और माफियाओं का पर्याय बन चुका था लेकिन आज आतंकी और गुंडों की काल बनी है भाजपा सरकार। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया की अभियान 13 अप्रैल तक चलेगा। इस अभियान के अंतर्गत महानगर के 58 वार्डों में अब तक चौपाल लगाए जा चुके हैं और चौपाल के अंतर्गत स्थानीय जनों के साथ चाय पर चर्चा की गई। सामाजिक राजनीतिक सभी प्रभावशाली व्यक्तियों से भेंट किया गया। जनता की समस्याओं को सुना गया और नोट किया गया, क्षेत्र के लाभार्थियों से संपर्क किया गया और वार्ड के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्रम पहनाकर सम्मान किया गया। चौपाल की अध्यक्षता एवं संचालन मंडल अध्यक्ष अजय आनंद ने किया और आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर महामंत्री वरुण केसरवानी, राजू पाठक, राजेश केसरवानी, पार्षद आशीष द्विवेदी, अरुण पटेल, अंजनी सिंह, आनंद वैश्य सुदर्शन,अनिल गोस्वामी, हरीश पासवान अमरेश प्रताप सिंह प्रियंका पारासर, अंशुल गोस्वामी, अंशु साहू , आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चिकित्सा संगोष्ठी का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** नीमा स्थापना सप्ताह के तहत आर.के. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज सठियांव में चिकित्सा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कॉलेज के प्राचार्य और नीमा आजमगढ़ के वरिष्ठ सदस्य डॉ. के.एन. यादव ने आधुनिक जीवनशैली में आयुर्वेद की उपयोगिता विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में लोग आधुनिकता की तरफ बढ़ते दिखावे को महत्व देकर अपने स्वास्थ्य को कम महत्व दे रहे हैं। किसी भी व्यक्ति से सुबह आधा घंटे व्यायाम के लिए या टहलने के लिए कहा जाए तो उसका जवाब होता कि हमारे पास समय कहाँ है? लेकिन जब बीमार होता है तो इसके लिए समय निकाल लेता है। अतः व्यक्ति को समय रहते ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए। अपने व्यस्ततम जीवनचर्या के कारण व्यक्ति स्वास्थ्य को भूल से गया है, जबकि स्वास्थ्य ही जीवन का आधार है। स्वस्थ व्यक्ति जीवन के सारे सुख भोगता है, जबकि रोगी व्यक्ति हमेशा परेशान रहता है। डॉ. अवधेश कुमार ने स्वास्थ्य ही जीवन है विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने पर ही मनुष्य धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति कर सकता है। स्वस्थ रहने के लिए मनुष्य को आयुर्वेद के सिद्धांत दिनचर्या, रात्रिचर्या, ऋतुचर्या और सदवृत का पालन करना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त स्वस्थ की कल्पना करना संभव नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि सुखी रहना है तो स्वास्थ्य की देखभाल करना आवश्यक है। कहा भी गया है कि सच्चा सुख निरोगी काया। आज की संगोष्ठी के को-ऑर्डिनेटर डॉ. डी.डी. सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से आमजन को अपने को स्वस्थ रखने में मदद मिलती और वे आयुर्वेद के सिद्धांत का पालन करते हुए लम्बे समय तक स्वस्थ रह सकते हैं। साथ ही मेडिकल कॉलेज के छात्र स्वस्थ रहते हुए राष्ट्र के निर्माण अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं। संस्था के चेयरमैन डॉ. प्रेम प्रकाश यादव ने नीमा के इस तरह के कार्यक्रम की सराहना किया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. अमित कुमार, डॉ. अवधेश यादव, डॉ. प्रेम प्रकाश राय, डॉ. अखिलेश शुक्ला, डॉ. नमिषा दास, डॉ. अजय यादव, डॉ. राहुल पाण्डेय, डॉ. सौरभ यादव, डॉ. राजेश श्रीवास्तव, डॉ. कीर्ति यादव, अभिनंदन यादव, दीपक यादव, हिमांशु गुप्ता, रश्मि मिश्रा, डॉ. डी.डी. सिंह आदि उपस्थित रहे।

# हनुमान जयंती पर मंदिरों में दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

- मंदिरों में लगीं लम्बी कतारें, विशेष पूजन व विविध कार्यक्रमों का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** प्रयागराज के कोतवाल कहे जाने वाले प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त संकटमोचन हनुमान के जन्मोत्सव पर दर्शन पूजन के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबे कतारे देखी गई। चैत्र शुक्लपक्ष की पूर्णिमा तिथि पर श्रीराम के भक्त हनुमान जन्मोत्सव को लेकर शहरों में कई तरह के आयोजन हो रहे हैं।

सुबह से ही मंदिरों में भीड़ नजर आ रही है। हनुमान जी के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी है। हनुमान मंदिरों में मंत्रोच्चार के बीच पंचामृत, जड़ी-बूटियों के रस से हनुमान जी की प्रतिमा का अभिषेक एवं पूजन किया गया।

हनुमान जयंती के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। शहर के मंदिरों को सजाया गया है। भीड अधिक होने के कारण मंदिरों के आसपास फोर्स तैनात है। संगम के निकट बंधवा स्थित लेटे बड़े हनुमान मंदिर में विधि विधान से पूजन के बाद श्रद्धालुओं का तांता लग गया। श्रद्धालुओं ने लाइन लगाकर हनुमान जी का दर्शन पूजन शुरू किया।

यहां पर सुबह पांच बजे से श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखी गई। दोपहर बाद श्रृंगार करके आरती की गई। सिविल लाइंस स्थित हनुमत निकेतन में श्रृंगार के बाद आरती-पूजन किया गया। इस बार हनुमान जयंती उनके प्रिय दिन शनिवार को है । ऐसा होने से इस जयंती पर्व की महत्ता और भी बढ़ गई है। हनुमान जन्मोत्सव पर हस्त,चित्रा नक्षत्र के साथ हर्षण योग, बुधादित्य योग तथा मीन राशि में पांच ग्रहों की युति से पंचग्रही योग बन रहा है।

प्रयागराज में सिविल लाइंस स्थित हनुमत निकेतन,स्मिमथ रोड, लूकर रोड, अल्लापुर, कीडगंज, मुट्ठीगंज, कालिंदी पुरम, करेली, सुबेदारगंज और नागवासुकी स्थित हनुमान मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं के कतार खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। श्रद्धालु हाथ में में प्रसाद के रूप में बूंदी, बेसन के लड्डू के अलावा अन्य प्रसाद श्रीराम भक्त हनुमान को अर्पित कर रहे हैं।

देश में जगह-जगह हनुमान जी के प्राचीन चमत्कारिक मंदिर हैं। इन्हीं में से एक है संगम किनारे लेटे हनुमान का मंदिर। अपने आप में अनोखे इस मंदिर में हनुमानजी की प्रतिमा खड़ी हुई नहीं बल्कि लेटी हुई अवस्था में विराजमान है। संगम के किनारे स्थित इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि संगम स्नान के बाद यहां दर्शन नहीं किए तो स्नान अधूरा माना जाता है।

## पंचदेव महादेव मंदिर में मनाया गया हनुमत जन्मोत्सव

**प्रयागराज।** नखास कोना में काल्विन हॉस्पिटल के पास पंचदेव महादेव मंदिर में आज हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से-अर्चना मुख्य अतिथि डॉ माया देवी और परिवर्तन संस्था प्रदेश अध्यक्ष मोनू गुप्ता के द्वारा भगवान की आरती पूजा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मोनू गुप्ता ने कहा कि चैत्र मास में हनुमान जन्मोत्सव का बहुत महत्व रहता है। इस अवतार को महादेव के तेज से रुद्र अवतार हनुमान जी का जन्मोत्सव हम लोग मानते हैं। सृष्टि के साक्षात देवता हनुमान जी की पूजा अर्चना करने और सुंदरकांड का पाठ करने से उनकी भक्ति प्राप्त होती है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर माया देवी, मोनू गुप्ता, अविनाश शर्मा, अर्जुन कनौजिया, राजेश केसरवानी, सुजीत कनौजिया, अवधेश बाबू, विजलता, स्वाति, अलका कनौजिया, वंश शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

## सामाजिक समरसता दिवस के रूप में भाजपा मनाएगी अंबेडकर जयंती

**प्रयागराज।** भाजपा प्रयागराज महानगर के द्वारा भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई जाएगी। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती 13 अप्रैल से 25 अप्रैल तक चलेगा। जिसका शुभारंभ 13 अप्रैल को उनकी जयंती की पूर्व संध्या पर शाम 5:00 बजे हाई कोर्ट स्थित प्रतिमा पार्क पर स्वच्छता अभियान के साथ किया जाएगा। इसके अलावा महानगर के सभी अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थलों की सफाई की जाएगी देर रात्रि दीप उत्सव मनाया जाएगा। 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी। 14 अप्रैल को सभी जगह पर कार्यक्रमों का आयोजन करने के साथ ही माल्यार्पण किया जाएगा. जिन जगहों पर बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा नहीं है वहां पर फोटो लगाकर उनका माल्यार्पण किया जाएगा।

## जीवन हास्पिटल में निःशुल्क परामर्श शिविर आज

**प्रयागराज।** रौशनबाग़ मदरसा ग़रीब नवाज़ तिराहे पर स्थित जीवन हास्पिटल में रविवार 13 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से महिला सम्बंधित रोगों की चिकित्सक डॉ निहारिका केसरवानी एम.बी.बी.एस.(डी जी ओ) के द्वारा निःशुल्क परामर्श के साथ निःशुल्क नेत्र जांच व शुगर खून की जांच (हीमोग्लोबिन), थायराइड की जांच भी निःशुल्क होगी। अन्य जांच पर 50 प्रतिशत का डिस्काउंट भी दिया जाएगा।मैनेजर सैय्यद मोहम्मद अस्करी ने उक्त सूचना देते हुए आम जनमानस से आग्रह किया कि निःशुल्क शिविर का लाभ उठाने के लिए समय पर पहुंच कर रजिस्ट्रेशन ज़रुर करा लें।

## निःशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण शिविर आज

**प्रयागराज।** श्रीठाकुरदीन केसरवानी ट्रस्ट के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण शिविर 13 अप्रैल को आयोजित किया गया है। जिसका उदघाटन महापौर उमेश चन्द्र गणेश केशरवानी करेंगे। ।उक्त जानकारी देते हुए ट्रस्टी डा. कपूर चन्द्र केसरवानी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में दस डाक्टरों की टीम द्वारा ठाकुरदीन ट्रस्ट परिसर में प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक होगा। जिसमें कई नामचीन चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। ट्रस्ट के मंत्री सुनील केसरवानी पप्पू कटरा ने बताया कि डा0 विशेषज्ञों की टीम के द्वारा जोड़ो के दर्द, गठिया, अस्थमा, बवासीर, महिलाओं से जुड़ी बिमारियां, नाक, कान गला, व चेस्ट (सीने) सम्बन्धी बीमारियां- परामर्श व 5 दिन की दवा निःशुल्क दी जायेगी।

## ई-रिक्शा चालकों का किया गया सत्यापन

**आजमगढ़।** जनपद में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा माह अप्रैल में चलाए जा रहे ई-रिक्शा विशेष अभियान के अंतर्गत 'वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ हेमराज मीना' के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक यातायात विवेक त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 11.04.2025 को जनपद आजमगढ़ के समस्त चौराहे, तिराहे, स्टैंड व थानों आदि पर ई-रिक्शा का सत्यापन किया गया, जिसमें ई-रिक्शा के आगे चालक का नाम व मोबाइल नंबर तथा ई-रिक्शा के पीछे वाहन स्वामी का नाम व मोबाइल नंबर लिखा गया है जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा ई-रिक्शा से हो रहे अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

## साइबर फ्राड के 38,500 रूपये वापस कराया गया

**आजमगढ़।** थाना कोतवाली पूर्व की घटना आवेदिका वन्दना सिंह पुत्री श्याम नरायन सिंह निवासी सलेमपुर, थाना कोतवाली ,जनपद आजमगढ़ के साथ 38,500- रूपये का साइबर फ्राड हुआ था । जिसके सम्बन्ध में आवेदिका द्वारा छब्त्च् पोर्टल पर ब्वउचसंपद छव. 331092 पंजीकृत किया गया था। जिसके आधार पर आवेदिका का 38,500 रूपये होल्ड कराया गया। उक्त शिकायत पर विधिक कार्यवाही कराते हुये कम्प्यूटर आपरेटर सनत सिंह व म0आ0 उमा वर्मा के द्वारा होल्ड हुए पैसे पर मा0 न्यायालय से आदेश कराकर आवेदिका के पैसे को वापस कराया गया ।

# गांव चलो अभियान को लेकर भाजपाइयों ने किया सघन जनसंपर्क

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** 2027 की तैयारी में जुटी भाजपा का गांव चलो अभियान प्रयागराज महानगर के सभी 15 मंडलों में तेजी के साथ चलाया जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि लगातार लोगों से संपर्क कर सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं। महानगर के सभी 15 मंडलों में मंडल अध्यक्षों के नेतृत्व में सघन जनसंपर्क कर जन जन तक संगठन और सरकार की नीतियों योजनाओं उपलब्धियों की जानकारी दी जा रही है। सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हुए लाभार्थियों से भी संपर्क कर उनका अनुभव पूछा जा रहा है। इस पूरे अभियान की मॉनिटरिंग संगठन के प्रदेश एवं केंद्रीय नेतृत्व द्वारा लगातार की जा रही है। शनिवार को भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गंगा पट्टी मंडल के जनका सेक्टर में गांव चलो अभियान के तहत घर घर व लाभार्थियों से संपर्क किया। इस दौरान बूथ समिति की बैठक, स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

इस दौरान महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत पर चलने वाली सरकार है। जनता तक सरकार की योजनाएं पहुंचे ये भाजपा सरकार की पहली प्राथमिकता है। मातृ शक्ति आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में तेजी से आग बढ़ रही है। भाजपा कार्यकर्ता सरकार की ऐसी ही उपलब्धियों योजनाओं की जानकारी लेकर गांव चलो अभियान के तहत जनसमर्क कर रहे हैं। विश्वविद्यालय, भारद्वाज , सिविल लाइन, प्रीतमनगर, वेणी माधव, चौक आदि सभी 15 मंडलों में 13 अप्रैल तक ये अभियान चलेगा। इस दौरान डॉ शैलेश पांडेय, देवेश सिंह, विजय श्रीवास्तव, अनिल मौर्य, आनंद जायसवाल, राबिन साहू, आशुतोष पांडेय अंगद पटेल, अजय आनंद, अजय सिंह, राकेश भारती, विवेक मिश्रा,आदि कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क किया बूथ अध्यक्ष मंडल पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# ठा. हर नारायण सिंह डिग्री कॉलेज में बीजगणित पर हुआ विशेष व्याख्यान



**प्रयागराज।** ठा. हर नारायण सिंह डिग्री कॉलेज में आज मैथमैटिक्स विभाग द्वारा बेसिक मोशन्स आफ अलजेब्रा÷ पर व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता के.एन. पी.जी. कॉलेज, ज्ञानपुर के गणित विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) सुशील कुमार रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य तथा मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। निदेशक डॉ. उदय प्रताप सिंह ने श्री राम लला की प्रतिमा मुख्य अतिथि को भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. सुशील कुमार ने आधुनिक डेटा साइंस और प् में एलजेब्रा के प्रयोग को विस्तार से बताया। प्राचार्य डॉ. अजय गोविन्द राव ने बताया कि अंकगणित, बीजगणित, रेखागणित के संयोजन से ही विज्ञान, कला एवं वाणिज्य के विस्तार को बताते हुए मैथमैटिक्स को सृष्टि के रहस्यों को जानने का मूल आधार बताया। कार्यक्रम का संचालन मैथमैटिक्स के सहा. आचार्य इन्द्र मोहन मणि त्रिपाठी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन वनस्पति विज्ञान की सहा. आचार्या डॉ. स्वाती वर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ. आयशा मारिया, दिव्या सिंह, उत्कल श्रीवास्तव, मो. शाहरुख, वर्षा श्रीवास्तव, विवेक मिश्रा, संदीप सिंह, डॉ. जितेन्द्र वर्मा, डॉ. अम्बिका प्रसाद पाण्डेय एवं सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# दलित युवक की हत्या को लेकर गुस्सा फूटा, पुलिस ने दिया आश्वासन



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जिले के सिधारी थाना क्षेत्र के जाफरपुर गांव में दलित युवक संतोष कुमार की हत्या के मामले में शनिवार को परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे लोगों ने एसपी आवास का घेराव कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। हालांकि, परिजन एसपी से मुलाकात नहीं कर सके। मौके पर पहुंची सिधारी थाने की पुलिस ने आश्वासन देकर उन्हें शांत किया और घर भेज दिया।

जाफरपुर गांव निवासी फूलमती ने बताया कि 30 मार्च 2025 को उन्होंने सिधारी थाने में तहरीर दी थी, जिसमें पुरानी रंजिश के चलते सुरेश, हरिनंद और लल्लू पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। इस घटना में उनके बेटे संतोष कुमार को पेट में गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। इलाज के दौरान 9 अप्रैल 2025 को अस्पताल में संतोष की मौत हो गई।

परिजनों का आरोप है कि हत्या के तीन दिन बाद भी सभी आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए हैं। इससे आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शनिवार को एसपी आवास पर प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही सिधारी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई का भरोसा देकर भीड़ को तितर-बितर किया।

सिधारी थाना अध्यक्ष शशि चंद चौधरी ने बताया कि एक आरोपी सुरेश को शुक्रवार को हरबंशपुर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी तेज कर दी गई है और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना संख्या–याँ/246/1/15/25–26/ओ०टी०–02**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा पत्र में अंकित योग्यता मापदंडो के अनुसार ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं.–1, कार्य का संक्षिप्त विवरण :** यांत्रिक कारखाना, इज़्ज़तनगर में 4008 अदद बोगी फ्रेम और उनके घटकों 4008 अदद बीजी आईसीएफ/एसपीएआरटी/ डीईए मयू टीसी/डीईएमयू डीपीसी बोगियों, 180 अदद एमजी बोगियों और 1392 अदद फिएट बोगियों के ग्रिट ब्लास्टिंग और प्राइमर का कार्य (स्कोप ऑफ़ वर्क के अनुसार) 02 वर्ष की अवधि के लिए।, अनुमानित मूल्य (रु० में): रु. 32616220.08 (तीन करोड़ छब्बीस लाख सोलह हजार दो सौ बीस रुपये एवं आठ पैसा मात्र), जमानत राशि (रु० में) : रू. 313100.00 (तीन लाख तेरह हजार एक सौ रूपये मात्र), निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू०) : शून्य, कार्य अवधि: 02 वर्ष, निविदा खुलने की तिथि व समय : 05.05.2025 को 15:30 बजे। **नोटः 1.** उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 12.04.2025 को समय 17:00 बजे से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर टेंडर खुलने की तिथि 05.05.2025 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त निविदा में ई–बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिए कि वो अपने आपको IT Act 2000 के अंतर्गत CA द्वारा जारी क्लास–III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS वेबसाइट पर पंजीकृत कराएं। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी लेटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** ई–निविदा हेतु धरोहर राशि ई–भुगतान नेट बैंकिंग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी।

**उप मुयांइ/उत्पादन/यांत्रिक कारखाना,**
**मुजाधि/यॉंत्रिक – 09** **इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**लखनऊ नगर निगम**

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ. फोन-फैक्स: 0522-2622440, ई-मेल: nnlko@up.nic.in

संख्या : 06/मु०अ०/2025-26 **अल्पकालिक निविदा सूचना** दिनांक : 09.04.2025

नगर निगम, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु 23.04.2025 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र 23.04.2025 तक अपरान्ह 02 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा नगर निगम की वेबसाइट lmc.up.nic.in से टेण्डर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मण्डलायुक्त महोदय लखनऊ के कार्यालय, जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 23.04.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक रखे निविदा बाक्स में डाले जा सकते हैं। प्राप्त निविदाओं को उसी तिथि को अपरान्ह 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्यूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि रू० में | जमानत धनराशि रू० में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऐशबाग वार्ड के अन्तर्गत आई0टी0 कालोनी में क्रियाघर में सी0सी0 तथा शौचालय मे स्लैब डालने का कार्य। | 423545.00 | 42355.00 | 2 माह | 424.00 | 76.00 | 500.00 |
| 2 | ऐशबाग वार्ड के अन्तर्गत ब्रहमवति स्कूल (श्री हरिश्चन्द्र कुरील वाली गली का शेष भाग) का सी0सी0 सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 339886.00 | 33989.00 | 2 माह | 340.00 | 61.00 | 401.00 |
| 3 | अहाना इन्क्लेव में हट टावर की लिफ्ट एवं गार्ड रूम, आफिस में आई0पी0 ई0पी0ए0बी0 एक्स लगाये जाने का कार्य। | 673800.00 | 67380.00 | 1 माह | 674.00 | 121.00 | 795.00 |

शर्तें:- (01) निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149 सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। (02) शासनादेश सं0-6738/23-7- 06-176 (सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी । शासनादेश संख्या-692/23-07-2024 दिनांक 09.08.2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता को निविदा लागत, स्वीकृति (बी0ओ0क्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा । अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्यूरिटी ऑनलाइन इण्टरनेट बैंकिंग/आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0/ड्यूली प्लेज्ड एफ0डी0 आर0 बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी। (03) कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा। (04) 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य सन्तोषजनक पाये जाने के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी। (05) किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा।(06)15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ-पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति/अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।

**मुख्य अभियन्ता**

# एसआईए प्रमुख बोले- सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन में बदलाव का दौर, भारत के लिए सुनहरा मौका

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में आयोजित कार्नेगी ग्लोबल टेक्नोलॉजी समिट में बोलते हुए एसआईए के अध्यक्ष और सीईओ जॉन नेफर ने सेमीकंडक्टर की




वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर बदलाव की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बदलाव आ रहा है और इसका सबसे बड़ा फायदा भारत को मिल सकता है।

अमेरिका की सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री एसोसिएशन (एसआईए) के अध्यक्ष और सीईओ जॉन नेफर ने सेमीकंडक्टर की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर बदलाव की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बदलाव आ रहा है और इसका सबसे बड़ा फायदा भारत को मिल सकता है। जॉन नेफर नई दिल्ली में आयोजित कार्नेगी ग्लोबल टेक्नोलॉजी समिट में बोल रहे थे, जिस दौरान उन्होंने इन बातों पर प्रकाश डाला। बचा दें कि एसआईए दुनिया की बड़ी कंपनियों जैसे एएमडी, एनवीडिया और TSMC का प्रतिनिधित्व करता है।

**सप्लाई चेन को मजबूत बनाने पर जोर**

नेफर ने बताया कि कोरोना महामारी के बाद दुनिया ने सेमीकंडक्टर आपूर्ति में कई कमजोरियां देखीं, इसलिए अब ज़रूरी है कि सप्लाई चेन को और विविध और मजबूत बनाया जाए। उन्होंने कहा कि भारत के पास खासकर प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी) के क्षेत्र में बेहतरीन क्षमता है, जो सेमीकंडक्टर बनाने की प्रक्रिया में एक अहम हिस्सा होता है।

**सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में भारत की तेजी**

भारत ने हाल ही में सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में तेज़ी से कदम बढ़ाए हैं। टाटा, अडानी और एलएंडटी जैसे बड़े भारतीय समूह इस सेक्टर में निवेश कर रहे हैं। वैश्विक निवेश बैंक जेफरीज की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सरकार की मददगार नीतियों, सस्ती उत्पादन लागत और पश्चिमी देशों से मजबूत संबंधों की वजह से भारत एक वैश्विक सेमीकंडक्टर हब बन सकता है। अभी दुनिया में सेमीकंडक्टर की मांग बहुत तेज़ी से बढ़ रही है और अगर भारत इस मौके का सही फायदा उठाए, तो वह इस अहम टेक्नोलॉजी सेक्टर में वैश्विक नेतृत्वकर्ता बन सकता है।

**यूएस इंडिया ट्रस्ट पहल की शुरुआत**

गौरतलब है कि भारत और अमेरिका मिलकर सेमीकंडक्टर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम टेक्नोलॉजी, जैव प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में तकनीकी सहयोग बढ़ा रहे हैं। इसके लिए इसी साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मिलकर यूएस इंडिया ट्रस्ट नाम की एक नई पहल शुरू की गई थी। इस ट्रस्ट का उद्देश्य तकनीक के जरिये दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करना।

# इटली के उप प्रधानमंत्री ने एस जयशंकर से की मुलाकात, IMEC को आगे बढ़ाने पर हुई बात

**नई दिल्ली।** इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मामलों, अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्री एंटोनियो ताजानी शुक्रवार को दो दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारे का काम आगे बढ़ाने को लेकर बात की।

भारत और इटली के रिश्तों को मजबूत करने के लिए दोनों देशों के नेता आगे आ रहे हैं। इटली के उप प्रधानमंत्री एंटोनियो ताजानी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारे का काम आगे बढ़ाने को लेकर बात की। इसके साथ ही व्यापार, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा और उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाने का निर्णय लिया।

इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मामलों, अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्री एंटोनियो ताजानी शुक्रवार को दो दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना



(जेएसएपी) 2025-29 के ढांचे के तहत विदेश मंत्री एस जयशंकर और ताजानी की मुलाकात हुई। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में जयशंकर और तजानी ने बढ़ते द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की। इसमें व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, अंतरिक्ष, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और लोगों से लोगों के बीच संबंध जैसे क्षेत्रों को लेकर बात हुई।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), साइबर, दूरसंचार, डिजिटल प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, जैव ईंधन, शिक्षा और युवाओं तथा पेशेवरों की गतिशीलता आदि क्षेत्रों में भारत-इटली सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर और तजानी ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने और जेएसएपी से परिणाम प्राप्त करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों मंत्रियों ने आपसी हित के वैश्विक और क्षेत्रीय विकास पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर ने इटली के हिंद-प्रशांत पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने का स्वागत किया । इसके अलावा उन्होंने आईएमईईसी को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। विदेश मंत्री ने ढ्रल्श्धश्ष्ट के लिए इटली द्वारा विशेष दूत की नियुक्ति करने की सराहना की।

भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारे का लक्ष्य सऊदी अरब, भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप के बीच एक विशाल सड़क, रेलमार्ग और शिपिंग नेटवर्क स्थापित करना है। इसका उद्देश्य एशिया, मध्य पूर्व और पश्चिम को एक करना है।

# मोबाइल फोन उत्पादन बढ़कर पांच लाख करोड़ के पार


**नई दिल्ली।** देश में मोबाइल फोन उत्पादन 2024-25 में बढ़कर 5.25 लाख करोड़ रुपये हो गया है। स्मार्टफोन अब भारत से सबसे ज्यादा निर्यात की जाने वाली कमोडिटी बन गया है। पीएलआई योजना और वैश्विक मांग ने भारत को एक बड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग हब बना दिया है। देश का मोबाइल फोन उत्पादन 2024-25 में बढ़कर 5.25 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया, जो 2023-24 में 4.22 लाख करोड़ रुपये था। इसके साथ ही, स्मार्टफोन भारत से निर्यात की जाने वाली सबसे बड़ी कमोडिटी बन गई है। सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के मुताबिक, देश से 2024-25 में दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का स्मार्टफोन निर्यात हुआ है, जो सालाना आधार पर 55 फीसदी बढ़ा है। यह भारत के बढ़ते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की क्षमता को दिखाता है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना ने इस बदलाव में अहम भूमिका निभाई है। इससे क्षमता हासिल करने, वैश्विक निवेश पाने और और दुनिया के लिए एक बड़ा विनिर्माण हब बनने में मदद मिल रही है।

इस योजना ने पर्याप्त वैश्विक निवेश आकर्षित किया है, जिससे भारत की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ने के साथ वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में देश की स्थिति मजबूत हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक व्यापार गतिशीलता में हाल में हुए बदलावों, खासकर अमेरिका के जवाबी टैरिफ ने अमेरिकी बाजार में भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए रणनीतिक अवसर खोले हैं। उधर, एक्सिस कैपिटल ने कहा, भारत वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थिति मजबूत कर रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में मूल्य संवर्धन 30 फीसदी से बढ़कर 70 फीसदी पहुंच गया है।

# सोने के बढ़ते भाव से नया चलन हुआ शुरू, शादी ब्याह के लिए पुराने आभूषण बेचकर खरीद रहे नए गहने

**मुंबई।** सोने की कीमत उच्च रिकॉर्ड स्तर पर हैं, जिसकी वजह से आभूषण की खरीदारी फिलहाल नहीं हो रही है। शादी ब्याह का मौसम होने की वजह से 80 प्रतिशत ग्राहक रिसायकलिंग गोल्ड यानी पुराने आभूषणों नया करवा रहे हैं।

अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव और टैरिफ चिंताओं में कुछ समय पहले सोने की कीमतों में कमी देखने को मिली थी, लेकिन अब अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 3200 डॉलर तक पहुंच गई है जिसका असर भारत में देखने को मिल रहा है। भारतीय बाजार में सोने के दाम में रोज उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। 12 अप्रैल को मुंबई में (दोपहर तक )24 कैरेट सोने की कीमत 96, 600 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गई जबकि 22 कैरेट सोना का भाव 87,460 रुपये प्रति दस ग्राम



रहा है। बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि सोने के भाव शुक्रवार की तुलना में 2000 रुपये तक बढ़ गए हैं। सोने की कीमत अपना नया रिकॉर्ड भाव यानी 1,00,000 रुपये के स्तर पर जाने के लिए केवल 4,500 रुपये की दूर है।

बाम्बे बुलियन एसोसिएशन के सदस्य और ज्वेलर संजय कोठारी ने बताया कि सोने की कीमत उच्च रिकॉर्ड स्तर पर हैं, जिसकी वजह से आभूषण की खरीदारी फिलहाल नहीं हो रही है। शादी ब्याह का मौसम होने की वजह से 80 प्रतिशत ग्राहक रिसायकलिंग गोल्ड यानी पुराने आभूषणों नया करवा रहे हैं, जिसमें उन्हें केवल बनाई ही देनी पड़ रही है नहीं तो पुराने सोने को बेचकर उसकी जगह नए आभूषण ले रहे हैं।

सोने के सिक्कों अथवा सोने के बार को बेचकर भी ग्राहक आभूषण में बदल रहे हैं। वे कहते हैं, इतने अधिक भाव में नई खरीदारी 5 प्रतिशत तक देखने को मिल रही है, जिसमें भी उच्च आय वर्ग ही खरीदारी करता दिखाई दे रहा है। चांदी में भी छोटी वस्तुओं की खरीदारी है, जिसमें पायल अथवा उपहार में दी जाने वाली हल्की वस्तुओं की मांग 10 प्रतिशत तक है।

बॉम्बे बुलियन एसोसिएश के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुमार जैन कहते हैं, फिलहाल ग्राहकों को सोने की खरीदारी के लिए थोड़ा इंतजार करना चाहिए। यदि वे निवेश करना भी चाहते हैं तो, गोल्ड ईटीएफ में सिस्टमेंटिक इंवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए करना चाहिए, क्योंकि सोना इतना महंगा हो गया है कि फिलहाल इसकी खरीदारी फिजिकल न करके योजनाबद्ध तरीके से करने की जरूरत है।

अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव और टैरिफ की वजह से कुछ समय पहले सोने की कीमतों में कमी देखने को मिली थी, लेकिन अब अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 3200 डॉलर तक पहुंच गई हैं।

## इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 14.4 फीसदी घटकर 11 महीने के निचले स्तर पर, व्यापार युद्ध का असर

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार की अस्थिरता के चलते मार्च 2025 में इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश घटकर 25,082 करोड़ रुपये रह गया, जो 11 महीनों का निचला स्तर है। एसआईपी निवेश भी मामूली गिरावट के साथ चार महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया और 15 लाख एसआईपी खाते बंद हुए। टैरिफ वार के बीच शेयर बाजारों में उथल-पुथल के कारण इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मासिक आधार पर 14.4 फीसदी घटकर मार्च, 2025 में 11 महीने के निचले स्तर 25,082.01 करोड़ रुपये पर आ गया। इससे पहले मार्च, 2024 में सबसे कम 22,633 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। गिरावट के बावजूद मार्च लगातार 49वां महीना है, जब इस श्रेणी में निवेश जारी है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, यह लगातार तीसरा महीना है, जब इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश में गिरावट आई है। दिसंबर, 2024 में निवेशकों ने इस श्रेणी में 41,156 करोड़ का निवेश किया था, जो जनवरी में घटकर 39,687 करोड़ और फरवरी में 29,303 करोड़ रुपये रह गया। सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश मामूली घटकर मार्च, 2025 में 25,926 करोड़ रह गया। यह नवंबर, 2024 के बाद चार महीने का निचला स्तर है। उस समय एसआईपी में 25,320 करोड़ निवेश आया था। फरवरी, 2025 में यह आंकड़ा 25,999 करोड़ रुपये रहा था। मार्च में एसआईपी खातों की कुल संख्या फरवरी के 8.26 करोड़ से घटकर 8.11 करोड़ रह गई। इसका मतलब है कि बीते महीने करीब 15 लाख एसआईपी खाते बंद हुए। इस दौरान 40.18 लाख से अधिक नए एसआईपी खाते पंजीकृत भी हुए हैं। इक्विटी श्रेणियों में फ्लेक्सी कैप फंड में सर्वाधिक 5,615 करोड़ का निवेश आया। स्मॉलकैप फंड में 4,092 करोड़, मिडकैप में 3,439 करोड़ और मल्टीकैप में 2,753 करोड़ का निवेश। लार्ज-मिडकैप में 2,718 करोड़ का निवेश आया।

# रिमेडियम लाइफकेर ने 49.19 करोड़ के राइट्स इश्यू की घोषणा

REMEDIUM LIFECARE

**मुंबई।** फार्मास्युटिकल इंटरमीडिएट्स और स्पेशियलिटी केमिकल्स बनाने वाली रिमेडियम लाइफकेर लिमिटेड को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज से अपने प्रस्तावित राइट्स इश्यू के लिए मंज़ूरी मिल गई है।इस मंज़ूरी के बाद तेजी से बढ़ रही ये कंपनी अब अपने मौजूदा शेयरधारकों से पूंजी जुटा सकेगी, जिससे उसकी वित्तीय स्थिति मजबूत होगी और वह अपने मैन्युफैक्चरिंग, नए प्रोडक्ट्स का विकास और वैश्विक बाज़ार में विस्तार–को आगे बढ़ा सकेगी। कंपनी के होलटाइम डिरेक्टर आदर्श मुन्जाल ने कहा बी एस ई की यह मंज़ूरी हमारे सफर में एक महत्व का कदम है। हम अपने ऑपरेशंस को जम्मिदारी और सस्टेनेबल तरीके से बढ़ाते हुए शेयरधारकों के लिए मूल्य बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।यह राइट्स इश्यू ऐसे समय में आ रहा है जब रिमेडियम लाइफकेर को अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों से अच्छा रिस्पोन्स मिल रहा है। फरवरी 2025 में, कंपनी ने यूके की एक प्रमुख फार्मा डिस्ट्रीब्यूटर के साथ 182.7 करोड़ का एक मल्टीईयर एक्सपोर्ट कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। कंपनी अब ऐसे ग्लोबल सेगमेंट्स में मज़बूत स्थिति में है, जहां एंटीइंफेक्टिव्स, हृदय रोग, मस्तिष्क संबंधी रोग और कैंसर-सहायक दवाओं की मांग बड़ी तेजी से बढ़ रही है।राइट्स इश्यू की मुख्य बातें रिकॉर्ड डेट मंगलवार, 15 अप्रैल 2025,इश्यू साइज 4,919.04 लाख (यदि पूरी तरह सब्सक्राइब किया जाए),प्रति शेयर मूल्य 1.00 प्रति शेयर

कुल शेयर 49,19,04,000 पूरी तरह से चुकता किए गए इक्विटी शेयर (1 मूल्य के) राइट्स रेशियो रिकॉर्ड डेट तक आपके पास जितने भी पूरी तरह चुकता किए गए 50 शेयर हैं, उनके बदले में आपको 61 राइट्स शेयर मिलेंगे उद्देश्य वर्किंग केपिटल की ज़रूरतें आर एंड डी (अनुसंधान एवं विकास) के लिए उपकरण, और विस्तार

## सैमसंग ने भारत में पहली बार ग्लासेस-फ्री 3D और 4k 240H5 OLED ओडिसी गेमिंग मॉनिटर्स लॉन्च किए

**गुरुग्राम।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने आज ओडिसी गेमिंग मॉनिटर्स के 2025 लाइन-अप की उपलब्धता की घोषणा की। इसमें क्रांतिकारी ग्लासेस-फ्री ओडिसी 3D, उद्योग का पहला 4k 240H5 ओडिसी ओएलईडी G8, और बेहद शानदार कर्व्ड ओडिसी G9 शामिल हैं।

ये मॉनिटर गेमिंग को मजेदार और शानदार बनाने के लिए डिजाइन किए गए हैं, साथ ही ये गेमर्स, कंटेंट क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स की जरूरतों को पूरा करते हैं जो बेहतरीन विजुअल क्वॉलिटी चाहते हैं। नया 27 इंच का ओडिसी 3D G90XF मॉडल भारतीय बाजार के लिए एक बड़ा बदलाव लाने वाला है, क्योंकि ये बिना चश्मे के 3D गेमिंग का अनोखा अनुभव देता है।

27 इंच और 32 इंच के आकार में उपलब्ध, ओडिसी ओएलईडी G8 G81SF मॉडल दुनिया का पहला 4k ओएलईडी मॉनिटर है जिसने 240H5 रिफ्रेश रेट के साथ उद्योग में एक नया मानक स्थापित किया है। ओडिसी G9 G91F मॉडल 49 इंच के डुअल क्यूएचडी डिस्प्ले और 1000R कर्व्ड स्क्रीन के साथ एक बेजोड़ अल्ट्रा-वाइड अनुभव प्रदान करता है। यह 32:9 या 21:9 गेम खेलते समय उच्च-गुणवत्ता के विजुअल्स दिखाता है।

पुनीत सेठी, वाइस प्रेसिडेंट, एंटरप्राइज़ बिजनेस, सैमसंग इंडिया ने कहा, सैमसंग में, हमारा लक्ष्य है कि सबसे आधुनिक डिस्प्ले टेक्नोलॉजी को सभी के लिए आसान बनाया जाए और भारतीय ग्राहकों को दुनिया की बेहतरीन तकनीक दी जाए। ओडिसी 3D, ओडिसी ओएलईडी G8 और ओडिसी G9 मॉनिटर्स की पेशकश के साथ, हम न सिर्फ दुनिया की पहली तकनीक को भारत ला रहे हैं, बल्कि गेमर्स के लिए मजेदार अनुभव, तेज स्पीड और शानदार विजुअल क्वॉलिटी को भी नए स्तर तक पहुंचा रहे हैं।

## उतार-चढ़ाव से ऐतिहासिक रहा वॉल स्ट्रीट का यह सप्ताह

**वॉशिंगटन।** बाजार के विशेषज्ञ आशंका जता रहे हैं कि अमेरिका और चीन के बीच जारी टैरिफ वार के चलते अमेरिका के बाहर के निवेशक अपने यूएस बॉन्ड बेच सकते हैं। हेज फंड और अन्य नुकसान को कवर करने के लिए वे ऐसा कर सकते हैं। इससे दुनिया के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले बाजार अमेरिकी बाजार की प्रतिष्ठा पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं।

टैरिफ युद्ध की आशंकाओं के बीच शुक्रवार को अमेरिकी शेयर बाजार में उछाल आया। हालांकि अमेरिकी डॉलर के गिरते मूल्य और वित्तीय बाजार के उतार-चढ़ाव ने संकेत दिया है कि अमेरिका और चीन के बीच संभावित टैरिफ वार से बाजार में डर का माहौल है। एसएंडपी 500 में 1.8 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। वहीं डाउ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज 340 अंकों की गिरावट से शुरू होकर 810 अंकों की बढ़त तक पहुंचा और फिर 619 अंकों या 1.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी पर बंद हुआ।

वहीं नैस्डैक कंपोजिट में 2.1 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। व्यवसायों को दिए जाने वाले मॉर्गेज और अन्य कर्जों की दरें बढ़ सकती



कुल मिलाकर शुक्रवार को एसएंडपी 500, 95.31 अंक बढ़कर 5,363.36 पर पहुंच गया। डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 619.05 चढ़कर 40,212.71 पर पहुंच गया, और नैस्डैक कंपोजिट 337.14 चढ़कर 16,724.46 पर पहुंच गया। माना जा रहा है कि शेयरों में उछाल की वजह अमेरिकी बॉन्ड बाजार से थोड़ा दबाव कम होना है। 10 साल के ट्रेजरी पर प्रतिफल सुबह 4.58 प्रतिशत से ऊपर चला गया, जो एक सप्ताह पहले 4.01 प्रतिशत था। हालांकि दोपहर तक यह 4.48 प्रतिशत पर वापस आ गया। इस तरह के उछाल से अमेरिका में घरों और हैं। इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी होगी।

बाजार के विशेषज्ञ आशंका जता रहे हैं कि अमेरिका और चीन के बीच जारी टैरिफ वार के चलते अमेरिका के बाहर के निवेशक अपने यूएस बॉन्ड बेच सकते हैं। हेज फंड और अन्य नुकसान को कवर करने के लिए वे ऐसा कर सकते हैं। इससे दुनिया के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले बाजार अमेरिकी बाजार की प्रतिष्ठा पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। शुक्रवार को यूरो से लेकर जापानी येन और कनाडाई डॉलर के मुकबाले यूएस डॉलर की कीमतें गिर गईं।

# भूमि और रियलमी ने टेक-संचालित शिक्षा और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों द्वारा 80,000 से अधिक युवाओं को सशक्त बनाया

**नई दिल्ली।** रियलमी और भूमि ने शैक्षिक और सामुदायिक विकास के कार्यक्रमों का संचालन करने के लिए साझेदारी की है। जहाँ भूमि भारत के अग्रणी नॉन-प्रॉफिट संगठनों में से एक है, जो युवाओं के सशक्तीकरण और सामाजिक परिवर्तन लाने पर केंद्रित है, वहीं रियलमी भारतीय युवाओं का सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड है। यह ब्रांड भारत के युवाओं की नब्ज को समझता है। रियलमी ने हमेशा इनोवेशन और सामाजिक परिवर्तन का नेतृत्व किया है। इस गठबंधन द्वारा रियलमी का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना, और उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए सही कौशल एवं संसाधनों के साथ अवसर भी प्रदान करना है। इस पहल द्वारा भूमि को विशाल जनसमुदाय तक पहुँचने और उन्हें एक सफल भविष्य निर्माण के लिए आवश्यक टूल्स प्रदान करने में मदद मिलेगी।

इस साझेदारी द्वारा भूमि का उद्देश्य भूमि फैलोशिप, सोशल एंड इमोशनल लर्निंग (एसईएल) प्रोग्राम, स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, इग्नाईट शेल्टर्स और भूमि क्लब्स को मजबूत बनाना है। ये प्रोग्राम शिक्षा, नेतृत्व और नागरिक संलग्नता बढ़ाने पर केंद्रित हैं, तथा वंचित युवाओं का समग्र विकास सुनिश्चित करते हैं। युवाओं को सही टूल्स, संसाधन और ज्ञान प्रदान करके रियलमी एक उज्जवल और समावेशी भविष्य निर्माण की ओर काम कर रहा है।

भूमि स्कॉलरशिप एक दो-वर्षीय अद्वितीय, पेड प्रोग्राम है, जो युवाओं को कम आय वाले समुदायों में शैक्षिक असमानता को दूर करने में समर्थ बनाता है। फैलो संसाधनों से वंचित सरकारी स्कूलों में काम करते हैं, बुनियादी कौशल सिखाते हैं, टीचर्स को सहयोग देते हैं, अभिभावकों से बात करते हैं, और स्कूल में समग्र परिवर्तन लेकर आते



हैं। भारत के सबसे बड़े युवा कार्यकर्ता संगठन, भूमि द्वारा डिज़ाईन की गई फैलोशिप भविष्य के नेतृत्वकर्ता तैयार करती है, जो शिक्षा में व्यवस्थित सुधार लाने की तत्परता के साथ काम करते हैं। इस प्रोग्राम द्वारा साल 2020 से 21 फैलो की मदद से 5352 विद्यार्थियों को लाभ पहुँचाया जा चुका है। इस प्रोग्राम में वर्तमान में 75 फैलो हैं, जो 13017 से अधिक विद्यार्थियों के जीवन में परिवर्तन ला रहे हैं। यह प्रोग्राम ऐसे पूर्व छात्रों का निर्माण कर रहा है, जो शिक्षा क्षेत्र में परिवर्तन ला रहे हैं। गहन प्रशिक्षण, मेंटरशिप, और सामुदायिक संलग्नता द्वारा भूमि फैलोशिप न केवल स्कूलों में परिवर्तन ला रही है, बल्कि शैक्षिक नेतृत्वकर्ताओं की अगली पीढ़ी का निर्माण भी कर रही है।

सोशल एंड इमोशनल लर्निंग प्रोग्राम (एसईएल) विद्यार्थियों में भावनात्मक इंटैलिजेंस एवं इच्छाशक्ति का विकास करता है। यह उन्हें जीवन के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करता है। स्कूल्स ऑफ एक्सिलेंस का उद्देश्य इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार लाकर, टीचर्स को प्रशिक्षण देकर और टीचिंग की इनोवेटिव विधियाँ पेश करके अध्ययन के वातावरण में सुधार लेकर आना है। इग्नाईट शेल्टर्स प्रोग्राम द्वारा शेल्टर होम्स के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं मेंटरशिप प्रदान की जाती है, जबकि भूमि क्लब्स स्कूल और कॉलेज के बच्चों में स्वयंसेवा एवं लीडरशिप की भावना का विकास करते हैं।

इस साझेदारी के बारे में वैष्णवी श्रीनिवासन, एग्ज़िक्यूटिव डायरेक्टर, भूमि ने कहा, ''भूमि में हम स्थायी परिवर्तन लाने के लिए शिक्षा की शक्ति में यकीन करते हैं। हम रियलमी के साथ अपने इस मिशन को अगले चरण में ले जा रहे हैं। हम रियलमी के सहयोग से न केवल अपनी पहुँच बढ़ा रहे हैं, बल्कि अपने प्रोग्राम्स में बेजोड़ गति भी लेकर आ रहे हैं। युवा भारत के साथ उनका गहरा जुड़ाव और सामाजिक परिवर्तन की प्रतिबद्धता के कारण यह गठबंधन वास्तव में परिवर्तनकारी है। हम मिलकर देश के बच्चों और युवाओं के लिए सीखने, विकास करने और नेतृत्व करने के अवसरों का निर्माण कर रहे हैं।''

इस सहयोग के बारे में ताओ झांग, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, रियलमी इंडिया ने कहा, ''रियलमी में टेक्नोलॉजी हमारे लिए परिवर्तन का एक शक्तिशाली साधन है। यह न केवल लोगों द्वारा कनेक्ट होने, बल्कि उनके द्वारा विकास करने, सीखने और आगे बढ़ने के तरीके में परिवर्तन ला सकती है।

## हम चीन से नहीं चाहते ज्यादा निवेशः पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत में अब तक चीन से ज्यादा निवेश नहीं आया है और सरकार चीन से कोई बड़ा निवेश लाने के पक्ष में नहीं है। उन्होंने बताया कि भारत का उद्देश्य विकसित देशों के साथ अपने व्यापार को जोड़ना है, जो निष्पक्ष व्यापार और समान अवसरों में विश्वास रखते हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत में अब तक चीन से ज्यादा निवेश नहीं आया है और सरकार भी चीन से कोई बड़ा निवेश लाने के पक्ष लाने के पक्ष नहीं है। उन्होंने कहा, हमारी कोशिश है कि भारत की अर्थव्यवस्था को उन विकसित देशों से जोड़ा जाए, जो निष्पक्ष व्यापार में भरोसा रखते हैं और जहां हमें व्यापार और निवेश का बराबरी का मौका मिले। कार्नेगी इंडिया वर्ल्ड टेक्नोलॉजी समिट को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा, हर चीज आपसी भरोसे, पारस्पिक लाभ और बराबरी के आधार पर होगी।गोयल ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए टैरिफ से वैश्विक व्यापार व्यवस्था में आए बदलावों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, उन्हें इसमें कोई बड़ी परेशान नहीं दिखती, बल्क यह बदलाव दुनिया के लिए फायदेमंद है।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, भारत अपने हितों की रक्षा करेगा। हमारे लिए सबसे पहले भारत है। जो भी हमारे हित में होगा, हम अपनी नीतियों को उसी अनुसार बदलेंगे। इस समय चीन से भारत में शायद ही कोई प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आ रहा है। पिछले 25 वर्षों में भी यही स्थिति रही है। जब चीन के लिए रास्ते खुले थे, तब भी भारत में ज्यादा निवेश नहीं आया। फिलहाल हम चीन से कोई बड़ा निवेश प्रोत्साहित भी नहीं कर रहे। यही हमारी वर्तमान नीति है। उन्होंने कहा, हमारी कोशिश है कि हम अपनी अर्थव्यवस्था को विकसित देशों के साथ जोड़ें, जो निष्पक्ष व्यापार में विश्वास रखते हैं, ईमानदार व्यापारिक तरीकों को मानते हैं और जहां हमें व्यापार और निवेश करने के लिए समान अवसर मिलते हैं।

# सम्राट अशोक के पद चिन्हों पर चल रहे पीएम मोदी: केशव प्रसाद मौर्य

## सम्राट अशोक महान की जयंती पर कुशीनगर में पहुंचे थे डिप्टी सीएम मौर्य

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** सूबे के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जिस तरह से प्रियदर्शी सम्राट अशोक ने बुद्धम शरणम् गच्छामि के बाद अपने साम्राज्य की सीमा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे ठीक वैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सीमा सुरक्षा के लिए काम किया है। उन्होने सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव फर्जी पीडीए की बात करते है उनके पीडीए का मतलब है परिवार डेवलपमेंट एजेंसी। सपा सरकार से परिवार और गुण्डा माफियाओं को छोड़ किसी का उत्थान नही हुआ।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को कुशीनगर में थे। वह पडरौना नगर के जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण में राष्ट्रीय कुशवाहा शाक्य सैनी मौर्य महासभा द्वारा सम्राट अशोक के जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सम्राट अशोक की तरह पूरी जिम्मेदारी के साथ ईमानदारी से अपने कर्तव्यों को पूरा कर रहे हैं और लगातार हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रयासरत हैं। सम्राट अशोक की न्याय व्यवस्था को देश के प्रधानमंत्री मोदी साकार करते हुए दुनिया को शांति का संदेश भी दे रहे है। संयुक्त राष्ट्र के मंच से प्रधानमंत्री ने कहा है कि हमने दुनिया को युद्ध नहीं, बुद्ध दिया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में महान अशोक के सुशासन का अनुसरण करने वाला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रुप में देश को मिला है। उन्होने वर्ष 2014 से अब तक तीसरी बार प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी के कार्यो का बखान करते हुए तमाम योजनाओं व उपलब्धियों को गिनाया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज से भेदभाव को खत्म करने के लिए सम्राट अशोक के पद चिन्हों पर चलते हुए आगे बढ रहे है, वह सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का मंत्र धारण कर हर वर्ग के उत्थान मे जुटे है।

डिप्टी सीएम ने विपक्ष को आड़े हाथो लेते हुए कहा कि जहां सपा, बसपा और कांग्रेस की सरकार होती है वहा बिजली आती नही, और जहां भाजपा की सरकार होती है वहा बिजली जाती नही। मौर्य ने सपा के परिवार डेवलपमेंट एजेंसी वाली पीडीए की धज्जियां उड़ाने का आह्वान करते हुए 2027 में उत्तर प्रदेश मे पुन: भाजपा को भारी बहुमत से सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इससे पहले सांसद, विधायक ने अपने विचार रखे वहीं कार्यक्रम के संयोजक नथुनी कुशवाहा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व ध्वजारोहण के साथ हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन अनूप मिश्रा ने किया। कार्यक्रम से पूर्व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कुशीनगर महापरिनिर्वाण स्थलीय पहुंच भगवान बुद्ध के सामने शीश नवाया और देशवासियों के मंगल कामना किए।



कुशीनगर में स्व बन्नी देवी व उमाशंकर कुशवाहा के मूर्ति का अनावरण करते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

**सपा पर बोले हमला, कहे पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट एजेंसी**

### मूर्ति का किया अनावरण

सम्राट अशोक के कार्यक्रम से पूर्व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पडरौना नगर के भारतीय इंटर कालेज पहुंचे, जहां वह भाजपा नेता व कार्यक्रम के संयोजक नथुनी कुशवाहा के माता-पिता (स्वर्गीय वन्नी देवी व उमाशंकर कुशवाहा) के मूर्ति का अनावरण किया। इस दौरान क्षेत्रीय सांसद विजय दूबे, पडरौना विधायक मनीष जायसवाल, खड्डा विधायक विवेकानंद पाण्डेय, हाटा विधायक मोहन वर्मा, रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड, फाजिलनगर विधायक सुरेन्द्र कुशवाहा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद में जमकर हुई मारपीट 14 हुए चोटहिल एक जिला अस्पताल रेफर

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के कमालपुर आबाडीह गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े जिसमें जमकर चले लाठी डंडे व फावड़े जिसमें 14 लोग गंभीर रूप से हुए घायल जिनका प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज में कराया गया तो वहीं एक व्यक्ति कैलाश पुत्र स्वर्गीय कुंवारे को चिकित्सकों ने गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां पर उपचार चल रहा है। बताते चले कि घटना आज दिन शनिवार की सुबह लगभग 7 बजे की है कोतवाली क्षेत्र के कमालपुर आंबाडीह गांव में पुरानी रंजिश व जमीनी विवाद को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्ष आपस में भिड़े जिसमें देखते ही देखते जमकर चले लाठी डंडे, फावड़ा व कुल्हाड़ियों से हमला कर दिया गया। जिसमें जमकर खूनी खेल खेला गया और दोनों पक्षों से एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से लहूलुहान हो गए घटना पर पहुंची डायल 112 से चोटहिलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया।

# पूर्व विधायक के अंतिम संस्कार में टूटी दलीय सीमाएं

## सोशल मीडिया पर सत्ता दल के नेताओं ने भी जताया दुख

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता, सपा अनुसूचित जनजाति के प्रदेश अध्यक्ष व चार बार विधायक रहे डॉक्टर पूर्णमाशी देहाती के अंतिम संस्कार में शनिवार को दलीय सीमाएं टूटती नजर आ रही थी। अंतिम संस्कार में सत्ता दल के अलावा तमाम राजनैतिक दलों के नेताओं ने शरीक हुआ था इनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किए।

बता दें कि सपा के अनुसूचित जनजाति के प्रदेश अध्यक्ष और कुशीनगर में विधान सभा नौरंगिया और रामकोला सीट से विधायक रहे पूर्णमासी देहाती का निधन शुक्रवार को लखनऊ स्थित अपोलो हॉस्पिटल में 78 वर्ष के अवस्था में हो गया। इनके निधन पर अखिलेश यादव समेत पूरे समाजवादी पार्टी में शोक की लहर दौड़ गई। इनके निधन की सूचना मिलते ही सोशल मीडिया पर सत्ता दल के विधायकों व अन्य पार्टी के पदाधिकारियों ने दुख जताया। शनिवार को पैतृक गांव नौरंगिया में समर्थक व स्व. देहाती को चाहने वालों की भींड इकठ्ठा हो गई। इनका अंतिम संस्कार पनियहवा घाट पर हुआ। सपा के पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह, खड्डा विधायक विवेकानंद पांडे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश राणा ने कंधा दिया। अंतिम संस्कार में सपा जिलाध्यक्ष राम अवध यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष इलियास अंसारी, रणविजय सिंह, पूर्व सांसद बालेश्वर यादव, पूर्व जिला पंचायत मेहदी हसन, अकमल हुसैन, राकेश उर्फ भोला यादव, वरुण शर्मा, कमलेश प्रजापति, परवेज आलम, बृजेश यादव, सहित सैकड़ों लोगों ने अंतिम संस्कार में शामिल हुआ।



अंतिम संस्कार में कंधा देते

# अयोध्या दर्शन को जा रहे श्रद्धालुओं की कार पेड़ से टकराई, एक की मौत, पांच घायल

अवधनामा संवाददाता

**तरयासुजान, कुशीनगर।** बहादुरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के सलेमगढ़ फोरलेन पर स्थित पैट्रोल पंप के निकट भीषण कार दुर्घटना तब हुई जब चालक को नींद की झपकी आई और अचानक लग्जरी कार पटरी से निचे जाकर पेड़ से टकरा गई। कार में सवार छः लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिसमें दो की स्थिति नाजुक बनी हुई थी।

सभी घायलों को ईलाज के लिए सीएचसी तमकुहीराज भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने एक व्यक्ति को मृत घोषित करते हुए अन्य सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।सभी घायल बिहार के सिवान से अयोध्या धाम रामलाल से दर्शन करने जा रहे थे। शनिवार को बिहार के सिवान जिले के गांव विजय हाता निवासी पंकज कुमार आर्टिका कार से अयोध्या धाम राम लला का दर्शन करने सपरिवार जा रहे थे कि जैसे ही यूपी सीमा पारकर हाईवे सलेमगढ़ पैट्रोल पंप के पास पहुंचे थे कि चालक को झपकी आ गई और गाड़ी सड़क की पटरी से निचे जाकर नीम के पेड़ से टकरा गई। रफ्तार इतनी तेज थी भीषण दुर्घटना में नीम का पेड़ टूटकर अलग हो गया, सभी सवार गाड़ी में फंस गए। चालक मौके से भाग निकला। आसपास के ग्रामीणों ने दरवाजा खोलकर सभी छह लोगों को बाहर निकाला। जिसमें दूधनाथ कुशवाहा (70) वर्ष व उनकी पत्नी फूलपति देवी (69) वर्ष अचेत हो गई थी। जबकि संतोष (38) वर्ष व मृत्युंजय (32) विक्की (14) पुत्र दिलीप व रविन्द्र (42) पुत्र रामजीत गम्भीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे बहादुरपुर चौकी प्रभारी अनुराग शर्मा व 112 डायल पुलिस ने सभी को एनएचआई एंबुलेंस से ईलाज के लिए सीएचसी तमकुहीराज भेजवाया जहां चिकित्सकों ने दूधनाथ को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य पांचों घायलों का प्राथमिक उपचार कर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। पुलिस इस घटना की जानकारी संबंधितों को दिया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गई।



**बिहार से अयोध्या रामलला का दर्शन करने जा रहे थे पूरा परिवार**

## आर डी माडल एकेडमी में वार्षिकोत्सव की धूम

**भटनी।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आर डी मॉडल अकैडमी छपरा नोनापार में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलित किया गया ।मां सरस्वती की आराधना के साथ हीबच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रद्युम्न कुमार तिवारी विधि विशेषज्ञ ने छात्रों को उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए बधाई दिया और उन्हें इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया ।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष एवं प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय बेहरा डाबर स्वतंत्र तिवारी ने कहा कि शिक्षा से व्यक्ति का संपूर्ण विकास होता है संस्कृति कार्यक्रमों से बच्चों में झिझक और संकोच समाप्त होता है तथा सामाजिक विकास के साथ-साथ उनकी नेतृत्व क्षमता बढ़ती है। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर रविंद्र नाथ तिवारी ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को लेकर युवा भाजपाइयों ने गांवों में दौड़ लगाई

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** केन्द्र की मोदी और उत्तर प्रदेश सरकार की योगी सरकार की नीतियों उपलब्धियों और विकास योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने गांव चलो अभियान शुरू किया है।

भाजयुमो के नेतृत्व में शुक्रवार को अभियान के अन्तर्गत युवा कार्यकर्ताओं ने चौपाल लगाई और लोगों को पत्रक वितरित किए। भारतीय जनता युवा मोर्चा के ज़िलाध्यक्ष विषुव मिश्र के नेतृत्व में भाजपा संगठन निर्देशानुसार गाँव चलो अभियान ये अंतर्गत जनपद के ग्राम सभाओं में पद यात्रा के माध्यम जन जन एवं घर घर उपस्थित सुनिश्चित कर भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदान की जा रही सर्वस्पर्शी एवं समावेशी जन कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा परिचर्चा कर लाभार्थियों से सुखद संवाद किया। प्रदेश एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित होने के विभिन्न अवसरों को रेखांकित किया गया, अभियान के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड योजना के माध्यम लाभान्वित जनों से श्री मिश्र जी ने वार्ता की, ग्राम सभा के निवासी श्री राम जी से आयुष्मान कार्ड से आँख का सफल शल्य उपचार की बात कही वहीं विमला देवी ने इसी योजना से जुड़कर कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण कर स्वस्थ जीवन यापन करते भाजपा सरकार का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर शुभम मणि मिश्र, प्रियम त्रिपाठी, सिद्धार्थ लोधी, लवकेश तिवारी शरद शंकर मिश्र देवप्रकाश पांडेय, रत्नेश पांडेय आदि मौजूद रहे।



## क्षेत्र के भटसरा गांव में एसडीएम सचिन यादव द्वारा कराई गई क्राप कटिंग

**महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** शासन के निर्देश व जिलाधिकारी के आदेश पर उप जिलाधिकारी सचिन यादव ने क्षेत्र के भटसरा गांव के उन्नतशील किसान के गेहूं के खेतों में जाकर क्रॉप कटिंग करवाई तथा गेहूं की गुणवत्ता परखी। बताते चले की गेहूं के फसल की क्रॉप कटिंग विकासखंड महराजगंज के ग्राम सभा भटसरा के उन्नतशील किसान अनिल कुमार पुत्र शिवकुमार , पवन कुमार पुत्र सुखदीन के खेत में उपजिलाधिकारी सचिन यादव व राजस्व विभाग की टीम ने खेत में जाकर गेहूं की गुणवत्ता को जांचने एवं परखने हेतु एवं पैदावार जानने हेतु क्रॉप कटिंग के कार्य का निरीक्षण किया तथा 10 गुणा 10 त्रिकोण मीटर के क्षेत्र की फसल को निकलवा कर उसके अनाज को क्रॉप कटिंग के अनुसार माप कराई गई। जिसमें अनिल कुमार पुत्र शिवकुमार की गाटा संख्या 163 में 11.680 किलोग्राम तो वहीं पवन कुमार पुत्र सुखदीन के गाटा संख्या 464 में 19.00 किलोग्राम गेहूं निकला तो वहीं उप जिलाधिकारी सचिन यादव ने कहा कि विभिन्न फसलों में क्रॉप कटिंग का प्रयोग राजस्व विभाग और कृषि सांख्यिकी विभाग की ओर से संयुक्त रूप से किया जाता है। इससे प्राप्त उत्पादन के आंकड़ों का प्रयोग उत्पादन का अनुमान लगाने उत्पादकता की गणना करने एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा दावों का भुगतान भी होता है। तथा पैदावार का अनुमान लगाने उत्पादकता की गणना करने एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा दावों का भुगतान के लिए भी होता है। इस मौके पर लेखपाल राजेश कुशवाहा सहित राजस्व कर्मी एवं गांव वासी मौजूद रहे।



## चैत्र पूर्णिमा पर हनुमान जयंती के पर्व पर जनपद के हनुमान मंदिरों में भक्तों की उमड़ी भारी भीड़



**महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** वहीं गंगा घाटों पर स्नानार्थियों ने भी इस पावन अवसर पर गंगा स्नान का सौभाग्य प्राप्त किया। क्षेत्र के बावन बुजुर्ग बल्ला के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पंकज गुप्ता व कमेटी के सदस्य आशीष मिश्रा, शुभम श्रीवास्तव, शिवम वर्मा, अखिलेश मौर्या, छोटेलाल मिश्रा, सत्यम वर्मा, रिंकू सिंह, विकास दीक्षित उर्फ मिथुन,सचिन विश्वकर्मा, दिवाकर मौर्य, अनुभव अवस्थी। राणा बेनी माधव मंदिर बावन बुजुर्ग बल्ला में हनुमान जी का अभिषेक किया गया। सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ यहां पर दर्शन के लिए उमड़ी थी। मंदिर के पुजारी के द्वारा पूरी श्रद्धा भाव से सुंदरकांड का पाठ एवं पूजा अर्चना व आरती की गई और भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

### अभिमन्यु जायसवाल नहीं लौटा घर

**सलेमपुर।** सलेमपुर के पूर्व मण्डल अध्यक्ष कन्हैया लाल जायसवाल का पुत्र अभिमन्यु जायसवाल दिनांक 8 अप्रैल को घर से लाइब्रेरी के लिए निकला लेकिन चार दिन बाद घर नहीं लौटा है। किसी अनहोनी को लेकर परिवारजन काफी परेशान है। घटना की जानकारी पुलिस को होते ही पुलिस छात्र की तलाश करने में जुट गई है। कोतवाली थाना क्षेत्र के सलेमपुर कस्बा गांव निवासी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कहैया लाल जायसवाल का पुत्र अभिमन्यु जायसवाल 8 अप्रैल को नवलपुर चौराहे पर स्थित एक लाइब्रेरी में पढने के लिए घर से गया।

## पीएसपी ने जागरूकता में बीमारिया के प्रति किया जागरूक



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** इंग्लिश मीडियम प्रथमिक विद्यालय बंजरिया में आयोजित टीकाकरण सत्र के दौरान रोगी हितकारी मंच (पेसेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म) पीएसपी के सदस्यों व बच्चों ने शनिवार को संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान के तहत जागरूकता बैठक व रैली निकाली। इस रैली में अधिकतर गलियों में विशेष सफाई कराने, नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव कराने और कूलरों के पानी को बदलने पर जोर दिया गया। रैली में बच्चों ने ÷कचरा कचरेदानी में, सोए मच्छरदानी में, बंजरिया ने ठाना है संचारी रोग भगाना है, जल जमाव होगा जहां, मच्छर पैदा होंगे वहां के नारे भी लगाए। पीएसपी सदस्य सीएचओ अजय शर्मा ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि अभियान में संचारी रोग से बचाव के लिए साफ सफाई से रहना ,शुद्ध खानपान का होना, गांव के लोग अपने आसपास सफाई रखें तो कई तरह की बीमारियां दूर हो जाती है। उन्होंने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत बुखार, खांसी, फाइलेरिया, मलेरिया, चिकनगुनिया, कालाजार, डेंगू से बचाव के लिए लोगों को जागरूक होना जरूरी है। पीएसपी सदस्य एएनएम सत्या देवी ने कहा कि जागरूकता ही बचाव है। गर्मी के मौसम में विभिन्न प्रकार के कीड़े, मकोड़े और मच्छर घर मे घुसने लगते हैं। इनसे बचाव के लिए दरवाजों एवं खिड़कियों में जाली लगवाएं,मच्छरदानी का उपयोग अवश्य करें। शुद्ध साफ पानी पीना चाहिए।


## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार पुलिस टीम ने शनिवार को सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त सूचना के मुताबिक सोशल मीडिया पर व्यक्तियों, महिलाओं इत्यादि के प्रति अपशब्द का प्रयोग करते हुए कमेंट करने व अश्लीलता फैलाने वाले आरोपी शैलेन्द्र प्रताप उर्फ हिमालय एडवोकेट निवासी चिलुआ थाना अहिरौली के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अहिरौली बाजार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उल्लेखनीय है कि आरोपी शैलेन्द्र प्रताप उर्फ हिमालय एडवोकेट का एक विस्तृत आपराधिक इतिहास है। इसके विरुद्ध थाना अहिरौली बाजार व थाना कोतवाली हाटा पर पूर्व में भी कुल 12 अभियोग पंजीकृत है एवं गुण्डा अधिनियम में भी कार्यवाही की गई है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे कांस्टेबल धर्मेन्द्र विजय कुमार चालक हेड कांस्टेबल दिनेश चन्द्र यादव शामिल रहे।



## दुनिया में नहीं रहे लोक कलाकार सन्तलाल, खरगापुर शोक में डूबा





**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबा साहब डॉ अम्बेडकर और बौद्ध धम्म की शिक्षाओं के प्रचार प्रसार को जीवन भर समर्पित रहे समाज कर्मी सन्त लाल -75 का शुक्रवार की शाम निधन हो गया। लम्बे समय से ब्रेन स्ट्रोक से पीड़ित सन्त लाल की जयंती के अवसर पर अंतिम संस्कार एक अजब संयोग रहा। शनिवार को खरगापुर में शोक सभा और अन्त्येष्टि में सैकड़ों लोग शामिल हुए। सन्त लाल अपनी नौजवानी में लम्बे समय तक संगीत की दुनिया में लोकप्रिय रहे और गुप्ता संगीत कम्पनी टीकरमाफी में नौटंकी में नायक का पात्र निभाया। उनके साथ भगत -घोरहा खलनायक की भूमिका में रहते थे। कुछ वर्षों तक इन्होंने अमृतसर में रहकर रोजी रोटी कमाई। स्वास्थ्य खराब होने पर घर आ गए और यहां अपने पुत्र निहाल चंद के साथ बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की शिक्षाओं के प्रचार प्रसार का काम किया।सन्तलाल जी का जन्म 12अप्रैल 1950को अमृत सर में हुआ। इनके पिता पंजाब पुलिस में थे।1968में इन्होंने इंटर मीडिएट की शिक्षा हासिल की। नटखट प्रवृत्ति के युवा सन्तलाल को उनके पिता अमृत सर से गांव लेकर चले आए,तब से ये खरगापुर में रहने लगे। लगभग दस साल तक संगीत और नौटंकी की दुनिया में काम करने के बाद इन्होंने पूरा समय घर पर देना शुरू किया।

# ऑपरेशन कब्जामुक्ति के तहत डीएम पहुंची रुद्रपुर के ग्राम बारडीहा

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** ऑपरेशन कब्जामुक्ति के तहत जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल आज रुद्रपुर तहसील की ग्राम पंचायत बारडीहा पहुंचीं, जहाँ उनकी पहल पर ग्रामीणों ने अपना अतिक्रमण हटाया व मार्ग के लिए स्वेच्छा से अपनी भूमि भी दान की, जिससे एक दर्जन से अधिक परिवारों को पहली बार मार्ग मिला और 40 साल पुराने विवाद का समाधान हुआ। जिलाधिकारी ने इसमें सहयोग करने वाले समस्त ग्रामीणों को सम्मानित किया। ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों ने अद्भुत मिसाल पेश की। व्यक्तिगत हित के ऊपर सामूहिक हित को वरीयता दी है। इस कार्यवाही से गांव के लोगों के लिए सामूहिक उपयोग का मार्ग प्राप्त हुआ है।

इस अवसर पर डीएम ने कहा कि ऑपरेशन कब्जामुक्ति अभियान को जन सहभागिता के माध्यम से बड़ी सफलता मिली है। अब तक जिले के 501 ग्रामों में 885 से अधिक गाटों को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। सलेमपुर तहसील में 138 ग्रामों के 180 गाटे, रुद्रपुर तहसील में 111 ग्रामों के 174 गाटे, देवरिया सदर तहसील में 93 ग्रामों के 201 गाटे, बरहज तहसील में 82 ग्रामों के 190 गाटे तथा भाटपाररानी तहसील में 77 ग्रामों के 140 गाटे कब्जा मुक्त कराए जा चुके हैं। समूचा अभियान पूर्णतया शांतिपूर्ण रहा और लोगों का अपार समर्थन मिला।

कहीं भी बल प्रयोग की स्थिति नहीं आई और लोगों ने स्वप्रेरणा से अपने कब्जे हटाए अभियान के तहत कई ऐसे मार्गों से अवैध अतिक्रमण को हटाया गया जो लोगों के स्मृति से ही लुप्त हो चुके थे। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने ग्राम प्रधानों, जनपदवासियों व राजस्व कर्मियों को बधाई दी। इस अवसर पर एसडीएम रुद्रपुर हरिशंकर लाल, तहसीलदार चंद्रशेखर सहित विभिन्न अधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



### ऑपरेशन कब्जा मुक्ति से सुलझे वर्षों पुराने मामले, हजारों लोगों को मिले आवागमन के नए मार्ग

ऑपरेशन कब्जामुक्ति अभियान न केवल भूमि को कब्जामुक्त करने में सफल रहा, बल्कि जनता के सहयोग से वर्षों पुराने विवादों और अव्यवस्थाओं को भी समाप्त कर ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। तहसील भाटपाररानी के राजस्व ग्राम रघुनाथपुर में स्थित चकमार्ग संख्या 184 से अतिक्रमण हटाया गया। इस कार्रवाई से ग्राम कोढिलवा, धरहनिया, रुस्तम बहियारी एवं सुकवा की लगभग 10,000 की आबादी को सलेमपुरङ्कमैरवा मुख्य मार्ग से जोड़ने का मार्ग सुलभ हो गया। साथ ही, स्थानीय लोगों के लिए सोहगरा धाम की दूरी भी कम हो गई, जिसका लाभ हजारों श्रद्धालुओं को मिलेगा। सलेमपुर तहसील के राजस्व ग्राम पुरैना में चकमार्ग गाटा संख्या 240 पर लगभग 70 वर्षों से चले आ रहे अवैध कब्जे को जनसहयोग से हटाया गया। यह मार्ग पुरैना, जमुआ, जमई और पातालपुर कोल्हुआ गांवों को सीधे देवरिया सलेमपुर बाईपास से जोड़ेगा। ग्राम खरदहा घनश्याम के गाटा संख्या 127 पर चकबंदी से पूर्व का अवैध कब्जा भी हटाया गया। इससे क्षेत्र के पांच गांवों की लगभग 7,000 की आबादी को मुख्य मार्ग से जोड़ने की सुविधा प्राप्त हुई। वहीं, पिंडी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को जोड़ने वाले चकमार्ग से भी कब्जा हटाया गया।

## आम जन की सेवा को समर्पित है डबल इंजन की सरकार : मयंकेश्वर



**गौरीगंज/ अमेठी अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र सरकार के 11 वर्ष व प्रदेश सरकार के 8 वर्ष की गौरवशाली उपलब्धियां को लेकर चलाए जा रहे गांव चलो वार्ड चलो अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह तिलोई विधानसभा के राजा फतेहपुर मण्डल में बूथ संख्या 39 आजादपुर में बूथ समिति की बैठक कार्यकर्ताओं को सम्मानित एवं लाभार्थी से संपर्क किया। साथ में ब्लॉक प्रमुख अंकित पासी पूर्व जिला महामंत्री धर्मेश मिश्रा पूर्व ब्लाक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह जिला पंचायत सदस्य कौशलेंद्र सिंह बंटी सहित सभी बूथ समिति के सदस्य एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे। बूथ समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार जनता की सेवाओं के लिए समर्पित है एवं केंद्र के 11 वर्ष प्रदेश सरकार के 8 वर्ष में जनता जनार्दन के खुशहाली के सभी कार्य किए गए। भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने इसी क्रम में मुसाफिरखाना मंडल के बूथ नंबर 53 कृपया गांव में लाभार्थी संपर्क सम्मानित एवं शोभायात्रा व बूथ समिति की बैठक किया। उसे समिति की बैठक के दौरान अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के कार्यों से आज जनता जनार्दन में उत्साह का माहौल है और इन्हीं सब उपलब्धियां को लेकर कार्यकर्ता जनता जनार्दन के बीच में जा रहे हैं और उपलब्धियां को गिना रहे हैं लाभार्थियों का सम्मान भी कर रहे हैं। संपर्क एवं शोभायात्रा के दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा मंडल अध्यक्ष रामगोपाल कौशल पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला स्वच्छता समिति की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वच्छता समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने स्वच्छ भारत मिशन योजना (ग्रामीण) योजनान्तर्गत ग्राम पंचायतों में कराये गये कार्यों की जांच की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2024-25 में निर्गत की गई धनराशि के सापेक्ष कराये गये कार्यों की जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं तकनीकी अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से किये गये भौतिक सत्यापन के दौरान अपव्यय की गयी धनराशि के लिए ग्राम पंचायत सचिवों व अन्य सम्बन्धित की जिम्मेदारी तय करते हुए सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही के साथ-साथ धनराशि की वसूली के लिए भी कार्रवाई की जाय। डीएम मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र को निर्देश दिया कि योजनान्तर्गत कार्यों में रूचि न लेने वाले सहायक विकास अधिकारी (पं.) को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि पूर्व वित्तीय वर्षों में विभिन्न योजना अन्तर्गत जो धनराशि निर्गत की गयी है उसके अनुरूप शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करा लिये जायें। डीएम ने निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवशेष कार्ययोजना के अनुमोदन से पूर्व जिला पंचायत राज अधिकारी व सम्बन्धित सहायक विकास अधिकारी इस आशय का संयुक्त रूप से प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें कि जो कार्य कराये जाने हैं पूर्व में किसी योजना से नहीं कराये गये है तथा प्रस्तावित कार्यों को शासनादेशानुसार सभी मानकों को ध्यान में रखते हुए कराये जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी बृजेश कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, डीएएसटीओ अर्चना सिंह, समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी व सहायक विकास अधिकारी (पं.) मौजूद रहे।

# रामदूत श्री हनुमान जी मन्दिर का रजत जयंती समारोह धूमधाम से हुआ संपन्न

■ पूजा ग्लास ने संत सेवा एवं भव्य भण्डारे का किया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** राजा का ताल आगरा रोड स्थित पूजा ग्लास वर्क्स प्राईवेट लिमिटेड में रामदूत श्री हनुमान जी मन्दिर की 25वीं जयंती धूमधाम के साथ मनायी गयी। प्रातः से ही श्री गणेश पूजन अखण्ड रामायण पाठ प्रारम्भ हो गया तथा श्री रूदअभिषेक, हनुमत पंचामृताभिषेक एवं हवन पूर्णाहुति का आयोजन हुआ। भक्तगण भजनों में झूमते दिखायी दिए। श्री हनुमान जी मन्दिर में पण्डित श्याम सुन्दर आचार्यत्व अनिल कुमार भारद्वाज आचार्य गिरधारी चतुर्वेदी, कन्हैया कृष्ण शास्त्री, सुनील भारद्वाज, केशव भारद्वाज शास्त्री द्वारा मन्दिर में विराजमान श्री रामदूत हनुमान की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गयी। तत्पश्चात पूजा ग्लास प्रांगण में ही भव्य भण्डारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें बाबा के भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। उक्त समारोह में जनपद के बड़े अधिकारियों से लेकर फैक्ट्री आदि के कर्मचारी भी सम्मिलित हुए। आपको बता दें कि पूजा ग्लास स्थित रामदूत श्री हनुमान जी मन्दिर के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में खास बात यह देखने को मिली सम्मिलित हुए सभी भक्तजनों को पूजा ग्रुप ऑफ ग्लास इण्डस्ट्रीज की ओर से बूंदी के प्रसाद के साथ-साथ श्रीमद् भागवत गीता जी तथा अदभुत दिखायी पड़ने वाला हनुमान जी का गदा भी भेंट किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से देवीचरण अग्रवाल, उमाशंकर अग्रवाल, संतोष कुमार अग्रवाल, हेमन्त अग्रवाल उर्फबल्लू, आशीष अग्रवाल पुत्र देवीचरण अग्रवाल, संजय, पारूल, प्रदीप, अवनि, नितिन, सचिन, प्रतोष, कृष्णा, कृशव, युग, ईवयान अग्रवाल तथा सैंकड़ों की संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

# हत्या में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस टीम ने बबलू की हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए हत्या करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में वाँछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपद में चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा हत्या घटित करने वाले मु0अ0सं0 157/2025 धारा 103 (1) बीएनएस थाना उत्तर में बबलू उर्फ बल्लू पुत्र झम्मन निवासी कोटला रोड़ चौकी के पीछे मौहल्ला दखल थाना फिरोजाबाद की हत्या में वांछित अभियुक्त के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा हत्या करने वाले अभियुक्त संजय उर्फ संजू उर्फ नसीरा पुत्र बलवीर निवासी संतोष नगर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद को बम्बा चौराहा ठेके के पास से सुबह समय 10.15 बजे गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के आधार पर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पाण्डेय, अपराध निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह सोंलकी, उ0नि0 सुनील कुमार चौकी प्रभारी ककरऊ कोठी, उ0नि0 विधान चन्द्र चौकी प्रभारी विभव नगर, उ0नि0 रितिक शर्मा, है0का0 200 अशोक कुमार, का0 171 अजीत कुमार सोंलकी थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड एवं भंडारे का आयोजन



**टूंडला।** हनुमान जन्मोत्सव को लेकर नगर एवं देहात क्षेत्रों में जगह-जगह सुंदरकांड एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। शनिवार को नगर एवं देहात क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर आयोजकों ने सुंदरकांड एवं भंडारा करवाया। इस दौरान पूड़ी, सब्जी, कैला, बूंदी के लडडू आदि प्रसाद में वितरण किया। काली मंदिर स्टेशन रोड टूंडला, शिव समाधि मंदिर अनाज की मंडी, यज्ञशाला मंदिर, भारत माता चौक स्थित बड़े हनुमान मंदिर आदि पर सुंदर कांड किया गया। इसमें महिला-पुरूषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं एटा रोड, आगरा रोड, फिरोजाबाद रोड, स्टेशन रोड आदि पर आयोजकों ने भंडारा वितरण किया। इस मौके पर अर्नेश कुमार, राकेश कुमार, बंटी, बबली शाईनी के अलावा लोगों की भीड़ लगी रही।

## सागर आईटीआई में टैबलेट का हुआ वितरण



**टूंडला।** सागर आईटीआई मौहम्मदाबाद आगरा रोड टूंडला पर छात्र-छात्राओ को टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें 51 छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा वितरण किए गये। मुख्यमंत्री योजना के अंतर्गत टैबलेट वितरण कार्यक्रम सागर आईटीआई मौहम्मदाबाद आगरा रोड टूंडला पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद टूंडला के चेयरमैन भंवर सिंह चौधरी ने फीता काटकर किया तथा आईटीआई प्रबंधक एसके सागर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर पालिका चेयरमैन भंवर सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं को लिए सरकार ने निःशुल्क टैबलेट वितरण किए जो रहे है। इससे छात्र-छात्राएं अपनी पढ़ाई कर सकेंगे। और आत्म निर्भर बन सकेंगे। छात्र-छात्राएं टैबलेट का उपयोग करें दुरूपयोग ना करें। इस मौके पर प्रबंधक एसके सागर, सुरेन्द्र सागर, अमित कुमार सिंह, विपिन कुमार आदि के अलावा कालेज स्टॉफ मौजूद रहा।

## अनुमानित रूपये के गबन में वांछित अभियुक्त धरा

**फिरोजाबाद।** थाना जसराना पुलिस टीम ने इंडियन बैक कस्बा जसराना में धोखाधडी कर 1,85,97,900/- (अनुमानित) रूपये से अधिक का गबन करने वाले वाँछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के साथ जसराना पुलिस टीम ने थाना जसराना पर पंजीकृत मु0अ0सं0 0073/2025 धारा 316(5)/318(4)/338/336 (3)/340 (2)/111 बी.एन.एस से सम्बन्धित वाँछित अभियुक्त सुखदेव सिंह पुत्र छोटेलाल बघेल निवासी 25 बालाजीपुरम थाना हाइवे जनपद मथुरा को पटीकरा नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त इंडियन बैक कस्बा जसराना मे धोखाधडी कर 1,85,97,900/- (अनुमानित) रूपये से अधिक का गबन करने वाले बैंक मेनेजर राघेवन्द्र सिंह का साथी है। उपरोक्त अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शामिल रहे प्र0नि0 शेर सिंह, व0उ0नि0 मुनेश कुमार, उ0नि0 परविन्दर सिंह, उ0नि0 मौ0 अकरम, का0 673 सत्यपाल सिंह, का0 401 लक्ष्मण सिंह थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद।

# दो अपराधी पुलिस गिरफ्त में

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा 02 वांछित अभियुक्तगणों को गिरफ्तारी के चलाए जा रहे अभियान के दौरान मौके से गिरफ्तार कर लिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्तगण श्याम पुत्र सुनील कुमार को फाटक वाली गली रामनगर थाना लाईनपार जनपद फिरोजाबाद से व सुशील कुमार पुत्र श्रीभीम सेन को सन्तोष नगर थाना उत्तर से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में सम्मिलित रहे अनुज कुमार, प्रभारी निरीक्षक रसूलपुर, उ0नि0 अजय अवाना, उ0नि0 अमित आनन्द, उ0नि0 प्रशिक्षु आयुष राणा, उ0नि0 प्रशिक्षु श्रीकान्त कटारिया, है0का0 1023 मो0 आफ्ताब, का0 356 अभिषेक उज्जवल, का0 868 योगेन्द्र सिंह, का0 576 पवन कुमार थाना रसूलपुर फिरोजाबाद।

## श्रावस्ती एयरपोर्ट के विस्तारीकरण हेतु 03 ग्रामों की भूमि प्रभावित

**बहराइच।** नगर मजिस्ट्रेट बहराइच शालिनी प्रभाकर द्वारा श्रावस्ती एयरपोर्ट विस्तारीकरण हेतु अधिग्रहीत की जाने वाली भूमि का स्थलीय सत्यापन उपजिलाधिकारी इकौना के साथ किया गया। स्थलीय सत्यापन में क्षेत्रीय लेखपाल, राजस्व कर्मी व भूमि अध्याप्ति के कर्मी उपस्थित रहें। श्रावस्ती एयरपोर्ट के विस्तारीकरण हेतु भूमि अर्जन की अधिसूचना धारा-11 के अन्तर्गत दिनांक 27 फरवरी 2025 को जारी की गयी है, जिसमें ग्राम कटरा की 0.3690 हे. भूमि ग्राम खरगूपुर की 6.1996हे. भूमि व ग्राम विदुहनी की 2.1644 हे. भूमि कुल 8.7330हे. भूमि ली जा रही है।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**विषयः निविदा सूचना संख्या –6–टेण्डर/मु.परि.प्र./नि./वाराणसी दिनाँक 08.04.2025 का पहला शुद्धिपत्र**

दिनांक 10.04.2025 को समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा सूचना संख्या–6–टेण्डर/मु.परि.प्र./नि./वाराणसी दिनाँक 08.04.2025 के संबंध में निम्नलिखित शुद्धि निर्गत की जा रही है–

| विवरण | प्रकाशित | संशोधित |
|---|---|---|
| धरोहर राशि | रु. 94,84,851/– | रु. 94,84,900/– |
| विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 05.06.2025 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे व दिनाँक 22.05.2025 से 05.06.2025 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 11.04.2025 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे व दिनाँक 22.05.2025 से 05.06.2025 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। |

अन्य सभी नियम और शर्तें समान रहेंगी।

**संख्या 6–टेण्डर/मु.परि.प्र./नि./वाराणसी/प्रथम शुद्धिपत्र दिनाँक 10.04.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1092/25

# समाधान दिवस का जायजा लेने थाना बौण्डी पहुंची डीएम व एसपी



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवसों का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह द्वारा थाना बौण्डी का निरीक्षण कर मौजूद फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए गए। मंझारा तौंकली गांव की सालमा द्वारा दबंगों द्वारा भूमि पर कब्ज़ा सम्बन्धी शिकायत के सम्बन्ध में तहसीलदार महसी विकास कुमार ने बताया कि यह प्रकरण थाना बौण्डी, तहसील कैसरगंज से सम्बन्धित है। डीएम के निर्देश दिया कि उक्त प्रकरण को तहसील कैसरगंज के लिए सन्दर्भित किया गया। डीएम ने निर्देश दिया कि भूमि विवाद से सम्बन्धित समस्याओं का राजस्व व पुलिस की टीम सयुक्त रूप से मौके पर जाकर समयबद्धत्ता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करें। बौंडी कस्बा निवासी कौशल गुप्ता ने कस्बे के राजकीय हाईस्कूल के उच्चीकरण की मांग करते हुए कहा कि इससे ग्राम की बालिकाओं को 12वीं की पढ़ाई के लिए दूर-दराज़ नहीं जाना पड़ेगा। डीएम ने कहा कि इस सम्बन्ध में उनके द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। थाना समाधान दिवस में ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय व पशु चिकित्सालय आज भी सचिवालय के भवनों में संचालित हो रहे हैं। डीएम द्वारा जानकारी करने पर तहसीलदार ने बताया कि तहसील द्वारा भूमि प्रस्ताव पूर्व में प्रेषित किया जा चुका है। डीएम व एसपी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी डी.के. श्रीवास्तव व थानाध्यक्ष सूरज कुमार राणा को निर्देश दिया कि समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का तत्परतापूर्वक निस्तारण किया जाय। डीएम ने आईजीआरएस सन्दर्भो का भी समय से निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने थाना समाधान दिवस पंजिका का भी अवलोकन किया तथा थानाध्यक्ष से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

**जिला क्षय रोग अधिकारी सिद्धार्थनगर**

उ0प्र0 राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी लखनऊ द्वारा संविदा पद पर जनपद सिद्धार्थनगर के सामु0स्वा0केन्द्र - खेसरहा में आई0सी0टी0सी0 लैब टैक्नीशियन के 01 पद हेतु इच्छुक अभ्यार्थियों से आवेदन दिनाँक 21/04/2025 तक पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला क्षय रोग अधिकारी, जिला अस्पताल कैम्पस सिद्धार्थनगर निकट मुख्य चिकित्साधिकारी, सिद्धार्थनगर के कार्यालय में आमंत्रित किये जाते हैं। चयनित अभ्यार्थियों के कार्य के आधार पर कार्यविस्तार किया जायेगा। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं अधिक जानकारी सोसाइटी बेवसाइट. www.upsacs.in अथवा www.upsacs.nic.in से प्राप्त कर सकते हैं। उपरोक्त पद के साक्षात्कार जिला क्षयरोग केन्द्र सिद्धार्थनगर में दिनाँक. 24/04/2025 को प्रस्तावित है।

| Job Title | No. of Post. | Fixed Pay (Monthly) | Essential Qualification | Essential Experience | Desirable | Job Responsibility (All SACS, district and facility level staff will work in accordance to the operational and technical guidelines of NACO issued from time to time focussing on but not limited to the following activities) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| LT | 01 | 21000.00 | B.Sc in Medical Laboratory Technology (BMI.T) or BMLS<br><br>Diploma in Medical Laboratory Technology (DMLT) or DMLS with the course duration of at least 2 years<br><br>Recognised by State Government Central Government | (1) Two years of diagnostic laboratory for those with B.Sc/ Diploma in Medical Laboratory Technology (course duration of 2 years)<br><br>(2) One year experience for those working in diagnostic laboratory for candidates having MSc in Medical Laboratory Technology.<br><br>(3) Candidates with experience of working in accredited labs or those labs who have applied for accreditation will be preferred. | MSc in Medical experience of working in Laboratory technology/MMLS | ■ Draw blood for and undertake HIV and Syphilis screening and testing according to standard laboratory procedure and its QC.<br>■ Undertaken Dual HIV Syphilis testing<br>■ Ensure that adequate stock of consumables. rapid HIV diagnostic kits. RPR test kits and Dual HIV/Syphilis RDT are available in the IC TC.<br>■ Keep a record of HIV and syphilis test results as well as a stock record of rapid HIV diagnostic kits. RPR test kits. Dual HIV/Syphilis test kits and consumables<br>■ Ensure the maintenance of all laboratory equipment.<br>■ Scrupulously follow internal and external quality assurance procedures<br>■ Follow universal safety precautions and strictly adhere to hospital waste management guidelines.<br>■ Perform testing in field setting and camp settings.<br>■ Any other activity assigned under the Programme |

नोट- 1. अधिकतम आयु सीमा 62 वर्ष।

**आवेदन पत्र का प्रारूप –**

1. विज्ञापन संख्या :-............................................
2. आवेदित पद :-.............................................
3. आवेदक का नाम :-..........................................
4. पिता/पति का नाम :-..........................................
5. मोबाइल नम्बर :-...........................................
6. ई मेल आईडी :-...........................................
7. स्थायी पता :-...........................................
8. वर्तमान पत्र व्यवहार का पता :-...........................................
9. शैक्षिक योग्यता :- प्रमाण पत्र की छायाप्रतिया (संलग्न करें)...............................
10. अनुभव प्रमाण पत्र :-...........................................

संलग्नक-योग्यता से सम्बंधित TOR/BSD

दिनाँक :-

आवेदक के पठनीय हस्ताक्षर

**जिला क्षय रोग अधिकारी सिद्धार्थनगर**

## जनपद में धारा 163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू

**बहराइच।** वर्तमान समय में राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन्स का अनुपालन कराते हुए भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती, परशुराम जयंती, बुद्ध पूर्णिमा, ईद-उल-अजहा (बकरीद), आदि आगामी त्योहारों/कार्यक्रमों को व राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एन.टी.ए.) द्वारा आयोजित नीट परीक्षा-2025 व अन्य आयोजित परीक्षाओं को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के मद्देनज़र जनपद बहराइच के समस्त सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से अपर जिला मजिस्ट्रेट गौरव रंजन श्रीवास्तव द्वारा भा.ना.सु.संहिता 2023 की धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। अपर जिला मजिस्ट्रेट श्री रंजन द्वारा जारी आदेश के समस्त 28 प्रस्तर 11 अप्रैल 2025 से 07 जून 2025 तक जनपद बहराइच के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी रहेगा।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लोक निर्माण विभाग, बहराइच**

पत्रांक : 1740/8 काम/ई-टेण्डरिंग/बह0श्रा0 वृत्त/2024-25 दिनांकः 05.04.2025

**ई-निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्मा ण विभाग उ0प्र0 में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद/खण्ड/ विधानसभा का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जी.एस.टी. रहित) (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| विधान सभा-बहराइच | | | | | | | |
| 1 | बहराइच/ निर्माण खण्ड-1 | वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद बहराइच में लखनऊ बहराइच मार्ग (एन0एच0-927) से बहराइच- गोण्डा मार्ग (एस0एच0-30) बहराइच बाईपास का निर्माण कार्य। (पांच वर्ष अनुरक्षण सहित) | 7050.00 | 70.50 | 11800 | 15 माह | ए |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट- http://etender.up.nic.in पर दिनांक 15.04.2025 से 06.05.2025 तक दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 06.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 06.05.2025 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 06.05.2025 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्ट ल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

(अमर सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो.नि.वि., बहराइच

UPID-232062 Dated-09-04-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

(योगेन्द्र सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि., बहराइच

# पढ़ौरी गांव में युवक का शव खेतों से बरामद

**हत्या की आशंका, पुलिस जाँच में जुटी**



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** मौदहा क्षेत्र के पड़ोरी गांव में शुक्रवार की शाम एक सनसनीखेज घटना ने ग्रामीणों को स्तब्ध कर दिया। खेतों में गेहूं की फसल कटवाने गए एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। मृतक की पहचान बाबू निषाद (45 वर्ष) के रूप में हुई है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए गाँव की ही एक महिला पर शक जाहिर किया है, जबकि पुलिस ने जाँच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, बाबू निषाद शुक्रवार की शाम अपने खेत में गेहूं की फसल कटवाने की बात कहकर घर से निकले थे। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। शनिवार की दोपहर खेत में गेहूं काटने आए हार्वेस्टर चालक ने खेत में शव पड़ा देखा और तुरंत ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीणों ने शव की शिनाख्त बाबू निषाद के रूप में की और परिजनों को सूचित किया। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

सूचना मिलते ही मौदहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जाँच शुरू की। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मौदहा थाना प्रभारी उमेश सिंह ने बताया, ÷प्रारंभिक जाँच में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का पता चलेगा। परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। अभी तक कोई ठोस सबूत या शिकायत किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं मिली है। जाँच निष्पक्ष तरीके से की जा रही है।÷

परिजनों का कहना है कि बाबू की किसी के साथ कोई पुरानी रंजिश नहीं थी, लेकिन वे गाँव की एक महिला पर हत्या कराने की आशंका जता रहे हैं। हालाँकि, उन्होंने इस संबंध में कोई ठोस जानकारी या सबूत पुलिस को नहीं सौंपा है। ग्रामीणों में भी इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएँ चल रही हैं।

क्षेत्र में इस घटना से तनाव का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द से जल्द मामले की तह तक पहुँचने की माँग की है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जाँच के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# ज्ञानस्थली में गर्मी से निजात के लिए बच्चों ने मनाई पूल पार्टी



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** छात्र जीवन में अनुशासन सफलता, दक्षता और बेहतर समय प्रबंधन को बढ़ावा देता है, जो व्यक्तियों को उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में मार्गदर्शन करता है। शनिवार को कर्वाखेड़ा स्थित ज्ञानस्थली विद्यालय में नन्हें छात्रों ने पूल पार्टी हर्षोल्लास के साथ मनायी। विद्यालय की प्रातःवंदना के बाद विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष(वाइस चेयरमैन)विनीत यादव व विद्यालय के प्रधानाचार्य अंशुल तिवारी तथा विद्यालय प्रबंधन प्रमुख श्रीशिवमंगल ने माँ सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर पुष्पहार किया तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य व निरोगी काया की प्रार्थना की। उपाध्यक्ष विनीत यादव ने विद्यालय प्रांगण में नन्हें-नन्हें बच्चों को गर्मी से निजात दिलाने के लिए पूल पार्टी का आयोजन कराया। जिसमें बच्चों ने पूल में नौका विहार की तथा एक-दूसरे पर पानी उड़ेलते नजर आए। कार्यक्रम को सफल बनाने में किंडरगार्टन प्रमुख मौनी मैम व स्टाफ में भारती मैम, अंशिका मैम, कार्तिकी मैम आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन के मुख्य सदस्य शिवमंगल सर तथा खेल विभाग प्रमुख वासिफ खान सर तथा वित्त विभाग प्रमुख नीरज त्रिपाठी सर, रवि मिश्रा, दिनेश सर व विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।

# एनटीपीसी सिंगरौली में सीआईआई के ऑडिटर्स का दो दिवसीय दौरा

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली में दिनांक 10 एवं 11 अप्रैल 2025 को सीआईआई (कनफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री) के तत्वावधान में दो दिवसीय ईएचएस (एनवायर्नमेंट हेल्थ एंड सेफ़्टी) ऑडिट का आयोजन स्थानीय ट्रेनिंग सेंटर परिसर में किया गया। इस ऑडिट में लीड असेसर नितिन देशपांडे एवं को-असेसर गोपाल कृष्ण नटराजन उपस्थित रहे। ऑडिट के दौरान परियोजना के विभिन्न विभागों में पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा से संबंधित कार्यप्रणालियों का गहन निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात् एनटीपीसी सिंगरौली के नैगम सामाजिक दायित्व के तहत, ऑडिटर्स द्वारा स्थानीय अंबेडकर स्कूल, शक्तिनगर के लगभग 150 छात्र-छात्राओं को स्वच्छता किट एवं धूप से बचाव के लिए छाता वितरित किया गया। यह पहल स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रहा। इसी कड़ी में स्थानीय वनिता समाज में बीते 8 अप्रैल 2025 से चल रहे पाँच दिवसीय साबुन एवं मोमबत्ती निर्माण प्रशिक्षण कार्यशाला में ऑडिटर्स ने अपना दौरा किया, जहां उन्होंने महिलाओं से संवाद कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने और स्वरोजगार को अपनाने के लिए प्रेरित किया। दिनांक 11 अप्रैल 2025 को एनटीपीसी सिंगरौली के प्रशासनिक भवन में एक उच्च स्तरीय समापन बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी विभागों के उच्चाधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में दो दिवसीय ऑडिट के दौरान प्राप्त निरीक्षण बिंदुओं की समीक्षा की गई तथा सुधारात्मक सुझावों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर जोसेफ बास्टियन, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने सीआईआई टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा की, एनटीपीसी सिंगरौली सदैव ईएचएस के मानकों के प्रति प्रतिबद्ध रहा है। यह ऑडिट हमें अपनी कार्यप्रणालियों को और सशक्त बनाने की दिशा में मार्गदर्शन देगा। सीआईआई ऑडिटर्स दौरे का संयोजन सुरक्षा विभाग के एन के देवांगन एवं उनकी टीम द्वारा किया गया।

## महिला ने दर्ज कराया रंगदारी मांगने और परेशान करने का मामला

**सुमेरपुर (हमीरपुर)** कस्बे की एक महिला ने एक युवक के खिलाफ आते-जाते समय पीछा करने,भद्दे कमेंट करने तथा अश्लील बातें करने, पति की हत्या की धमकी देकर 20 हजार रुपए वसूलने तथा प्रतिमाह 15 हजार की रंगदारी मांगने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके युवक को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मोहाल की निवासी पुष्पा पत्नी मुन्ना विश्वकर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि पैलानी मार्ग निवासी वीरू गुप्ता उर्फ वीरु जाली ने उसका बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है। जब भी वह बाहर आती जाती है तो वह पीछा करके भद्दे कमेंट्स कर अश्लील बातें करता है। पति की हत्या का भय दिखाकर 20 हजार रुपए ले चुका है। 15 हजार प्रतिमाह गुंडा टैक्स मांग रहा है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 308(5), 352, 75(3) 78(2) में रिपोर्ट दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

## मौदहा कोतवाली में समाधान दिवस, मासूम को वर्दी पहनाकर सम्मान

**मौदहा।** मण्डलायुक्त अजीत कुमार और डीआईजी राजेश एस. ने मौदहा कोतवाली में थाना समाधान दिवस में जनता की शिकायतें सुनीं। डीआईजी का यह एक महीने में तीसरा दौरा था, इससे पहले वह अलविदा जुमे और वक्फ बिल के बाद जुमे पर आए थे। भूमि विवाद, बिजली-पानी जैसे मामलों का निस्तारण हुआ। एक मासूम बच्चे को एक दिन की पुलिस वर्दी पहनाकर सम्मानित किया गया, जिसे लोगों ने सराहा।

## पूर्व मंत्री की बहू ने दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**सुमेरपुर (हमीरपुर)** पूर्व मंत्री वरिष्ठ सपा नेता बादशाह सिंह की बहू ने मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पति के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज कराया है। बहू का आरोप है कि पति तीन करोड़ नगदी के साथ एक फॉर्च्यूनर के लिए उसे प्रताड़ित कर रहे हैं।बादशाह सिंह जिले की मौदहा विधानसभा सीट से तीन बार विधायक रहे हैं। बसपा सरकार में यह कैबिनेट मंत्री थे। बसपा से बाहर आने के बाद यह कांग्रेस में रहे बाद में यह कांग्रेस छोड़कर सपा में शामिल हो गए थे। यह हमीरपुर सदर विधानसभा सीट से टिकट के प्रबल दावेदार हैं। महोबा जनपद के खरेला कस्बे के मूल निवासी बादशाह सिंह ने अपने पुत्र राजदेव सिंह का विवाह 2022 में किया था। इनकी बहू ने भोपाल के महिला थाने में पति के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज कराया है। बहू का आरोप है कि पति तीन करोड़ नगद तथा एक फॉर्च्यूनर कार के लिए उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। इस प्रकरण पर पूर्व मंत्री ने फिलहाल चुप्पी साध रखी है। मुकदमा दर्ज होने के बाद इसकी चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है।

# बसरेहर बी आर सी पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ विदाई समारोह



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** ऑल टीचर्स एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएसन(अटेवा)के तत्वाधान में आयोजित सेवानिवृत शिक्षक विदाई समारोह का आयोजन बी0आर0सी. सभागार बसरेहर में मुख्य अतिथि अटेवा जिलाध्यक्ष अजय कुमार यादव ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। विकास खंड के बेसिक शिक्षा परिषद से तीन शिक्षक शिक्षिकाएं व दो शिक्षा मित्रो की सेवानिवृत्ति हुई। जिमसें कैलाश नारायण यूपीएस लाखापुर कटरा, रन्नो देवी प्राथमिक विद्यालय नगला सीता, करुणा रानी गुप्ता यूपीएस भूटा एवं ताहर सिंह शिक्षा मित्र प्राथमिक विद्यालय रम्पुरा मूँज कुँवर सिंह शिक्षा मित्र प्राथमिक विद्यालय जाफराबाद प्रथम से सेवानिवृत्त हुये। सेवानिवृत्त शिक्षको एवं शिक्षामित्रों का मुख्य अतिथि एवं अटेवा जिलाध्यक्ष अजय ने फूलमालाओं से अभिवादन किया। मंच का संचालन मोहम्मद यूसुफ ने किया। कार्यक्रम मे जिला महामंत्री लवकुश जाटवानी जी एवं जिला पर्यवेक्षक राजेश जादौन जी ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर सभी सेवानिवृत्ति शिक्षकों का सम्मान किया। साथ ही सेवानिवृत्ति साथियों को उपहार भी भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आनंद मिश्रा, मोहम्मद आरिफ, उमाकांत, मो॰ वसीम, नरेंद्र सिंह देवेंद्र कुमार सुशील कुमार मो. मुस्तकीम मनोज शाक्य शशिकांत राठौर बृजेश कुमार, के के यादव आरती शाहिदा सिद्दीकी मीना यादव, साधना दिवाकर, वंदना रानी, ज्योत्सना यादव, मंजू रानी, मनोरमा, अखिलेश श्रीवास्तव ने सेवानिवृत्त हुए शिक्षिकाओं को जीवन के नवीन कार्यकाल के लिए बधाई दी। ब्लाक अध्यक्ष अटेवा मु0 इमरान ने कहा कि अटेवा ने जो सेवानिवृत्ति लोगों की विदाई का कार्य शुरु किया है वो अनवरत जारी रहेगा हमारे जो साथी रिटायर होते है उनका ब्लॉक स्तर से कोई विदाई समारोह नहीं होता था। अटेवा ने उन्हे इस वर्ष भी सम्मानित करने का काम किया है। कॉर्डिनेटर साथियो में यतेंद्र पाल, अरविन्द कुमार, उमाकांत दिवाकर, तपन यादव आदि साथियों ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया। टीम अटेवा बसरेहर के सभी पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अहम योगदान दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### श्री हनुमत्‌जन्मोत्सव पर निकाली गई ध्वज यात्रा



**सोनभद्र।** जनपद मुख्यालय मेन चौक माता शीतला मंदिर के निकट स्थित संकट हरण श्री सिद्ध हनुमान मंदिर पर श्री हनुमत् जन्मोत्सव समारोह शनिवार को उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया जायेगा। इस दौरान मेन चौक स्थित संकट हरण श्री सिद्ध हनुमान मंदिर से विशाल ध्वज यात्रा निकाली गई यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, ध्वज यात्रा मेन चौक ने नगर भ्रमण करते हुए पुनः मन्दिर पर ही समाप्त हुई यात्रा में भगवान राम दरबार की झांकी लोगों के लिए आकर्षक का केन्द्र रहा, बड़ी संख्या में साथ चल रहे श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था यात्रा के दौरान पुरे नगर में भक्ति मय माहौल व्याप्त रहा। सायं 7 बजे जन्मोत्सव आरती व रात्रि 8 बजे से भण्डारा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान यात्रा के संरक्षक राम जी मोदनवाल, कृष्ण मुरारी गुप्ता, अजय शुक्ला, सचिन कुमार गुप्ता, मोनू हर्ष केशरी,रिशु केशरी, उमेश केशरी (मखंचु), कौशल शर्मा, राजू गुप्ता संगम गुप्ता नरेन्द्र गर्ग,ठाकुर अग्रहरी, राजेश केशरी, लल्लन अग्रहरी,गोविन्द केशरी,संगीता गुप्ता,सरोज केशरी,रूबी गुप्ता समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### पीड़ितों के एप्लीकेशन की जांच कर तत्काल करें करवाई



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर आयोजित समाधान दिवस के अवसर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया साथ ही निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। इसी क्रम में समस्त राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारी द्वारा सम्बन्धित थानों पर थाना समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर कुछ का मौके पर निस्तारण किया गया तथा कुछ के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी सत्येंद्र राय,चौकी प्रभारी संजय सिंह,संतोष सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### सरकार की योजनाओं को हर घर पहुंचने का काम कर रहे कार्यकर्ता : अजीत रावत



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** विधानसभा रॉबर्ट्सगंज ग्राम पंचायत सफरीपूर राजस्व गांव कुरन में भारतीय जनता पार्टी संगठन के महत्वपूर्ण कार्यक्रम गांव चलो अभियान के अंतर्गत घर घर जाकर लाभार्थियों से संपर्क कर उनको सम्मानित वह पत्रक देकर उत्तर प्रदेश सरकार के 8 साल पूर्ण होने पर योजनाओं के बारे में बताया। ग्राम वासियों से अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत द्वारा किया जा रहा है श्री रावत ने बताया कि जब भी पार्टी का कोई भी दायित्व कार्यक्रम दिया जाता है पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पार्टी की सेवा घर-घर तक पहुंच कर करने का कार्य करते हैं। शनिवार को सरकार के 8 साल बेमिसाल योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाते हुए लोगों को योजनाओं का लाभ उठाने को भी किया गया प्रेरित। इस मौके पर मंडल महामंत्री सुभाष पाठक , राम अवतार , शिवम पांडे , क्षेत्र पंचायत सदस्य मंगल सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राम भरोसे , दिनेश पासवान कार्यकर्ता बंधु रहे।

### उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य 16 को महिला जनसुनवायी करेगी

**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती पूनम द्विवेदी द्वारा दिनांक 16/04/2025 को पूर्वाह्न 11 बजे सिंचाई गेस्ट हाउस के सभागार कक्ष में महिला जनसुनवायी की जायेगी। महिलायें अपनी समस्यायें सदस्य के समक्ष रख सकती हैं। जनसुनवायी के पश्चात सदस्य द्वारा जनपद में संचालित महिला अस्पताल, कस्तूरबा गांधी विद्यालय आदि का निरीक्षण भी करेगी।

## ज्योतिबा फुले की जयंती पर किया नमन

**आजमगढ़।** सपा सांसद लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक धर्मेंद्र यादव जनपद के विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत किया। पार्टी कार्यालय पर महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर आयोजित में उनके चित्र पर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उनके द्वारा जीवन काल में गरीबों पिछड़ों दलितों के लिए किए गए संघर्षो की चर्चा किया। उन्हें शिक्षा जगत का युग पुरुष बताया। समाजवादी पार्टी उनके बताए गए रास्ते पर चलकर समाज को जागृत कर उनके सपने को पूरा करने का काम करेगी। समाजवादी चिंतक जीएस प्रियदर्शी ने कहा कि यदि महात्मा ज्योतिबा फुले नहीं होते तो पिछड़ों दलितों और महिलाओं को पढ़ने का अधिकार नहीं मिलता उनके संघर्षो के बदौलत आज समाज का गरीब तबका आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में की अध्यक्षता हवलदर यादव ने किया।

# मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के जिला अध्यक्ष गणेश सिंह और महामंत्री विनोद शुक्ला मनोनीत

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति जनपद शाखा हमीरपुर की एक आवश्यक बैठक आज व्यायामशाला नगर पालिका हमीरपुर में प्रेमदत् दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित हुई। प्रदेश समिति के निर्देश पर पर्यवेक्षक के रूप में अनिल सोनी की देखरेख में सर्वसम्मति से उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति की जनपद शाखा हमीरपुर का गठन संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से गणेश सिंह को जिलाध्यक्ष तथा विनोद शुक्ला को महामंत्री चुना गया।

जिला इकाई हेतु वरिष्ठ पत्रकारों का एक संरक्षक मंडल गठित किया गया। जिसमें प्रेमदत्त दीक्षित एवं अनिल सोनी को संरक्षक बनाया गया। बैठक में सर्वसम्मति से वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवकुमार सेठी एवं कनिष्ठ उपाध्यक्ष लवलेश यादव एवं विनोद कुमार त्रिपाठी को चुना गया। मेहर मधुर निगम को कोषाध्यक्ष, संतोष चक्रवर्ती एवं हरिओम धुरिया को संगठन सचिव चुना गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष गणेश सिंह ने कहा कि उक्त संगठन को सुदृढ़ करने में निर्विरोध चुने गए पदाधिकारी एवं सदस्यगण महती भूमिका निभाएंगे। श्री सिंह ने कहा कि उक्त संगठन मान्यता प्राप्त पत्रकारों की समस्याओं को जनपद एवं प्रदेश स्तर पर उठाएगा। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मान्यता प्राप्त पत्रकारों को दिलाया जाएगा। और आगे कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले के सभी शेष मान्यता प्राप्त पत्रकार बंधु शीघ्र इस संगठन की सदस्यता ग्रहण करें। आगामी बैठक में संगठन को विस्तार दिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रेमदत्त दीक्षित ने कहा कि सभी के सामूहिक सहयोग से संगठन को मजबूती मिलती है। बैठक का संचालन कर रहे पर्यवेक्षक अनिल सोनी ने बैठक का समापन किया। अंत में महामंत्री विनोद शुक्ला ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रामलीला में धनुष यज्ञ का किया गया मंचन

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर (मुस्करा)** भरखरी में जवारा मेला के शुभ अवसर पर आयोजित दो दिवसीय रामलीला का भव्य अयोजन किया गया। धनुष यज्ञ रामलीला देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ एकत्रित हुई। जिसका शुभारंभ यज्ञ किशोर द्विवेदी ने भगवान राम व लक्ष्मण की आरती कर किया। धनुष टूटने के बाद लक्ष्मण परशुराम के बीच हुए तीखे संवाद को दर्शकों ने सुबह 10 बजे तक सुना।रामलीला में पहले दिन रामजन्म, ताड़का वध तक की लीला का मंचन किया गया। दूसरे दिन रात्रि में सीता स्वयंवर व धनुषयज्ञ का आयोजन किया गया। परशुराम की भूमिका मे डॉ0 सर्वेश द्विवेदी व लक्ष्मण की भूमिका मे प्रदीप पाण्डेय रहे। प्रदेश स्तरीय रामलीला के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा मंचन किया गया।इस मौके पर देवेन्द्र कुमार द्विवेदी, हरीश पालीवाल, द्रगपाल यादव, हरिमाधव मिश्र,अवनीश पाण्डेय, अभिनय सिंह राठौर, पुष्पेंद्र यादव, अवधेश पाठक,सुनील द्विवेदी, धीरेंद्र यादव,सत्य प्रकाश पाठक, ध्रुव सिंह परिहार,रामजी पाठक,संदीप दुबे, शैलेन्द्र द्विवेदी, तेजप्रताप यादव, आकाश यादव, अरविन्द अनुरागी, प्रधान प्रतिनिधि चतुर्भुज प्रजापति सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पीटी फुंकने से कस्बे सहित क्षेत्र के गावों में अंधेरा

**अवधनामा संवाददाता**

**सुमेरपुर (हमीरपुर)** बीती रात आई तेज आंधी से कस्बे के 132 केवी पावर हाउस में पीटी फूंक जाने से कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों के सब स्टेशनों की आपूर्ति ठप होने से 50 से अधिक गांवों में अंधेरा छा गया। कस्बे की आपूर्ति सुबह बहाल हो गई लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों के सब स्टेशनों की आपूर्ति 14 घंटे गुजरने के बाद भी बहाल नहीं हुई थी। लोग गर्मी से परेशान रहे।

बीती रात 1:00 बजे आई तेज आंधी और गरज चमक के कारण कस्बे के 132 केवी पावर हाउस में लगी पीटी फुंक गई। सुबह 6:30 कस्बे की आपूर्ति को बहाल कर दिया गया। इसके बाद 132 केवी पावर हाउस में पीटी बदलने का कार्य विद्युत कर्मियों ने शुरू किया। करीब 2:00 बजे सुमेरपुर द्वितीय (चंद्रपुरवा गेट) पावर हाउस की आपूर्ति बहाल की गई। इसकी आपूर्ति शुरू होते ही इंगोहटा, अछरेला, बहरेला आदि गांव की सप्लाई चालू हुई। विदोखर सब स्टेशन की आपूर्ति बहाल करने की जद्दोजहद जारी थी। विदोखर की आपूर्ति ठप होने से बण्डा, मवई जार, चंदौलीजार, नदेहरा, पलरा, विदोखर पुरई, विदोखर मेंदनी में 14 घंटे बाद बिजली नहीं पहुंची थी। ग्रामीण गर्मी से परेशान थे। पीटी फुंकने से रात में दो दर्जन से ज्यादा गांवों के साथ कस्बे की आपूर्ति बाधित हुई थी। विद्युत कर्मियों ने तड़के से ही मरम्मत कार्य शुरू करके सबसे पहले कस्बे की आपूर्ति शुरू की। कस्बे की आपूर्ति शुरू होते ही इससे जुड़े गांव भी बहाल हो गए। इसके बाद दिनभर मरम्मत कार्य जारी रहा और शाम तक आपूर्ति समान्य हो सकी।विद्युत वितरण उपकेंद्र के अवर अभियंता कार्तिकेय त्रिपाठी ने बताया कि 132 केवी पावर हाउस में पीटी जलने से कस्बा सहित सुमेरपुर द्वितीय, विदोखर पावर हाउस की आपूर्ति बाधित हुई थी। सुबह मरम्मत कराकर कस्बे की आपूर्ति बहाल कर ली गई थी। दोपहर बाद सुमेरपुर द्वितीय एवं विदोखर की आपूर्ति भी चालू करा दी गई है। आंधी के कारण समस्या खड़ी हुई थी।

# मण्डलायुक्त ने मौदहा में किया औचक निरीक्षण, लापरवाही पर जताई नाराजगी

**हिफजुर्रहमान**



**मौदहा हमीरपुर।** चित्रकूटधाम मण्डल बाँदा के मण्डलायुक्त अजीत कुमार ने शनिवार को मौदहा कस्बे में पुलिस थाना, गेहूं क्रय केन्द्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र, बाँदा और अपर आयुक्त (द्वितीय), चित्रकूटधाम मण्डल भी मौजूद रहे।

**पुलिस थाने में सख्त निर्देश–** मण्डलायुक्त ने मौदहा थाने में गंभीर अपराधों की एफआईआर में देरी न करने और अपराधियों पर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों के साथ शालीन व्यवहार और उनकी समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर दिया। महिला अपराधों पर त्वरित कार्रवाई के लिए भी सख्त हिदायत दी।

**गेहूं क्रय केन्द्रों पर अव्यवस्था से नाराजगी–** पीसीएफ और राजकीय गेहूं क्रय केन्द्रों पर क्रमशः 6000 और 6127 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है, और 48 घंटे में किसानों को भुगतान भी किया जा रहा है। लेकिन, दोनों केन्द्रों पर गेहूं गोदाम तक पहुंचाने के लिए केवल एक-एक वाहन होने से भंडारण अव्यवस्थित पाया गया। मण्डलायुक्त ने पीसीएफ जिला प्रबंधक और जिला खाद्य विपणन अधिकारी, हमीरपुर को तत्काल अतिरिक्त वाहन लगाने के निर्देश दिए।

**स्वास्थ्य केन्द्र में सफाईकर्मियों की कमी–** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मौदहा में डॉक्टर, दवाएं और उपकरण पर्याप्त हैं, लेकिन सफाई के लिए केवल एक कर्मचारी तैनात है, जबकि तीन की जरूरत है। मण्डलायुक्त ने मुख्य चिकित्साधिकारी, हमीरपुर को शीघ्र अतिरिक्त सफाईकर्मी तैनात करने का आदेश दिया।

**जनहित में लापरवाही बर्दाश्त नहीं–** मण्डलायुक्त ने स्पष्ट किया कि शासन की जनहितकारी योजनाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशीलता, सजगता और ईमानदारी के साथ दायित्व निभाने की अपेक्षा की।

## अजय शेखर सम्मान 2025 डा0 लखन राम जंगली को

**सोनभद्र।** आग्नेय (गोंडी) एवं हिन्दी के कवि, आयुर्वेद के कुशल चिकित्सक तथा समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता डाक्टर डाक्टर लखन राम जंगली को वर्ष 2025 का अजय शेखर सम्मान प्रदान किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए विचार मंच के संयोजक नरेंद्र नीरव व राष्ट्रीय संचेतना समिति के संयोजक जगदीश पंथी ने बताया कि दिनांक 13 अप्रैल दिन रविवार को दोपहर 1 बजे से जनपद मुख्यालय स्थित आदर्श नगर पालिका परिषद के सभागार में आयोजित पुस्तक विमोचन व सम्मान समारोह के दौरान आग्नेय गोंडी एवं हिन्दी के कवि आयुर्वेद के कुशल चिकित्सक तथा समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता डाक्टर लखन राम जंगली को अजय शेखर सम्मान 2025 प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर भू-वैज्ञानिक प्रोफेसर नागेश्वर दूबे की पुस्तक अगोरी की मंजरी एवं चर्चित युवा कवि प्रभात कुमार चौरसिया के नूतन काव्य संकलन बारिशें धूप की होती रही का विमोचन के साथ ही विचार गोष्ठी का आयोजन होगा। ज्ञातव्य है कि इनके पूर्व अजय शेखर सम्मान कमलेश कमल अख्तर अली, जितेंद्र जौहर, पं.पारसनाथ मिश्र तथा श्याम किशोर जायसवाल को प्रदान किया गया है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजनीति के मायने बदल दिए : चौधरी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी मोदी-योगी सरकार का लेखा-जोखा लेकर शनिवार को बाराबंकी जिले के ख़सपरिया गांव पहुंचे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि 2014 में देश की बागडोर संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजनीति के मायने बदल दिए हैं। राष्ट्र सर्वोपरि का भाव लिए भाजपा सरकार सेवा, सुशासन और जन कल्याण को समर्पित है। चौधरी ने गांव में स्थित मत्थेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना करके आशीर्वाद लिया। स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल हुए। बूथ संख्या 212 एवं 213 की कमेटी के साथ विभिन्न अभियानों पर चर्चा की। योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया। मंदिर परिसर में आयोजित चौपाल के दौरान ग्रामीणों से संवाद किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि मोदी-योगी सरकारों ने भारतीय संस्कृति एवं विरासत का गौरव बढ़ाया है। अब कांवड़ यात्रा पर पुष्प वर्षा होती है। उन्होंने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण व विंध्याचल कॉरिडोर के निर्माण को सनातन संस्कृति के पुनरोत्थान का अहम पड़ाव बताया। उन्होंने महाकुंभ के ऐतिहासिक आयोजन को देश के करोड़ों सनातनियों के एकता का महाकुंभ कहा। उन्होंने विरोधी पार्टियों पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि वामपंथ एवं कांग्रेस सहित सभी विपक्षी पार्टियों के मूल में विदेशी विचारधारा है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल हमेशा दंगाइयों और आतंकवादियों के साथ खड़ी दिखते है। आतंकियों एवं दंगाइयों के केस वापस लेने के लिए उन्होंने सपा और कांग्रेस को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा मोदी-योगी सरकार में आतंकियों, दंगाइयों एवं माफियाओं के हौसले पस्त हैं।चौधरी ने सपा के पीडीए को छलावा कहते हुए सपा को परिवारवादी पार्टी कहा। उन्होंने कहा भाजपा सामाजिक समरसता और सद्भाव की हिमायती है। सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र पर काम करते हुए सरकार ने बिजली, सड़क, सुरक्षा सहित सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व काम किया है, जिसके चलते 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला जा सका है। बिना किसी भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ गरीबों तक पहुंचा रहा है।

## ग्राम चौपालों में 04 लाख 93 हजार से अधिक समस्याओं का निस्तारण

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या -गांव में समाधान)का आयोजन किया जा रहा है,और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है।सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है।

# भाजपा ने चलाया गांव चलो, गली चलो, वार्ड चलो अभियान

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस अभियान के तहत गांव, गली व वार्ड में घर-घर दस्तक देकर मोदी सरकार व योगी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जनता तक पहुंचा रही है। गांव चलो, गली चलो, वार्ड चलो अभियान के अन्तर्गत शनिवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बाराबंकी सदर विधानसभा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने सीतापुर जिले की महौली विधानसभा, पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने बदायूं जिले की बिल्सी व बरेली जिले की बिथरी चैनपुर विधानसभा, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कुशीनगर जिले की पड़रौना विधानसभा, ब्रजेश पाठक ने अयोध्या जिले की रूदौली विधानसभा, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने सुलतानपुर जिले की इसौली विधानसभा तथा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. महेन्द्र नाथ पाण्डेय ने चंदौली जिले की सैयदराजा विधानसभा में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों के साथ संपर्क व संवाद किया।प्रदेश महामंत्री एवं अभियान के प्रदेश संयोजक संजय राय ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस अभियान के तहत हर गांव, गली व वार्ड में हर घर तक पहुंचकर मोदी सरकार व योगी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को पहुंचा रही है। गांव चलो, गली चलो, वार्ड चलो अभियान के अन्तर्गत रविवार 13 अप्रैल को पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री राधामोहन दास अग्रवाल गाजियाबाद जिले की साहिबाबाद विधानसभा, प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना शाहजहांपुर सदर विधानसभा, गुलाब देवी बदायूं विधानसभा, जसवंत सैनी बागपत सदर विधानसभा, मयंकेश्वर शरण सिंह रायबरेली जिले की तिलोई विधानसभा, विजय लक्ष्मी गौतम देवरिया जिले की सलेमपुर विधानसभा में गांव चलो, गली चलो, वार्ड चलो अभियान के तहत घर-घर संपर्क करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां व ऐतिहासिक निर्णय लोक दरबार में लेकर पहुंचेगे।

## वृंदावन कॉलोनी में 'तार्रुफ़' प्रोग्राम का आयोजन



**लखनऊ।** बीते दिन वृंदावन कॉलोनी 11A/148 में 'तार्रुफ़' प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें दरजो लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम की सदारत मौलाना सलमान हसनी नदवी और आईएएस अब्दुल समद ने की, जबकि जस्टिस अब्दुल कादिर और डॉ. शमीम ने निज़ामत संभाली। मौलाना सलमान हसनी नदवी ने इस्लाम, अल्लाह की इबादत और इंसानियत की खिदमत पर व्यापक बयान दिया। आईएएस अब्दुल समद ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए स्कूल-कॉलेज स्थापित करने की बात कही। जस्टिस अब्दुल कादिर ने कक्षा आठ के बाद लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करने और वोकेशनल ट्रेनिंग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डॉ. शमीम ने बेटियों की शिक्षा को दो परिवारों के शिक्षित होने का आधार बताया। मौलाना सलमान ने दुआ के बाद सभी को अपने संस्थान जामिया सय्यद अहमद शहीद, मलिहाबाद कटौली आने का न्योता दिया। मशविरा हुआ कि ऐसे आयोजन नियमित होने चाहिए। अंत में, मेजबान आरिफ ने सभी मेहमानों का आभार जताया।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को बैसाखी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैसाखी पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि बैसाखी का त्योहार हमारी गौरवशाली परम्परा एवं समृद्ध विरासत का प्रतीक है। नई फसल के कटने से जुड़ा यह त्योहार हमारे देश की कृषक परम्पराओं और समृद्ध संस्कृति का भी परिचायक है। बैशाखी के दिन दसवें सिख गुरु गोबिन्द सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। यह दिन भारत के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े उत्साह से अलग-अलग त्योहारों के रूप में मनाया जाता है। यह सभी त्योहार नव वर्ष के आगमन के प्रतीक हैं।मुख्यमंत्री जी ने कामना की है कि हर्ष और उल्लास का पर्व बैसाखी सभी के जीवन में समृद्धि और प्रसन्नता लाए।

## सीनियर पत्रकार शकील रिज़वी को सदमा, सास का निधन

**लखनऊ।** अवधनामा के सीनियर सदस्य काज़िम रज़ा उर्फ़ शकील रिजवी की सास का आज उनके निवास पर लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनकी उम्र लगभग 85 वर्ष थी। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले उन्हें सांस की समस्या हुई थी, जिसके बाद उन्हें एरा अस्पताल और सनराइज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। वे अपने घर पर थीं, जब आज शाम लगभग पाँच बजे उनका इंतेकाल हो गया। यह खबर मिलते ही रिश्तेदारों और दोस्तों में शोक की लहर दौड़ गई। मौलाना मुरीद हुसैन कश्मीरी की पत्नी और अवधनामा के सीनियर पत्रकार शकील राजवी की सास थीं। वह अपने एक बेटी और दो बेटे (सभी शादीशुदा) हैं छोड़ गईं। जानकारी के अनुसार तदफीन कल (रविवार) सुबह 9 बजे इमामबाड़ा ग़फ़रान माब में होगी।

# सी.एम.एस. राजाजीपुरम में नवनिर्मित प्राइमरी ब्लाक का सांसद ने किया उद्घाटन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस में प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी छात्रों के लिए विशेष रूप से नवनिर्मित प्राइमरी ब्लाक का भव्य उद्घाटन आज सायं मुख्य अतिथि डा. महेन्द्र सिंह, सांसद, राज्यसभा, ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में डा. महेन्द्र सिंह ने कहा कि शिक्षा मात्र किताबों तक ही सीमित नहीं है अपितु यह व्यक्तिगत जीवन और पूरे समाज, दोनों के लिए रचनात्मक बदलाव की भूमिका को तय करती है, ऐसे में यह नवीन भवन सी.एम.एस. संस्थापक स्व. डा. जगदीश गाँधी के दूरदर्शी विचारों की झलक प्रस्तुत करता है। डा. जगदीश गाँधी जी का सदैव यही प्रयास रहा कि हर बच्चा न सिर्फ ज्ञानवान बने अपितु संस्कारवान, जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक के रूप में विकसित हो। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह नवीन भवन स्व. गाँधी जी के विचारों को मूर्तरूप प्रदान करने में महती भूमिका निभायेगा। इससे पहले, मुख्य अतिथि व अन्य



गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत-अभिनंदन करते हुए सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि सी.एम.एस. छात्रों के सर्वांगीण विकास एवं शिक्षा को एक नया आयाम देने के लिए पूरी तरह संकल्पित है और इन्हीं प्रयासों के तहत इन प्राइमरी ब्लाक का निर्माण किया गया है। वर्तमान दौर में भावी पीढ़ी को आधुनिक तरीके से शिक्षा प्रदान करना बहुत जरूरी है ताकि वो विश्व बिरादरी के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकें। नवनिर्मित प्राइमरी ब्लाक के उद्घाटन अवसर पर सी.एम.एस. छात्रों ने एक से बढ़कर एक शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की इन्द्रधनुषी छटा प्रदर्शित कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस भव्य समारोह में सी.एम.एस. के बड़ी संख्या में शिक्षकों, छात्रों व अभिभावकों ने गरिमापूर्ण उपस्थिति दर्ज करायी एवं प्री-प्राइमरी व प्राइमरी कक्षाओं के छात्रों हेतु विशेष रूप से प्राइमरी ब्लाक के निर्माण हेतु सी.एम.एस. प्रबन्धन को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या श्रीमती निशा पाण्डेय ने कहा कि छात्रों को क्वालिटी शिक्षा प्रदान करने में इस प्रकार के प्रयास निश्चित ही मददगार साबित होंगे। उन्होंने अभिभावकों के सहयोग हेतु हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया।

# भाषा विश्वविद्यालय: बी.टेक बायोटेक्नोलॉजी विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के जैव प्रौद्योगिकी अभियांत्रिकी विभाग द्वारा बी.टेक बायोटेक्नोलॉजी (छठा सेमेस्टर) के विद्यार्थियों के लिए 12 अप्रैल 2025 को करियर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, लखनऊ में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण, पाठ्यक्रम के व्यावहारिक पक्ष को सुदृढ़ करने हेतु किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को चिकित्सा जैव प्रौद्योगिकी एवं अस्पताल आधारित नैदानिक प्रक्रियाओं की प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करना था।

विद्यार्थियों ने भ्रमण के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से संवाद स्थापित किया तथा नैदानिक जैव प्रौद्योगिकी, जैव-चिकित्सकीय उपकरणों, पैथोलॉजी प्रयोगशालाओं एवं अनुसंधान-नैदानिक विभागों में प्रयुक्त आधुनिक तकनीकों को प्रत्यक्ष रूप से अवलोकित किया। विशेष रूप से, आणविक तकनीकों के माध्यम से रोगों के निदान एवं प्रबंधन की प्रक्रियाएं छात्रों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक सिद्ध हुई। इस शैक्षणिक भ्रमण का समुचित संचालन डॉ. इफ़्फ़त अज़ीम एवं इं. राशी श्रीवास्तव, सहायक आचार्य, जैव प्रौद्योगिकी अभियांत्रिकी विभाग, के निर्देशन में संपन्न हुआ। दोनों शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन एवं समन्वय से यह भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विभागाध्यक्ष डॉ. आर.के. त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित इस भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के व्यावहारिक अनुप्रयोग का सजीव अनुभव प्राप्त हुआ। उन्होंने ऐसे शैक्षणिक उपक्रमों को विद्यार्थियों के समग्र शैक्षणिक विकास एवं व्यावसायिक दक्षता में वृद्धि हेतु अत्यंत आवश्यक बताया। साथ ही सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए































